Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

Page 09

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



खेल

**संजू सैमसन को कहा 'दुखी मत हो', रोहित शर्मा ने खोला वायरल बातचीत का राज**

देश

**राजस्थानियों का प्यार ही मेरे लिए सबसे बड़ा पद : पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे**




कृष्ण पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • सोमवार • 09 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 96 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,50,000 | ₹ 2,85,000 |



## आज का इतिहास

**1951 :** भारत का पहला वित्तीय डेली समाचार पत्र 'द इकोनोमिक टाइम्स' टाइम्स आफ इंडिया समूह द्वारा बॉम्बे में लॉन्च हुआ।

**2009 :** भारतीय वायुसेना को तीन दशक तक अपनी सेवाएँ देने के बाद स्विंग-विंग लड़ाकू विमान मिग-23 ने अन्तिम उड़ान भरी।

## न्यूज बाइट्स

### डेढ़ लाख स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं की प्रोत्साहन राशि अटकी

**पटना (नि.सं.)।** राज्य में स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान अब तक नहीं हो सका है। करीब डेढ़ लाख छात्राएं 50-50 हजार रुपये की राशि मिलने का इंतजार कर रही हैं। वित्त विभाग की ओर से इसके लिए 750 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दी जा चुकी है, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग की प्रक्रिया में देरी के कारण राशि का वितरण अटका हुआ है। बताया जा रहा है कि छात्राओं के बैंक खाते में राशि भेजने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने लगभग सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। इसके बावजूद राशि की निकासी नहीं हो पा रही है। आशंका जताई जा रही है कि यदि जल्द निकासी नहीं हुई तो यह राशि मार्च क्लोजिंग के कारण अटक सकती है। ऐसे में छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के लिए और अधिक इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, इस योजना के तहत विभिन्न विश्वविद्यालयों से स्नातक उत्तीर्ण कुल 5 लाख 78 हजार छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 1 लाख 98 हजार छात्राओं के खाते में सितंबर के अंत तक प्रोत्साहन राशि भेजी जा चुकी है। अब शेष बची 3 लाख 80 हजार छात्राओं को भुगतान किया जाना है। हालांकि वित्त विभाग द्वारा फिलहाल 750 करोड़ रुपये ही स्वीकृत किए गए हैं, जिसके आधार पर लगभग डेढ़ लाख छात्राओं को ही प्रोत्साहन राशि दी जा सकेगी। जिन छात्राओं के प्रमाणपत्र विश्वविद्यालयों द्वारा सत्यापित किए गए हैं, उन्हें ही यह राशि मिलेगी। बाकी करीब दो लाख छात्राओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा

# 28 करोड़ से अधिक जनधन खाते महिलाओं के नाम, नए भारत में बढ़ रही उनकी भागीदारी

• योजना का लक्ष्य महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपये या उससे अधिक आय अर्जित करने में सक्षम बनाना है।

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्तीय सेवाओं तक बढ़ती पहुंच ने महिलाओं को वास्तविक आर्थिक स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि देश में 28 करोड़ से अधिक जनधन खाते महिलाओं के नाम हैं, जो उनकी आर्थिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता को मजबूत कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि जनधन खाता और "लखपति दीदी" जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं और देशभर में परिवारों तथा समुदायों के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं।

जन धन योजना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अब तक देश में कुल 57.71 करोड़ जनधन खाते खोले जा चुके हैं। इनमें बड़ी संख्या में खाते महिलाओं के नाम हैं, जिससे उन्हें बैंकिंग सेवाओं, बचत और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। वहीं लखपति दीदी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि वे सालाना एक लाख रुपये या उससे अधिक की आय अर्जित कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि "नारी शक्ति" नए भारत के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार महिलाओं के लिए हर क्षेत्र में अवसर बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

गोयल ने कहा कि महिलाएं उद्यमिता, खेल, रक्षा, विज्ञान और ग्रामीण विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ भारत के परिवर्तन का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की आकांक्षाओं को समर्थन देने और देश के विकास में उनकी भूमिका को और मजबूत करने का आह्वान किया।

## दुनिया में सिर्फ भारत में नारी को माना गया भगवान : प्रधानमंत्री



एजेंसी | नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पुराना बयान सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है। इस वीडियो में उन्होंने कहा था कि भारत की परंपरा में नारी को हमेशा सर्वोच्च स्थान दिया गया है और दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश या सभ्यता हो जहां स्त्री को देवी का स्वरूप माना गया हो। यह वीडियो वर्ष 2003 का बताया जा रहा है, जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 'मोदी आर्काइव' नामक सोशल मीडिया हैंडल ने इस वीडियो को साझा किया है।

अपने संबोधन में मोदी ने कहा था कि दुनिया की कुछ पुरानी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को महिलाओं को वोट देने का अधिकार देने में एक सदी से अधिक समय लग गया, जबकि भारत ने स्वतंत्रता के साथ ही 1947 में महिलाओं को मताधिकार दे दिया था। उन्होंने कहा था कि भारतीय परंपरा में नारी को अंबा, दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी के रूप में पूजनीय माना जाता है। भारत की संस्कृति ने स्त्री को कभी भी दोयम दर्जे का नहीं माना, बल्कि उसे शक्ति और सृजन का प्रतीक माना है। पोस्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि उस समय नरेंद्र मोदी ने यह सवाल उठाया था कि महिलाओं की शक्ति केवल परिवार तक सीमित क्यों रहे। उन्होंने कहा था कि महिलाओं की भागीदारी ग्राम सभा से लेकर उन सभी मंचों तक होनी चाहिए जहां महत्वपूर्ण फैसले लिए जाते हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि महिलाएं अपने दृढ़ संकल्प, रचनात्मकता और ऊर्जा के साथ भारत की प्रगति को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की उपलब्धियां देश को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूत बनाती हैं।

# नीतीश के बेटे निशांत कुमार ने थामा जेडीयू का दामन

**कहा - पापा पर भरोसा रखिए, उनके काम को आगे ले जाऊंगा**

निज संवाददाता | पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने रविवारको औपचारिक रूप से जनता दल (यूनाइटेड) की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें सदस्यता दिलाई, जबकि वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने उन्हें पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद नहीं रहे। सदस्यता लेने के बाद निशांत कुमार ने ललन सिंह और संजय झा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे पार्टी के लिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके पिताजी ने पिछले 20 वर्षों में बिहार के विकास के लिए जो काम किए हैं, वे उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्यसभा जाने का फैसला उनके पिताजी का है और बिहार व देश की जनता से अपील की कि वे नीतीश कुमार पर अपना विश्वास बनाए रखें।

कार्यक्रम के दौरान निशांत कुमार ने अपने पिता की शैली में हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन किया। वे सफेद कुर्ता और क्रॉक्स चप्पल पहनकर कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने "नीतीश कुमार जिंदाबाद" और "निशांत कुमार जिंदाबाद" के नारे लगाए। कुछ कार्यकर्ता "बिहार का सीएम कैसा हो, निशांत कुमार जैसा हो" के नारे भी लगाते नजर आए। इससे पहले जब निशांत कुमार की गाड़ी जदयू कार्यालय पहुंची तो कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी।



### निशांत कुमार ने अपने संबोधन में कहा

**1. जेडीयू को मजबूत बनाने के लिए करेंगे काम**

निशांत कुमार ने कहा कि वह जेडीयू को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में प्रयास करेंगे।

**2. नीतीश कुमार के निर्देश पर करेंगे काम**

उन्होंने साफ कहा कि वे अपने पिता नीतीश कुमार के मार्गदर्शन और निर्देश के अनुसार काम करेंगे और उनकी नीतियों को आगे बढ़ाएंगे।

**3. निशांत ने कहा- पिता पर गर्व**

निशांत कुमार ने कहा कि उन्हें अपने पिता के काम पर गर्व है और बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश के लोगों को भी उनके कार्यों पर गर्व महसूस होता है।

**4. राज्यसभा जाने के फैसले का किया सम्मान**

निशांत कुमार ने कहा कि उनके पिता के राज्यसभा जाने के निर्णय का वे सम्मान करते हैं और इसे पूरी तरह स्वीकार करते हैं।

**5. जनता के दिल में जगह बनाने की इच्छा**

निशांत कुमार ने कहा कि जैसे नीतीश कुमार ने 20 साल तक बिहार की सेवा की है, वैसे ही वे भी जनता के दिल में जगह बनाने और लोगों की सेवा करने की कोशिश करेंगे।

# पटना में बिहार–पटना म्यूजियम के बीच अंडरग्राउंड टनल निर्माण शुरू, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

निज संवाददाता | पटना



बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम को जोड़ने वाली अंडरग्राउंड टनल के निर्माण कार्य की शुरुआत रविवार को हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार म्यूजियम पहुंचकर टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) का बटन दबाकर परियोजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने करीब 500 मीटर पैदल चलकर निर्माण कार्य की तैयारियों का निरीक्षण भी किया। अधिकारियों ने उन्हें बार-बार गाड़ी में बैठने का अनुरोध किया, लेकिन मुख्यमंत्री पैदल ही निरीक्षण करते रहे।

करीब 1.5 किलोमीटर लंबी इस टनल का निर्माण 542 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। टनल की खुदाई के लिए टनल बोरिंग मशीन जनवरी में सिंगापुर से मंगाई गई थी, जिसे दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की देखरेख में पटना लाकर असेंबल किया गया। यह सुरंग बिहार म्यूजियम से शुरू होकर पटना म्यूजियम, विद्यापति मार्ग, तारामंडल क्रॉसिंग, इनकम टैक्स गोलंबर और पटना विमेंस कॉलेज के आसपास के क्षेत्र से होकर गुजरेगी। दो संग्रहालयों को जोड़ने वाली यह अपनी तरह की देश की पहली सुरंग मानी जा रही है।

सुरंग पूरी तरह वातानुकूलित होगी और इसके दोनों सिरों पर लिफ्ट की व्यवस्था की जाएगी। पैदल चलने वालों के लिए सीढ़ियां और पैदल पथ भी बनाए जाएंगे, जबकि टनल के भीतर बैटरी चालित गोल्फ कार चलाने की भी योजना है, ताकि पर्यटक आसानी से एक म्यूजियम से दूसरे म्यूजियम तक पहुंच सकें। इस टनल को आर्ट गैलरी के रूप में भी विकसित किया जाएगा। सुरंग की दीवारों पर मधुबनी पेंटिंग्स सहित बिहार की कला, संस्कृति, विरासत और भित्तिचित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। एंट्री और एग्जिट बिल्डिंग में भूतल और प्रथम तल के साथ तीन स्तर का बेसमेंट भी बनाया जाएगा।

यह टनल जमीन से करीब 15 से 20 मीटर नीचे बनेगी। वहीं, नेहरू पथ के पास इसका क्रॉसिंग प्वाइंट पटना मेट्रो की सुरंग से होगा। इस कारण मेट्रो की सुरंग जमीन से करीब 29 मीटर नीचे से गुजरेगी। दोनों सुरंगों के बीच लगभग 6.5 मीटर की दूरी रखी जाएगी। परियोजना के पूरा होने के बाद बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी और पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बिहार बोर्ड इंटर रिजल्ट जल्द होगा जारी टॉपर को मिलेगा दो लाख रुपये इनाम

निज संवाददाता | पटना



बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की ओर से इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा 2026 का रिजल्ट जल्द जारी किए जाने की संभावना है। बोर्ड ने कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य तेज कर दिया है और अब तक लगभग 50 प्रतिशत कॉपियों की जांच पूरी हो चुकी है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि मार्च के तीसरे या चौथे सप्ताह तक परिणाम घोषित किया जा सकता है। इस वर्ष बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन 2 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक राज्य भर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। परीक्षा में लाखों छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे, जो अब अपने रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं।

रिजल्ट जारी होने के साथ ही बोर्ड टॉपर्स की सूची भी जारी करेगा। राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी इंटर परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र को दो लाख रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को डेढ़ लाख रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

इसके अलावा टॉपर्स को लैपटॉप, किंडल ई-बुक रीडर, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को 30-30 हजार रुपये, लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किए जाएंगे। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र-छात्राएं बिहार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट results.biharboardonline.com पर जाकर अपना परिणाम देख सकेंगे। इसके लिए उन्हें रोल नंबर और अन्य आवश्यक विवरण दर्ज करना होगा। बोर्ड की ओर से रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से जारी किया जाएगा।

बिहार पुलिस के आधुनिकीकरण की पहल

# 50 ड्रोन खरीदे जाएंगे, 24.50 करोड़ रुपये स्वीकृत : सम्राट

• ड्रोन का उपयोग भीड़ नियंत्रण, अपराध निगरानी और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के लिए किया जाएगा।

निज संवाददाता | पटना



बिहार में पुलिस व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य सरकार ने पुलिस बल के लिए 50 ड्रोन खरीदने का निर्णय लिया है। इसके लिए गृह विभाग ने लगभग 24.50 करोड़ रुपये खर्च करने की मंजूरी दे दी है।

उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि पुलिस बल को आधुनिक तकनीक से लैस करने के उद्देश्य से ड्रोन तकनीक को शामिल किया जा रहा है। इन ड्रोन का उपयोग भीड़ नियंत्रण, अपराध की निगरानी, नदी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और संवेदनशील इलाकों में अभियान चलाने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के दौरान भी ड्रोन तकनीक काफी उपयोगी साबित होगी। कई बार ऐसे इलाके होते हैं जहां सामान्य तरीके से निगरानी करना मुश्किल होता है। ऐसे स्थानों पर ड्रोन के जरिए हवाई निगरानी कर स्थिति की सटीक जानकारी हासिल की जा सकेगी। सरकार का मानना है कि ड्रोन के उपयोग से पुलिस को समय पर सटीक सूचना मिलेगी, जिससे अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

# समृद्धि यात्रा पर निकलेंगे सीएम नीतीश कुमार, पांच दिनों में 10 जिलों का करेंगे दौरा

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 मार्च से 14 मार्च तक तीसरे चरण की समृद्धि यात्रा पर निकलेंगे। इस दौरान वे पांच दिनों में राज्य के 10 जिलों का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण करेंगे और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से रविवार को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना, मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा और अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण करेंगे।



साथ ही कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री हर दिन दो जिलों का दौरा करेंगे। एक जिले में पूर्वाह्न और दूसरे जिले में अपराह्न में कार्यक्रम निर्धारित रहेगा। यात्रा के पहले दिन 10 मार्च को वे सुपौल और मधेपुरा जाएंगे। 11 मार्च को अररिया और किशनगंज, 12 मार्च को पूर्णिया और कटिहार, 13 मार्च को सहरसा और खगड़िया तथा 14 मार्च को बेगूसराय और शेखपुरा में समृद्धि यात्रा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री 10, 11 और 12 मार्च को मधेपुरा में रात्रि विश्राम करेंगे।

# शिक्षा की मशाल जलाने वाली 230 शिक्षिकाओं को मिला नारी शक्ति सम्मान

निज संवाददाता | पटना

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने आईएमए हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में शिक्षा की मशाल जलाकर अशिक्षा को दूर करने वाली प्रदेश की 230 महिला शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पटना विवि की कुलपति डॉ. नमिता सिंह के दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जदयू की पूर्व प्रवक्ता अंजुम आरा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि अभी महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी भूमिका समाज को नई दिशा दे रही हैं। साध्वी लक्ष्मी माता और डॉ. अंजली ने नारी सशक्तीकरण पर विचार रखते हुए कहा कि बिहार में पहली बार ऐसा आयोजन हुआ है, जिसमें लगभग हर जिले से शिक्षिकाएं शामिल हुई हैं, जो महिलाओं के सशक्त और सक्षम होने को दर्शाता है।

15 से अधिक जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

# बिहार में बदलेगा मौसम : 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी हवा

• 9 मार्च से 10 मार्च सुबह तक 30–40 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है।

निज संवाददाता | पटना



बिहार में मौसम का मिजाज बदलने के संकेत हैं। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने राज्य के कई जिलों में वज्रपात, मेघगर्जन और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है। यह अलर्ट 9 मार्च से 10 मार्च की सुबह तक प्रभावी रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर और पूर्वी बिहार के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ तेज हवा और बिजली गिरने की संभावना है। जिन जिलों में मौसम का असर देखने को मिल सकता है उनमें सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, कटिहार, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, जमुई और बांका शामिल हैं। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

वहीं पश्चिम और दक्षिण बिहार के जिलों में फिलहाल किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है। इनमें पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय और बेगूसराय शामिल हैं।

तापमान की बात करें तो रविवार को बिहार का सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस सहरसा के अगवानपुर में दर्ज किया गया। राजधानी पटना में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

पटना के लिए अगले चार दिनों का पूर्वानुमान भी जारी किया गया है। 9 मार्च को आंशिक बादल छाए रहने और तापमान 23 से 33 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। 10 मार्च को भी आंशिक बादल बने रहेंगे और तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। 11 मार्च को आसमान में बादलों की मात्रा बढ़ सकती है, जबकि 12 मार्च को फिर से आंशिक बादल रहने की संभावना जताई गई है।

# 40 हजार सैलरी वाले इंजीनियर के पास मिले 42 लाख

**कहा- सारा पैसा मेरा नहीं, होली के बाद बड़े अफसरों को देना था**

निज संवाददाता | बेतिया

बेतिया के जिला शिक्षा कार्यालय में तैनात संविदा पर कार्यरत असिस्टेंट इंजीनियर रौशन कुमार को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 2 मार्च की शाम होलिका दहन के दिन पटना से गई स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसभीयू) की टीम ने उसे 5 लाख रुपये नकद और एक स्मार्ट वॉच रिश्वत के तौर पर लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी उसके कार्यालय के पास स्थित एक चाय दुकान से की गई।

» रंगे हाथ पकड़ने के बाद एसवीयू की टीम ने उससे उसके ठिकाने के बारे में पूछताछ की। शुरुआत में वह किराए के फ्लैट की जानकारी देने से इनकार करता रहा, लेकिन सख्ती के बाद उसने बेतिया के पयूनी बाग इलाके में किराए पर लिए गए अपने फ्लैट का पता बताया। इसके बाद टीम उसे साथ लेकर वहां पहुंची और तलाशी शुरू की।



रौशन कुमार की मासिक सैलरी लगभग 40 हजार रुपये थी, लेकिन जांच के दौरान उसके पास से 42 लाख रुपये से अधिक नकद बरामद हुए। पूछताछ में उसने दावा किया कि बरामद पूरी रकम उसकी नहीं है और होली के बाद उसे बड़े अधिकारियों को करीब एक करोड़ रुपये पहुंचाने थे। फिलहाल उसे न्यायिक हिरासत में पटना के बेउर जेल भेज दिया गया है।

तलाशी के दौरान एक कमरे के छज्जे पर रखा एक कार्टून मिला, जिसमें बड़ी मात्रा में नकदी भरी हुई थी। कार्टून खोलने पर उसमें 500-500 रुपये के नोटों के बंडल मिले। नोटों की संख्या इतनी अधिक थी कि गिनती के लिए मशीन मंगानी पड़ी। गिनती पूरी होने पर कुल 42 लाख 500 रुपये बरामद हुए, जिसे एसवीयू ने जब्त कर लिया। यह छापेमारी देर रात करीब साढ़े 11 बजे से लेकर रात दो बजे तक चली। 36 वर्षीय रौशन कुमार मूल रूप से लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा का रहने वाला है। उसके पिता का नाम राजकिशोर सिंह है।

# रजौली की सड़कों पर दौड़ा मिनी मैराथन का रोमांच, यूपी के सुनील और सीवान की पूजा ने लहराया जीत का परचम

## कमांडो फिजिकल एंड स्पोर्ट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में उमड़ा जनसैलाब,800 धावकों ने दिखाई अपनी ताकत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली के ऐतिहासिक इंटर विद्यालय प्रांगण से रविवार को खेल और उत्साह का एक अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां कमांडो फिजिकल एंड स्पोर्ट एकेडमी द्वारा आयोजित 'द्वितीय मिनी मैराथन 2026' ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। नगरपंचायत रजौली, जेपीएस स्कूल,होंडा शोरूम और आप और हम रेस्टोरेन्ट जैसे संस्थानों ने प्रायोजक के रूप में इस खेल उत्सव को अपना समर्थन दिया।इस भव्य प्रतियोगिता में न केवल बिहार, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 800 युवक-युवतियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा और अदम्य साहस का परिचय दिया। सुबह की पहली किरण के साथ ही धावकों के जोश ने पूरे रजौली को खेलमय बना दिया।

**रोमांचक मुकाबला और गौरवशाली विजेता**:- दौड़ का सफर रजौली इंटर विद्यालय से प्रारंभ होकर महादेव मोड़, बांके मोड़, थाना रोड, बाजार रोड, राजशिवाला के समीप और पुरानी बस स्टैंड जैसे प्रमुख स्थलों से गुजरते हुए वापस इंटर विद्यालय के मैदान पर समाप्त हुआ। लड़कों के वर्ग में उत्तर प्रदेश के मऊ जिले से आए सुनील कुमार ने अपनी रफ्तार का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जिसके लिए उन्हें 11 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं,राजगीर के विकास राय दूसरे स्थान पर रहे जिन्हें 5100 रुपये मिले, जबकि तीसरे स्थान के विजेता को 2100 रुपये की पुरस्कार राशि दी गई।लड़कियों के वर्ग में सीवान की पूजा सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। गया की किरण वर्मा ने द्वितीय और नवादा की स्वीटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर



मैराथन दौड़ लगाते छात्र-छात्राएं

जिले का मान बढ़ाया। विजेताओं को नगद राशि के साथ-साथ मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर उनकी उपलब्धि को सराहा गया।

**सेना के जवानों की अनूठी पहल को गणमान्य अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह** :- इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक विमल राजवंशी ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन का संचार करते हैं और ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को एक राष्ट्रीय मंच मिलता है। समाजसेवी प्रमोद चंद्रवंशी ने भी युवाओं को शारीरिक और मानसिक मजबूती के लिए खेलों से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सरोज देवी, मुख्य पार्षद मानती देवी,रजौली पश्चिमी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विनय सिंह, रंजन कुमार बब्लू एवं नगर पंचायत प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह सहित कई सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस पूरे आयोजन की नींव छुट्टी पर आए सीआरपीएफ जवान चंदन कुमार सिंह ने रखी थी। उन्होंने बताया कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है। आयोजन को सफल बनाने में सिंटू कुमार सीआरपीएफ, सुबोध कुमार बीएसएफ, सत्यम कुमार आर्मी और योग ट्रेनर नूतन सहित कई स्थानीय युवाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने चलाया विशेष छापेमारी अभियान, विभिन्न कांडों के छह वारंटी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र में अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महसई गांव से विभिन्न मामलों में संलिप्त छह फरार वारंटियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान महसई निवासी सुबोध रविदास पिता स्वर्गीय मोहन दास, राजेंद्र रविदास पिता स्वर्गीय प्रयाग रविदास, कारु रविदास पिता स्वर्गीय जीतन रविदास, सतेंद्र रविदास पिता जीतन रविदास,रामेश्वर रविदास पिता स्वर्गीय कैलाश रविदास और विरजु रविदास पिता जीतन रविदास के रूप में की गई है। पुलिस की इस दबिश से इलाके के अन्य फरार अपराधियों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए सभी अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय के वारंट के बावजूद फरार चल रहे थे, जिन्हें आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के उपरांत रविवार को सुरक्षित पुलिस अभिरक्षा में माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**नारदीगंज (नवादा )**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को पेंशनर भवन में संगोष्ठी हुई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। समाज सचिव श्री कांत सिंह ने कहा भारतीय महिलाएं समाज का स्तम्भ हैं। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपने जीवन में कुशल पूर्वक उत्तरदायित्व को निभा रही है।वह सेना के क्षेत्र में पायलट, शिक्षा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष समेत अन्य विभागों में कर्तव्यों को भलीभांति निर्वाह में लगी हुई है। वस्तुतः महिलाएं सृष्टि का आधार है। मौके पर रामशरण सिंह,दशरथ प्रसाद, कामता प्रसाद सिंह, सियाशरण दास,रामाधीन सिंह, नरेश कुमार समेत अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किये।

### मछली मारने को लेकर उत्पन्न विवाद में युवक की गला दबाकर हत्या

**नवादा**। जिले के पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत कबला पंचायत के कबला गांव में रविवार की दोपहर एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दिए जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद में यह दर्दनाक घटना हुई। मृतक की पहचान बुधौली पंचायत के मंगर मोड़ निवासी कृष्णा चौरसिया के 30 वर्षीय पुत्र जीतू चौरसिया के रूप में की गई है। घटना कुशईया आहर के पास हुई, जहां मछली पकड़ने को लेकर पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने युवक की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पकरीबरावां अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार भास्कर, सर्किल इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से शख्स की मौत, राजगीर रेलवे स्टेशन के पास हादसा, गेहूं पटवन के लिए खेत पर गए थे



**नालंदा**। बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड पर राजगीर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान पंचवटी नगर मोहल्ला निवासी अखिलेश यादव(46) के तौर पर हुई है। मृतक के भांजे ने बताया कि शनिवार रात करीब 10:00 बजे मामा अपने घर से पास ही खेत में सिंचाई (पटवन) करने के लिए गए थे। खेत रेलवे लाइन के पास ही है। आशंका है कि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान किसी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे की जानकारी परिजनों को रविवार सुबह रेलवे पुलिस (GRP) से मिली। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां अखिलेश का शव क्षत-विक्षत स्थिति में पड़ा मिला। इस संबंध में राजगीर रेलवे स्टेशन के जीआरपी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि घटना शनिवार देर रात की है। शव का पोस्टमार्टम बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल में कराया गया है। पुलिस ने इस संबंध में यूडी केस दर्ज कर लिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**केसरिया, पू.च**। सामाजिक संस्था सेवासदन, सुंदरापुर के परिसर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पार्षद निर्मला देवी व संस्था के सचिव विनोद कुमार पटेल ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर महिलाओं के योगदान और समाज में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। करीब एक दर्जन महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जिला पार्षद निर्मला देवी ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज महिलाएं शिक्षा, खेल, विज्ञान और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। संस्था के सचिव विनोद कुमार पटेल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की ताकत, संघर्ष और उपलब्धियों को सम्मान देने का दिन है। महिलाएं केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और देश की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति है। इतिहास गवाह है कि जब भी महिलाओं को अवसर मिला है, उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई, कल्पना चावला और मैरी कॉम का उदाहरण देते हुए कहा कि बड़े सपने और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। संस्था के अध्यक्ष किशोर कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष उमेश नारायण मिश्रा, प्रवीण पटेल, साधनसेवी सुमित कुमार व समीर कुमार सहित कई लोगों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर अर्चना देवी, किरण पटेल, कुंती देवी, संतोष देवी, सुशीला देवी, गीता देवी, रीना देवी, बबिता देवी, मंजू देवी, राजकली देवी, सुनैना देवी व राधिका देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### पंचायती के दौरान जमीनी विवाद में खूनी झड़प, 4 लोग घायल, 3 गिरफ्तार

**मोतिहारी**। छतौनी थाना क्षेत्र छोटा बरियारपुर कोइरीटोला में जमीनी विवाद को लेकर हो रही पंचायती मे पंचो का बात नहीं मानने के कारण खूनी संघर्ष में बदल गई जब दोनों पक्षों के बीच अचानक चाकूबाजी शुरू हो गया। राजेश कुमार कुशवाहा ने लिखित आवेदन दिया है कि हम लोग दोनों पक्ष राजेश कुमार कुशवाहा और रामफल भगत के बीच पंचायती कर रहे थे एक पक्ष राजेश कुमार कुशवाहा पंचो का बात नहीं माने तो रामफल कुशवाहा के तरफ से अचानक चाकूबाजी शुरू हो गई और उसमें चार व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसमे अनीश कुमार की स्थिति काफी गम्भीर है। जिसका इलाज मोतिहारी सदर अस्पताल में चल रहा है। वही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार पासवान ने बताया कि पंचायत में चाकू चलने की आवेदन प्राप्त हुई है आवेदन प्राप्त होते ही तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है आगे की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

## ओखरिया गांव में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। कृषि विज्ञान केन्द्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले प्रखण्ड के पाली पंचायत के ओखरिया गांव में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों,कानूनी सुरक्षा और समाज के प्रति उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारों और कर्तव्यों पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञों और वक्ताओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। इस दरम्यान महिलाओं को बताया गया कि खेती और पशुपालन में उनके योगदान को पहचानना और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लेना उनका अधिकार है। वहीं घरेलू हिंसा,शिक्षा का अधिकार और संपत्ति में अधिकार जैसे महत्वपूर्ण कानूनी पहलुओं पर सरल भाषा में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि एक जागरूक महिला का कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों (विशेषकर बेटियों) को शिक्षित करे और समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाए। केन्द्र के वैज्ञानिकों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया। वैज्ञानिकों ने कहा कि यदि महिलाएं जागरूक होंगी और अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन करेंगी,तभी गांधी जी के 'ग्राम स्वराज' का सपना साकार होगा। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार,रजत रंजन,कार्यक्रम सहायक अनिल कुमार समेत दर्जनों महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## चटकरी गांव समेत सवैयाटांड़ में जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड मुख्यालय से सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत क्षेत्र में जल संकट से हजारों ग्रामीण जूझ रहे हैं। पंचायत के चटकरी, झलकडीहा, सिमरातरी, बसरौन, बाराटांड़ समेत अन्य गांवों में नल जल योजना के तहत जल मीनार स्थापित कर पाइप लाइन का जाल तो बिछाया गया था,किंतु महीनों से सारी व्यवस्थाएं ठप पड़ी हुई है। वहीं पंचायत में लगाए गए अधिकांश सार्वजनिक पहाड़ी चापाकल खराब पड़े हुए हैं। वहीं गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल के लिए काफी भटकना पड़ता है। चटकरी गांव निवासी ब्रह्मदेव सिंह, सुरेश सिंह, भोला तुरिया, सनोज तुरिया, पिंटू साव समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि हमारा पंचायत मुख्यालय से कहने को तो मात्र 22 किलोमीटर दूर है,किंतु बुढ़ियासाख से होते हुए पंचायत तक पहुंचने वाले रास्ते खराब होने के कारण झारखंड के कोडरमा से होते हुए रजौली की दूरी लगभग 80 किलोमीटर पड़ जाती है। इस कारण सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं का

### नल जल योजना बनी शोभा की वस्तु



खराब पड़े चापाकल के पास खड़ा ग्रामीण

क्रियान्वयन उनके पंचायत क्षेत्र में प्रभावी ढंग से नहीं हो पाता है और ग्रामीण खुद को नवादा से कटा हुआ महसूस करते हैं। ग्रामीणों को प्रशासनिक अधिकारियों से आशा है कि वे उनकी समस्याओं पर विचार करेंगे और पंचायतवासियों के समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के साथ करेंगे।

**खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती के लिए टोल फ्री नंबर जारी** :- बीते शनिवार को नवादा डीएम रवि प्रकाश द्वारा चापाकल मरम्मति दल को सभी 14 प्रखंडों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डीएम ने बताया कि यह दल जिले के सभी 14 प्रखंडों में सार्वजनिक चापाकलों की मरम्मत एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान का कार्य करेगा। साथ ही कहा कि आने वाले ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है, ताकि कहीं भी पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। जहां भी सार्वजनिक चापाकलों में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी होगी, मरम्मति दल द्वारा उसे तत्काल ठीक किया जाएगा।पेयजल की समस्या के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा के कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर 06324-210036 है,जिस पर पेयजल से संबंधित शिकायत समय सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक दर्ज करायी जा सकती है।वहीं रजौली क्षेत्र में सार्वजनिक चापाकल मरम्मती के लिए कनीय अभियंता सत्येंद्र कुमार को 8229071151 पर कॉल किया जा सकता है।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी** :- इस संबंध में पीएचईडी के कनीय अभियंता सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सवैयाटांड़ पंचायत में नल जल योजना बाधित होने की सूचना है। इसलिए वहां के अधिकांश लोग चापाकल पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह के मंगलवार और बुधवार को दो वाहनों के साथ टीम पंचायत पहुंच विभिन्न खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत करेगा।

## "नारी शक्ति : विकास और समृद्धि की आधारशिला"



डॉ संजीव कुमार
सहायक प्रोफेसर,अर्थशास्त्र
नवादा विधि महाविद्यालय
नवादा

हर वर्ष 8 मार्च को विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। एक शिक्षक और अर्थशास्त्री होने के नाते यह कहना उचित होगा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तब तक अधूरी है, जब तक समाज की आधी आबादी अर्थात महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्राप्त न हो।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा में नारी को सृजन, शक्ति और ज्ञान का प्रतीक माना गया है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक महिलाओं ने समाज के हर क्षेत्र—शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, कला और अर्थव्यवस्था—में उल्लेखनीय योगदान दिया है। फिर भी सामाजिक और आर्थिक असमानताएँ आज भी अनेक महिलाओं के विकास में बाधा बनी हुई हैं।

आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार किया जा सकता है। स्वयं सहायता समूह, सूक्ष्म वित्त और सरकारी योजनाएँ महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

विशेष रूप से बिहार जैसे राज्य में महिला शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। जब महिलाएँ शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती हैं, तब परिवार, समाज और राष्ट्र—तीनों का समग्र विकास संभव होता है। महिला सशक्तिकरण केवल सामाजिक न्याय का प्रश्न नहीं, बल्कि आर्थिक विकास की भी अनिवार्य शर्त है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और सुरक्षा की भावना को मजबूत किया जाए। परिवार, शिक्षा संस्थान और सरकार—सभी को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जहाँ महिलाएँ निर्भय होकर अपने सपनों को साकार कर सकें।

अंततः, महिला दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि जब नारी सशक्त होगी, तभी समाज समृद्ध और राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा। इसलिए हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और अधिकार प्रदान कर एक समतामूलक और प्रगतिशील समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ।

## हरदिया में रामनवमी व दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू,अनुज बने अध्यक्ष और रंजीत को मिली सचिव की कमान



बैठक में शामिल समिति के लोग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। प्रखंड क्षेत्र के हरदिया सेक्टर डी के दुर्गा मंदिर के समीप रविवार की सुबह श्री रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय हरदिया सरपंच संतोष कुमार ने की। इस सभा का मुख्य उद्देश्य आगामी रामनवमी और दुर्गा पूजा पर्व को पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाने हेतु रूपरेखा तैयार करना था, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्व के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए अनुज कुमार को अध्यक्ष, रंजीत कुमार को सचिव तथा संतोष कुमार को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समिति की मजबूती और एकजुटता का परिचय देते हुए अखिलेश कुमार, सूरज कुमार, सोहन साव, ओम प्रकाश आर्य, मुकेश कुमार सिंह, रूपेश कुमार, संजय कुमार, अजय पंडित, बब्लू पंडित, अनुरंजन सिंह, पिंटू कुमार, विशाल कुमार और संजय कुमार गुप्ता समेत दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी उत्सवों को भव्य बनाने का संकल्प लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिलाधिकारी ने महिलाओं को किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं विकास निगम, कला एवं संस्कृति विभाग, जीविका एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डीआरडीए सभागार, नवादा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य विषय "गिव टू गेन" रखा गया है, जिसके माध्यम से समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सहभागिता के बिना देश की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति संभव नहीं है। महिलाएँ परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। किसी भी विकास योजना और रोजगार व्यवस्था की सफलता महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और रोजगार के क्षेत्र में कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा सके।उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए विभिन्न जिलों, जिनमें नवादा भी शामिल है, में वन स्टॉप सेंटर एवं दीदी अधिकारी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिलाओं को परामर्श, कानूनी सहायता एवं अन्य आवश्यक सहयोग एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को जिला पदाधिकारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामूहिक शपथ दिलवाई गयी। शपथ के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना (MMRY) के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को आजीविका से जोड़ने, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा एवं भेदभाव का विरोध करने, बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने तथा समाज में लैंगिक समानता एवं सम्मान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में जल महोत्सव पखवाड़ा (08–22 मार्च 2026) के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "हर घर नल का जल निश्चय से मिला महिला शक्ति को बल" विषय पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव में सहयोग करने वाली महिला शक्ति ने भाग लिया।कार्यशाला के दौरान हर घर नल का जल योजना से महिलाओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि इस योजना से महिलाओं के समय की बचत हुई है तथा उनके स्वास्थ्य और आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। साथ ही जल के सदुपयोग में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई।

बैठक में जलापूर्ति योजनाओं के संचालन, रख-रखाव एवं निगरानी में महिलाओं की भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम स्तर पर जलापूर्ति से संबंधित समस्याओं की पहचान तथा उनके त्वरित समाधान में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) ने महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी साझा की। वहीं जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया तथा जीविका की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और जल संरक्षण के महत्व पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी श्री राजीव कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, प्रभारी जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी श्री अमरनाथ कुमार, डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती निरूपमा शंकर, डीपीओ शिक्षा सुश्री वर्षा, सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


संक्षिप्त समाचार

## नारी शक्ति के हाथों में रही रेल की कमान, पटना-इस्लामपुर मेमू सवारी गाड़ी का परिचालन महिला क्रू-मेंबरों ने किया



**नालंदा**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल में महिला सशक्तिकरण की एक भव्य तस्वीर देखने को मिली। 'नारी शक्ति' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंडल के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक, पटना जंक्शन की कमान पूरी तरह से महिला रेल कर्मचारियों के हाथों में रही। स्टेशन के संचालन से लेकर ट्रेनों के परिचालन तक, हर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को महिलाओं ने बखूबी निभाया। इस खास मौके पर पटना-इस्लामपुर मेमू सवारी गाड़ी (संख्या 63326) का परिचालन पूरी तरह महिला क्रू-मेंबरों की ओर से किया गया। लोको पायलट गुड्डी कुमारी और सहायक लोको पायलट कुमारी दिव्या ने ट्रेन के इंजन की कमान संभाली, वहीं ट्रेन मैनेजर (गार्ड) के रूप में मनीषा कुमारी ने अपनी जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इसके साथ ही, रेलवे की सबसे जटिल प्रणाली मानी जाने वाली आरआरआई (रूट रिले इंटरलॉकिंग) का संचालन स्टेशन मास्टर अंशु कुमारी और संगीता कुमारी की ओर से किया गया। सिर्फ ट्रेनों का परिचालन ही नहीं, बल्कि स्टेशन प्रबंधन के अन्य मोर्चों पर भी महिलाएं ही तैनात रहीं। यार्ड संचालन, भीड़-प्रबंधन, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की कमान महिला कर्मियों ने संभाली। इसके अतिरिक्त टीआरडी, ओएचई, पीआरएस (आरक्षण), यूटीएस (अनारक्षित टिकट) और टिकट चेकिंग जैसे तकनीकी व वाणिज्यिक काम में भी महिला रेल कर्मियों ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। दानापुर मंडल की इस पहल ने यह संदेश दिया कि आधुनिक रेल परिचालन के हर कठिन क्षेत्र में महिलाएं न केवल सक्षम हैं, बल्कि नेतृत्व करने के लिए भी तैयार हैं।

## 11 मार्च को राष्ट्रीय आय सह मेधा स्कॉलरशिप एग्जाम, नालंदा जिले से 3,088 छात्र होंगे शामिल

**नालन्दा**। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों के भविष्य को संवारने वाली राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा आगामी 11 मार्च को आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग ने परीक्षा को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। एग्जाम के ठीक दो दिन बाद यानी 13 मार्च को आधिकारिक आंसर-शीट भी जारी कर दी जाएगी। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में इस बार परीक्षार्थियों की संख्या में भारी उछाल देखने को मिला है। पूरे बिहार के 38 जिलों में कुल 88 हजार 699 अभ्यर्थी अपनी मेधा का प्रदर्शन करेंगे, जिनके लिए 194 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अकेले नालंदा जिले से 3,088 और शेखपुरा से 667 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिसके लिए नालंदा में छह और शेखपुरा में दो केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और जिला शिक्षा पदाधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी होने पर सीधे तौर पर केंद्राधीक्षक को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। जिले के डीएम पूरी व्यवस्था पर पैनी नजर रखेंगे, जबकि डीईओ को परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस छात्रवृत्ति योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक तंगी के कारण आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करना है। चयन परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को कक्षा नौवीं से बारहवीं तक अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए सालाना 12 हजार रुपये का वजीफा दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया के नियमों के अनुसार, इस परीक्षा में वही छात्र शामिल हो रहे हैं। जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय साढ़े तीन लाख रुपये से कम है और जिन्होंने सातवीं कक्षा में कम से कम 55 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को अंकों में पांच प्रतिशत की छूट दी गई है। 11 मार्च को होने वाली यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी, जिसमें पहली पाली में मानसिक योग्यता परीक्षा (मैट) और दूसरी पाली में शैक्षिक योग्यता परीक्षा (सैट) ली जाएगी। सामान्य अभ्यर्थियों के मुकाबले दिव्यांग परीक्षार्थियों को 30 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा। इस वर्ष के आंकड़ों पर गौर करें तो परीक्षार्थियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले डेढ़ गुना से भी अधिक बढ़ी है। पिछले वर्ष जहाँ पूरे सूबे में 50 हजार के करीब अभ्यर्थी थे, वहीं इस बार यह आंकड़ा 88 हजार को पार कर गया है। दिलचस्प बात यह है कि छात्रसंख्या के मामले में बेगूसराय ने पटना को पीछे छोड़ दिया है। बेगूसराय से सर्वाधिक 5,436 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जबकि अरवल जिले में सबसे कम 528 छात्र परीक्षा देंगे। नालंदा के परीक्षार्थियों के लिए शहर के नेशनल हाईस्कूल, सोगरा हाईस्कूल, एसएस गर्ल्स हाईस्कूल समेत अन्य प्रमुख शिक्षण संस्थानों में केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश पत्र 8 से 11 मार्च तक डाउनलोड किए जा सकेंगे और जून महीने में फाइनल रिजल्ट आने की संभावना है।

# बांकेबाजार में आरपीएस किड्स गैलेक्सी स्कूल का उद्घाटन एसएसपी सुशील कुमार ने फीता काटकर की शुरुआत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता






**इमामगंज**। बांकेबाजार थाना के समीप रविवार को नवनिर्मित आरपीएस किड्स गैलेक्सी स्कूल का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गयाजी के एसएसपी सुशील कुमार ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर स्कूल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में बड़ी संख्या में अभिभावक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के निदेशक सह इमामगंज प्रखंड के पकरी गुरिया पंचायत के मुखिया अविनाश कुमार सिंह उर्फ टिमन ने एसएसपी सुशील कुमार को अंगवस्त्र, मेमेंटो और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में एसएसपी सुशील कुमार ने कहा कि इमामगंज, बांकेबाजार और डुमरिया जैसे सुदूरवर्ती इलाकों में इस तरह का आधुनिक शिक्षण संस्थान खोलना समाज के लिए एक बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो किसी भी क्षेत्र और समाज की तस्वीर बदल सकती है। उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि जब वह वर्ष 2018-19 में इमामगंज के डीएसपी के रूप में पदस्थापित थे, तब उन्होंने पटना के नामी कोचिंग संस्थानों के शिक्षकों से संपर्क स्थापित कर यहां के बच्चों के लिए ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था कराई थी।

उस पहल का परिणाम यह हुआ कि आज उस समय पढ़ने वाले कई बच्चे सरकारी नौकरी में चयनित हो चुके हैं। एसएसपी ने कहा कि आज के समय में केवल किताबों की पढ़ाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों के अंदर खेलकूद, संगीत, नैतिक शिक्षा और सकारात्मक सोच का विकास भी उतना ही जरूरी है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी सिखाना चाहिए। उन्होंने स्कूल परिवार को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से निश्चित रूप से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा। वहीं स्कूल के निदेशक अविनाश कुमार सिंह उर्फ टिमन ने कहा कि आरपीएस किड्स गैलेक्सी स्कूल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धति, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और नैतिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। उन्होंने यह भी कहा यह विधायक फिलहाल अभी 8 तक चालू किया गया। इसके बाद बच्चों की आगे की पढ़ाई करने के लिए यानी की 10 + 2 तक के लिए इमामगंज के पाकरडीह में स्थित आरपी इंटरनेशनल स्कूल में उनकी पूरी फैसिलिटी हमारे स्कूल की ओर से दी जाएगी। इस मौके पर कारू सिंह, भाजपा नेता प्रेमचंद सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामबरण कुमार, हम नेता इकराम खान, धनंजय दांगी, दिनेश दास, मुखिया अशोक यादव, मो. शारीक, मुखिया पिंटू कुमार दांगी, रिटायर आर्मी मनजीत कुमार सिंह सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## हत्या के प्रयास मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की देर रात छापेमारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया**। गुरुआ थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी शनिवार देर रात चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान की गई। पुलिस के अनुसार गुरुआ थाना कांड संख्या 49/26 में नामजद अभियुक्त गुंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह दिलीप पाल का पुत्र और चेरकी थाना क्षेत्र के परसवा गांव का निवासी बताया गया है। वहीं, गुरुआ थाना कांड संख्या 50/26 के अभियुक्त कमलेश भगत को भी पुलिस ने टड़वा गांव से दबोच लिया। कमलेश भगत स्वर्गीय दुर्गा भगत का पुत्र है। थाना प्रभारी मनेश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास से संबंधित मामला दर्ज है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार देर रात पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेजा जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## फरार आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया**। जिले के बांके बाजार थाना क्षेत्र में फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में रविवार शाम करीब चार बजे पुलिस ने सैफगंज गांव के शिवगंज टोला में दो आरोपियों के घरों पर इश्तेहार चिपकाया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के आलोक में की गई। बांके बाजार थाना प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि सैफगंज टोला शिवगंज निवासी संतोष कुमार और सुनील कुमार एक मामले में नामजद आरोपी हैं और लंबे समय से फरार चल रहे हैं। कई बार तलाश के बावजूद जब दोनों पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए, तो न्यायालय के निर्देश पर उनके घरों पर इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर नियमानुसार दोनों आरोपियों के घरों पर इश्तेहार चिपकाया और आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। इस दौरान पुलिस ने स्पष्ट किया कि आरोपियों को निर्धारित समय के भीतर न्यायालय या पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा।

थाना प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आरोपी तय समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## महिला दिवस पर शेरघाटी थाना में महिला पुलिसकर्मियों का सम्मान, केक काटकर मनाया गया उत्सव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**शेरघाटी**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शेरघाटी थाना परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना में कार्यरत महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। समारोह की शुरुआत केक काटकर की गई, जिसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण और सम्मान का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में केके कंपटीटिव क्लासेज के संस्थापक कुंदन कुमार के नेतृत्व में कोचिंग संस्थान के छात्र-छात्राएं थाना पहुंचे और वहां कार्यरत महिला पुलिसकर्मियों को माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। उन्होंने पुलिस सेवा जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर एसआई रूपा कुमारी ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, सुरक्षा और अन्य कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव रखें और समाज में समान अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाएं। समारोह में शेरघाटी थाना के एसआई शिव शंकर शाह, रितेश कुमार, रविराज कुमार, प्रियंका कुमारी, अर्चना कुमारी, सबनम कुमारी के साथ बेला मुखिया के पति सतीश कुमार भारती और शिक्षक गौरव सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इस पहल की सराहना की और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐसे कार्यक्रमों को आवश्यक बताया।

## नालंदा विश्वविद्यालय में वैश्विक विकास पर महामंथन




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। ऐतिहासिक नगरी राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर में आज 'नालंदा डेवलपमेंट डायलॉग (NDD) 2026' के प्रथम संस्करण का भव्य शुभारंभ हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस सेमिनार में भारत सहित विदेशों के ख्याति प्राप्त नीति-निर्धारकों, अर्थशास्त्रियों और विकास विशेषज्ञों ने शिरकत की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साल 2030 के बाद की वैश्विक विकास रूपरेखा और वर्तमान चुनौतियों पर एक ठोस वैचारिक धरातल तैयार करना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने स्वागत वक्तव्य देते हुए समानता और सततता के सिद्धांतों पर आधारित विकास संवाद को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ती असमानता और बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच अकादमिक जगत और नीति-निर्माण के बीच सेतु बनाना अनिवार्य है, ताकि 'ग्लोबल साउथ' के दृष्टिकोण से एक न्यायसंगत विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके।

**भारत की विकास यात्रा पर की बातः** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉ. शमिका रवि ने भारत की विकास यात्रा का विश्लेषण करते हुए आर्थिक परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने विशेष रूप से श्रम बाजार में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को देश की प्रगति का एक प्रेरणादायक अध्याय बताया।



येल विश्वविद्यालय के प्रो. थॉमस पोगे ने विकास के पारंपरिक पैमानों की आलोचना करते हुए कहा कि केवल जीडीपी से मानव कल्याण और पर्यावरणीय प्रभावों का सही आकलन संभव नहीं है। उन्होंने विकास को व्यक्ति-केंद्रित और नैतिक दृष्टिकोण पर आधारित बनाने की वकालत की।

**विकासशील देशों का बढ़ता आर्थिक प्रभावः** जेएनयू के एमेरिटस प्रोफेसर दीपक नय्यर ने वैश्विक व्यवस्था के बदलते स्वरूप पर चर्चा करते हुए कहा कि विकासशील देशों का बढ़ता आर्थिक प्रभाव एक संतुलित और बहुध्रुवीय विश्व के निर्माण में सहायक हो रहा है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन जैसी साझा चुनौतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को अनिवार्य बताया। सेंटर फॉर स्टडीज़ इन डेवलपमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी (CSDS) द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय संवाद के पहले दिन सतत विकास और वैश्विक आर्थिक रणनीतियों पर कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। इस विमर्श का दूसरा और समापन सत्र सोमवार, 9 मार्च को आयोजित होगा, जिसमें विशेषज्ञ विभिन्न विषयगत सत्रों के माध्यम से भविष्य का खाका पेश करेंगे।

# बाल विवाह मुक्त नालंदा की ओर बढ़ते कदम 'मुक्ति रथ' ने 125 गांवों में जगाई अलख

♦ 30 दिन 1600 किलोमीटर का सफर किया तय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता







**नालंदा**। भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर संचालित 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत नालंदा में बाल विवाह के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ी गई है। 'बाल विवाह मुक्ति रथ' की यात्रा के समापन के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में 'आइडिया' समाजसेवी संस्थान ने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराया। इस अभियान के दौरान न केवल लोगों को जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें इस कुप्रथा के खिलाफ शपथ दिलाकर कानूनी पहलुओं से भी अवगत कराया गया। संस्थान के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह वास्तव में बच्चों के साथ होने वाला एक अपराध है, जो कानून की नजर में दंडनीय है।

**रथ ने 1600 किलोमीटर की यात्रा तय कीः** अभियान की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सांसद कौशलेन्द्र कुमार की ओर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए इस रथ ने महज 30 दिनों के भीतर जिले में 1600 किलोमीटर की यात्रा तय की। 125 गांवों तक पहुँचा और लगभग 3 लाख लोगों को बाल विवाह के खिलाफ एकजुट किया। जहां मुख्य मार्गों पर रथ के जरिए संदेश पहुंचाया गया, वहीं सुदूरवर्ती क्षेत्रों और दुर्गम गाँवों तक पहुँचने के लिए मोटरसाइकिल व साइकिल कारवां का सहारा लिया गया, ताकि जिले का कोई भी कोना इस संदेश से अछूता न रहे। रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर आइडिया समाजसेवी संस्थान की निदेशक रागिनी कुमारी ने इस यात्रा को मात्र प्रतीकात्मक न बताकर एक 'परिवर्तनकारी यात्रा' करार दिया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य को कुपोषण, अशिक्षा और गरीबी के दुष्चक्र में धकेल देता है। उन्होंने समाज के हर वर्ग से आह्वान किया कि इसे केवल एक सामाजिक कुप्रथा न मानकर बच्चों के विरुद्ध होने वाला अपराध समझा जाए। इस अभियान को तीन चरणों में योजनाबद्ध तरीके से लागू किया गया, जिसमें प्रथम चरण में शैक्षणिक संस्थानों और दूसरे चरण में धर्मगुरुओं को शामिल किया गया। धर्मगुरुओं से अपील की गई कि वे विवाह संपन्न कराने से पूर्व आयु की कड़ाई से जांच करें।

**बाल विवाह में सहयोग करने से होगी जेलः** अभियान के दौरान विवाह आयोजनों से जुड़े विभिन्न सेवा प्रदाताओं जैसे कैटरर्स, सजावट वाले, बैंकट हॉल मालिकों और बैंड-बाजा समूहों को भी जागरूक किया गया।

उन्हें चेतावनी दी गई कि बाल विवाह में किसी भी प्रकार की सहायता या सेवा प्रदान करना कानूनी रूप से दंडनीय है और इसके लिए उन्हें सजा हो सकती है। तीसरे चरण में जिले की पंचायतों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। सरकार, प्रशासन और जन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को एक जन-आंदोलन का रूप दे दिया है, जिससे अब बाल विवाह मुक्त नालंदा का लक्ष्य वास्तविकता के बेहद करीब नजर आ रहा है। इस अवसर पर मनु कुमार, उज्ज्वल कुमार, विवेक कुमार, गंगोत्री कुमारी, सुशीला देवी विनोद पांडे और अश्वनी कुमार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भूमि विवाद में खूनी संघर्ष : रतनपट्टी में दो पक्षों के बीच मारपीट,आठ घायल,सात की हालत गंभीर

**सूर्यपुरा (रोहतास)**। सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के रतनपट्टी गांव में रविवार को रास्ता और भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई । घटना में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें सात की हालत गंभीर बताई जा रही है । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई । बताया जाता है कि गांव में काफी दिनों से रास्ता को लेकर भूमि विवाद चल रहा है । जिस जमीन को लेकर पहले से मामला न्यायालय में विचाराधीन है,उसी भूमि पर एक पक्ष के रविंद्र सिंह,उपेंद्र सिंह एवं कृष्ण सिंह द्वारा घेराबंदी की जा रही थी । इसे रोकने के लिए सुरेंद्र सिंह अपने परिजनों के साथ वहां पहुंचे । इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया । मारपीट में सुरेंद्र सिंह,विकास कुमार,रवि कुमार, पार्वती देवी,बबीता देवी,सबिता देवी, प्रिंस कुमार और प्रियंका कुमारी घायल हो गए । घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सूर्यपुरा स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सात घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया । सुचना मिलते ही बिक्रमगंज एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह एवं पुलिस निरीक्षक बिक्रमगंज शेर सिंह यादव भी घटनास्थल पर पहुंचे । पुलिस ने घटना में संलिप्त 05 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । जिसमें उपेंद्र कुमार सिंह पिता स्व० गंगाधारी सिंह,ब्रिदा कुमार पिता कृष्णा सिंह, कृष्णा सिंह पिता स्व० गंगाधारी सिंह,रविंद्र सिंह पिता स्व० गंगाधारी सिंह,हिमांशु राज पिता उपेंद्र सिंह है । पुलिस ने घटनास्थल से दो लाठी, एक लोहे का रामा,दो कुदाल,चार लोहा का कड़ाही बरामद की है । इसकी जानकारी थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने दी । उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है । इस संबंध में दोनों पक्षो से आवेदन प्राप्त कर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है ।

### अंतर्राष्ट्रीय लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने अनोखे अंदाज में दी युवा नेता निशांत कुमार को बधाई

**मोतिहारी**। बिहार की कला जगत में एक बार फिर अपनी अनोखी प्रतिभा से पहचान बनाने वाले भारत के प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने युवा नेता निशांत कुमार को एक खास अंदाज में बधाई दी है। उन्होंने पीपल के छोटे से हरे पत्ते पर अद्भुत कलाकृति बनाकर वेलकम टू जदयू- कांग्रेट्स निशांत लिखते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रकट की हैं।मधुरेंद्र कुमार ने लगभग 5 घंटे के कठिन परिश्रम के बाद करीब 3 सेंटीमीटर के पीपल के पत्ते पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बधाई देते निशांत कुमार की मनमोहक तस्वीर उकेरी है। इस बारीक और अनोखी लीफ आर्ट में उन्होंने "जदयू में आपका स्वागत है – बधाई हो निशांत" का संदेश भी अंकित किया है।

### मास्टर चाबी के साथ दो चोर मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार

**मोतिहारी**। छतौनी थाना क्षेत्र बरियारपुर एचपी पेट्रोल पंप के पास से दो मोटरसाइकिल चोर रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। जिसकी जानकारी छतौनी थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार पासवान ने दी है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छतौनी बरियारपुर एचपी पेट्रोल पंप के पास से बिना नंबर प्लेट के मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति दिखाई दिया रोकने पर जांच किया गया तो मोटरसाइकिल का कागज उपलब्ध नहीं था। शंका होने पर शरीर जांच किया गया तो उसके पास से मास्टर चाभी रीनच बरामद किया गया है। दोनों मोटरसाइकिल चोर की पहचान शंभू शाह के पुत्र महावीर शाह बिसरहिया ढाका थाना और सुरेश सिंह का पुत्र चंदन सिंह तिकोनी थाना दरपा बताया जा रहा है। श्री पासवान ने बताया कि महावीर शाह पूर्व में 10 बार मोटरसाइकिल चोरी में जेल जा चुके हैं। दोनों व्यक्ति का अपराधी इतिहास रहा है। छतौनी पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वही छापमारी टीम में थानाध्यक्ष के अलावा अपर थानाध्यक्ष श्रीकांत चौहान,प्रीति पाल मौजूद थे।

### आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी - डॉ. अमित रंजन

**चकिया**। प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चांपटोला में वन विभाग के सहयोग से नेत्रिका फाउंडेशन एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के बैनर तले "पर्यावरण की पाठशाला सह पौधारोपण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई और विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला स्कूल की पूर्व प्राचार्य शशिकला ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन की हर आवश्यकता को पूरा करते हैं। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित करने की अपील की। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अमित रंजन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसका सीधा असर नई पीढ़ी पर पड़ रहा है। कम उम्र में बच्चों में विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ बढ़ रही हैं। डॉ. स्नेह एस. चौरसिया ने अपने संबोधन में 3P – पेड़, पानी और प्लास्टिक पर विशेष प्रकाश डालते हुए लोगों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा बाजार से सामान लाने के लिए झोले का इस्तेमाल करने की सलाह दी।सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि बढ़ते तापमान को नियंत्रित नहीं किया गया तो भविष्य में जीवन संकट में पड़ सकता है। इसके लिए अधिक से अधिक पौधारोपण जरूरी है।कार्यक्रम के दौरान शिक्षक शशि प्रिय रंजन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक ध्रुवनारायण ठाकुर ने की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्मल चंद्र कुमार, चंद्रशेखर सिंह, राकेश कुमार, सबीना आजमी, रीना कुमारी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम का समापन अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने लगाए गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए प्रत्येक छात्र द्वारा एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।

### कुशीनगर कंक्रिट फुटबॉल टीम ने 2-1 से युनाईटेड फुटबॉल क्लब सिवान को किया पराजित

**चकिया-पू०च०**। शहर के हृदयस्थली गांधी मैदान में द्वितीय महात्मा गांधी ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच रविवार को युनाईटेड फुटबॉल क्लब सीवान बिहार बनाम कुशीनगर कंक्रिट फुटबॉल टीम उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया। सात दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट के प्रथम दिन का मैच रोमांचक रहा दोनों ही टीमें एक दूसरे पर हमलावर रही परन्तु खेल के शुरू होने के 16 मिनट पर कुशीनगर टीम के जर्सी नम्बर 10 ने पहला गोल कर टीम को एक गोल से बढत दिला दी इसी क्रम मे आत्म विश्वास से लबरेज कुशीनगर के जर्सी नम्बर 6 ने 35 वे मिनट पर दुसरा गोल दाग कर अपने टीम को शुन्य के मुकाबले दो गोल से बढत दिला दी। जवाब मे सीवान की टीम ने कई बेहतर गोल का अवसर गंवाया परन्तु गोल करने में नाकाम रही इसी क्रम मे सीवान टीम को खेल के 69 मिनट पर जर्सी नम्बर 10 ने गोल दाग कर वापसी की।खेल नियम के उलंघन मामले मे सीवान टीम के जर्सी नम्बर 4 को पीला कार्ड रेफरी ने दिखाया।खेल के मुख्य रेफरी के रूप मे मनीष कुमार तथा लाइंसमैन के रूप मे दिनेश कुमार व संतोष कुमार पाण्डेय तथा कामेंटेटर जिम्मेवारी रोहित सिंह ने निभाई। वहीं टूर्नामेंट के बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्याम बाबू यादव सभापति पवन सर्राफ उप सभा पति सुभाष कुमार पूर्व सभापति हरजीत सिंह राजू तथा एसडीओ शिवानी शुभम डीएसपी संतोष कुमार आदि ने संयुक्त रूप से ट्राफी का अनावरण कर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा फुटबॉल मारकर खेल प्रदर्शन की शुरुआत की। वहीं विधायक ने गांधी मैदान परिसर में खिलाड़ियों के ठहरने के लिए नवनिर्मित विश्रामालय का फीता काट उद्घाटन भी किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है इस के तहत नव निर्मित विश्रामालय का निर्माण किया गया है। खेल से समाज मे आपसी सदभाव व भाईचारा का बढावा मिलता है। दुसरी तरफ गांधी मैदान की पहचान फुटबॉल खेल से इस मैदान पर देश की नामचीन टीमे खेल चुकी है।आमजन व खेलप्रेमियों से खेल मे शामिल होने का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि के रूप सभापति पवन सर्राफ,उपसभा पति सुभाष कुमार एसडीओ शिवानी शुभम डीएसपी संतोष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# यूजीसी जैसे काले कानून को तुरंत समाप्त करने को लेकर एक दिवसीय धरना का निर्णय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## मानवता सेवा संघ ने की बैठक



**काराकाट / रोहतास** । मानवता सेवा संघ की बैठक संगठन कार्यालय काराकाट में संपन्न हुई । बैठक आए संघ के सदस्यों ने कहा कि यदि न्यायपालिका रोक नहीं लगाई होती तो यूजीसी का जो आरक्षण आया देश में उससे आज पूरा देश जलता रहता । सच पूछा जाए तो समाज को बांटने और नफरत को फैलाने का नाम ही है आरक्षण,इसे देश के अंदर लोगों को जाति में बांटना प्रमुख कारण कहना अनुचित नहीं होगा ।जिस जाति का नाम लेने से एससी एसटी एक्ट लागू हो जाता है उसका नाम है आरक्षण,जाति का नाम लेने पर केस,लेकिन बड़े खुशी और हर्ष के साथ नफरती आरक्षण के कानून का सहारा लेने के लिए दफ्तरों में जाति प्रमाण पत्र खुशी खुशी बनवाते हैं आरक्षण धारी । लेकिन जाति का नाम लेने पर होते हैं नाराज । यह कानून राजनेताओं की सोची समझी राजनीति के चलते सनातन धर्म में और अन्य धर्मों में एक लकीर पैदा कर दिया है । जिसके चलते एक दूसरे जाति को देखकर लोगों की गुर्राने और नफरत करने का सिलसिला कम होने की वजह दिन दूना और रात चौगुन बढ़ता नजर आ रहा है । पूर्व की सरकार और वर्तमान सरकार अंग्रेजों की तरह बाटो और शासन करो कि यह राजनीति देश को कितना नुकसान पहुंचाएगी और पहुंच रही है । जिसका अंदाजा अभी और आने वाले भविष्य में कितना भुगतना होगा कुछ कहा नहीं जा सकता है । गरीबी की तुलना किसी जाति को देखकर नहीं किया जा सकता है न गरीबी जात पात देखकर आती है । यदि सच पूछा जाए तो गरीबों के नाम पर कानून बनाकर सुविधा देने का जो कानूनी तरीका है । वह देश को बांटने के तरीका के रूप में बदल रहा है और बदल चुका है । यह कानून देश में एकता फैलाने का नहीं कुर्सी बरकरार रखने का है । देश द्रोह के पैमाने की यदि हम बात करें तो जो कानून देश में अशांति फैलता हो नफरत फैलता हो जो देश को कमजोर करता हो जाति में बांटता हो वह देशद्रोह के रूप में क्या नहीं आता क्या यह आपसी प्रेम फैलाने वाला है या गरीबी मिटाने वाला या देशद्रोह फैलाने वाला या यदि जाति में बांटने वाला कानून कहना उचित नहीं होगा । इस कानून के चलते आज समाज में नफरत और द्वेष समाज में इस तरह से बढ़ गया है और बढ़ रहे हैं कि कोई धर्म पर उंगली उठाता है कोई किसी के धर्म को ही गाली देता है तो कोई अंतरजातीय विवाह का सपना देखता है तो कोई ब्राह्मण लड़कियों पर ही सवाल उठा देता है और शादी करने तक का मंसूबा रखता है । यह सब नफरती कानून किसने बनाया और क्यों बनाया क्या यह देश को कमजोर नहीं कर रहा है क्या संविधान इसकी इजाजत देता है ,क्या समाज को यह कानून बांट नहीं रहा है । संविधान सबको साथ लेकर चलने का संकल्प लेता है समानता का अधिकार देता है तो फिर भेदभाव युक्त कानून कुर्सी को प्राप्त करने के लिए बनाना देशद्रोह नहीं है तो क्या है । इसलिए सरकार को चाहिए कि देश के अंदर जो भी कानून समाज को बांटता हो नफरत फैला कर भाईचारे को कमजोर करता हो उस पर तत्काल रूप से रद्द कर देना चाहिए । सच पूछिए तो देश के हित में संविधान में संशोधन करके समता के अधिकार के तहत समान नागरिक संहिता लागू कर देना ही उचित होगा तब जाकर समाज में समरसता भाईचारा और पारदर्शिता कायम की जा सकती है । यदि सचमुच सरकार भेदभाव युक्त कानून आरक्षण या धार्मिक कानून नहीं बनाई होती तो आज देश में जनता के बीच भाईचारा की जगह नफरत नहीं कायम होता । इसलिए देश के अंदर जातिवाद का जन्मदाता राजनेताओं को कहना अनुचित नहीं होगा । साथ में पढ़ना साथ में खाना साथ में होटल में ठहरना,बारात के एक पंडाल में,एक स्टॉल पर समान रूप से मिलना खाना यहां तक की अंतर्जातीय शादी करने का प्रावधान शुरू हो चुका है । ऐसी स्थिति में समाज में वोट के लिए और कानूनी कुर्सी के लिए नफरत का बीज बो कर समाज को टुकड़े-टुकड़े करना उचित नहीं है इससे देश का भविष्य बनने की जगह और बिगड़ेगा । बैठक में उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि आगामी 17 मार्च को काराकाट गोडारी प्रखंड मुख्यालय पर 11 बजे दिन से 3 बजे दिन तक धरना दिया जाएगा और मांग पत्र समर्पित किया जाएगा ।

# सबेया स्कूल के छात्र मुख्यमंत्री शैक्षणिक भ्रमण के लिए गये बोधगया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**राजपुर**। क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय सबेया के छात्र-छात्राएं रविवार को मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए बोधगया रवाना हुए.परिभ्रमण बस को गांव के समाजसेवियों व स्कूल प्रधानाध्यापक नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस दौरान 35 विद्यार्थियों को बोधगया व औरंगाबाद के देव सूर्य मंदिर शैक्षणिक परिभ्रमण उद्देश्य से भेजा गया.स्कूल शिक्षक रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा छात्रों को शैक्षणिक परिभ्रमण के माध्यम से सर्वांगीण विकास के लिए संचालित किया जाता है. बच्चों को ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल बोधगया एवं औरंगाबाद जिला के देव स्थित सूर्य मंदिर ले जाया गया है.जहां वे विभिन्न दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे.उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों की शिक्षा के प्रति अभिरुचि बनी रहती है.यात्रा के दौरान बच्चों के भोजन और चिकित्सा सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है. मौके पर स्कूल शिक्षक राजबली प्रसाद,राधा कुमारी समेत अन्य शिक्षकों मौजूद थे.

# धनेज में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन गंगा-जमुनी तहजीब की दिखी मिसाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के शिवन पंचायत स्थित धनेज गांव में रविवार को मुस्लिम इस्लाह कमिटी हैदरी मुहल्ला की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शौकत आलम के नेतृत्व में हर वर्ष की तरह इस बार भी पारंपरिक अंदाज में किया गया।

इफ्तार कार्यक्रम में आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में रोजेदार और आम लोग शामिल हुए। खास बात यह रही कि सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आपसी भाईचारे, अमन-चैन तथा देश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

इस अवसर पर पूर्व जिला पार्षद शकील अहमद ने कहा कि रमजान का महीना रहमत और बरकत का महीना होता है। इस दौरान रोजेदार पूरी श्रद्धा के साथ इबादत करते हैं और अल्लाह से रहमत की दुआ करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के इफ्तार कार्यक्रम समाज में भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करते हैं।



इफ्तार पार्टी में पूर्व मुखिया मुस्ताक अंसारी, रालोमो नेता सरोज कुशवाहा, कांग्रेस नेता राकेश मिश्रा, मो. सरदार शाह, कासिम शाह, हातिम शाह, ऐनुल शाह, असरफ शाह, जमालु हज्जाम, अकबर शाह, शशि पासवान, सब्बीर आलम, सलाहुद्दीन अंसारी सहित कई जनप्रतिनिधि व सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गायत्री सोशल वेलफेयर एंड एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा 'जीनियस 100 ओलंपियाड स्कॉलरशिप प्रतियोगी परीक्षा' का सफल आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** । गायत्री सोशल वेलफेयर एंड एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा रविवार को 'जीनियस 100 ओलंपियाड स्कॉलरशिप प्रतियोगी परीक्षा' का सफल आयोजन किया गया । परीक्षा का आयोजन बिक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय के प्रज्ञा बिहार आरा रोड स्थित प्रज्ञा पुंज पब्लिक स्कूल बिक्रमगंज तथा दिनारा प्रखंड मुख्यालय के नेशनल हाईवे–319 (आरा–मोहनिया मुख्य मार्ग) पर स्थित प्रज्ञा पीठ पब्लिक स्कूल दिनारा के परिसर में किया गया । बिक्रमगंज केंद्र पर परीक्षा का संचालन विद्यालय की संस्थापिका संगीता शर्मा के नेतृत्व में हुआ, जबकि दिनारा केंद्र पर निदेशक अभिजीत आनंद की देखरेख में पूरी व्यवस्था की गई । दोनों केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई । प्रतियोगिता में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आए सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । विद्यालय प्रबंधन के अनुसार बिक्रमगंज केंद्र पर 678 तथा दिनारा केंद्र पर 650 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए । इस प्रकार दोनों केंद्रों को मिलाकर कुल 1328 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । परीक्षा में कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया । विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करना है । जिन विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त होंगे,उन्हें विद्यालय की ओर से निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी । साथ ही प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं । प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को साइकिल,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को क्रिकेट किट तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को कैरम बोर्ड प्रदान किया जाएगा । इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार की भी व्यवस्था की गई है । विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि बिक्रमगंज केंद्र का परीक्षा परिणाम 22 मार्च 2026 को जबकि दिनारा केंद्र का परिणाम 29 मार्च 2026 को घोषित किया जाएगा ।

# अंकित कुमार सिंह ने UPSC परीक्षा में पाई सफलता, क्षेत्र में खुशी की लहर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**तिलौथू (रोहतास)**। बताते चले की ग्राम कैथी थाना तिलौथू जिला रोहतास के होनहार युवक अंकित कुमार सिंह ने प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की परीक्षा में 842वीं रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अंकित कुमार सिंह, श्री नवल सिंह (BMP हवलदार, गया) के सुपुत्र हैं। उनके दादा स्वर्गीय/ श्री चन्द्रदेव सिंह भी दरोगा पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। परिवार की मेहनत, अच्छे संस्कार और अंकित कुमार सिंह की कड़ी लगन व परिश्रम के बल पर यह बड़ी सफलता संभव हो सकी है।

अंकित की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव, समाज और रोहतास जिले का नाम रोशन हुआ है। उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनकर सामने आई है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने अंकित कुमार सिंह को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रमजान पर आयोजित तरावीह में कुरान मुकम्मल



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। इस्लामी कैलेंडर के अंतर्गत रमजान माह को अकिदतमंदो का पवित्र महीना कहा गया है।इस पूरे माह में उपवास रख कर अल्लाह की इबादत की जाती है। इसके अंतर्गत रात्रि में एशा नमाज के पश्चात इस्लामिक पवित्र पुस्तक कुरान ए मजीद का पाठन किया जाता है। यह रमजान माह के पहले रोजा से ही प्रारंभ हो जाता है।जो नियमित रूप से 16-17 दिनों तक प्रत्येक मस्जिदों में चलता है। इसके समापन्न पर मुसलमानों में काफी उत्साह देखा जाता है।शहर के जामा मस्जिद, कश्मीरी मस्जिद एवं आमना मस्जिद में शनिवार की रात कुरान मुकम्मल किया गया। जिसमें इस्लाम अनुयायियों ने बढ़-चढ़कर कुराने शरीफ पढ़ा। जामा मस्जिद में इमाम यासीन खान मुजीवी, कश्मीरी मस्जिद में इमाम कारी अजीमुद्दीन साहब एवं आमना मस्जिद में इमाम हाफिज अरमान के सानिध्य में कुराने शरीफ पढ़ी गई। इसके समापन पर स्थानीय लोगों ने इमामो को नजराना पेश किया। इमामो ने बताया कि इस पाक मौके पर की गई इबादत का काफी फल मिलता है। इस दौरान अल्लाह से की गई दुआएं कबूल होती है। मौके पर मोहम्मद जहांगीर खान, बिलाल खान, नूरुल आरफीन, इमामुल कुरैशी, वैजुल हक, आमिर इकबाल, अब्दुल मनान खान, हाजी असलम एवं अनीश खान सहित हजारों की संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के अधिकार, स्वास्थ्य और पोषण पर परिचर्चा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मोतिहारी**। पीपराकोठी प्रखंड के सामुदायिक भवन, बेला जगतिया के परिसर में CRY–चाइल्ड राइट एंड यू के सहयोग से काड्र्स स्वैच्छिक संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता असोगा देवी ने की, जबकि मंच संचालन काड्र्स के सचिव शशि बी. प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया ।इस अवसर पर

महिलाओं के "अधिकार, न्याय और समानता "पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समाज में उनकी समान भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और समाज में समान अवसर सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काड्र्स के सचिव शशि बी. प्रसाद ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ परिवार और समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि महिलाएं स्वस्थ और जागरूक होंगी तो बच्चों का विकास भी बेहतर होगा। उन्होंने महिलाओं को संतुलित आहार, साफ-सफाई, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच तथा बच्चों के उचित पोषण पर ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपनी समस्याओं और अनुभवों को भी साझा किया। कई महिलाओं ने बताया कि उनके बच्चों की उम्र पाँच वर्ष से कम होने के बावजूद उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों से समय पर पोषण और अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। इस विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित सेवाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में बच्चों की शिक्षा, महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, सरकारी योजनाओं की जानकारी, महिला अधिकार और महिला हिंसा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में गांव की महिलाएं निर्मला देवी, सुगंधी देवी, मीना देवी, बिंदु देवी, गिरजा देवी सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी बातो को रखा । कार्यक्रम को सफल बनाने में समन्वयक रवि कुमार, लालू पासवान, सकलदेव राउत, रंजू कुमारी, नीतू देवी, नीमा रानी एवं पप्पू कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### समाहरणालय में महिला दिवस पर सम्मान समारोह

**बांका।** बांका के समाहरणालय सभागार में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिले की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

**महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला:** कार्यक्रम की शुरुआत में जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने उपस्थित सभी महिलाओं को शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। जिलाधिकारी ने महिलाओं को आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शिक्षा, समाजसेवा, स्वास्थ्य तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दर्जनों महिलाओं को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**महिला सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया:** सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महिलाओं के योगदान की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही समाज में महिलाओं के सम्मान और समान अधिकार सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर विकास आयुक्त उपेंद्र सिंह, एडीएम अजीत कुमार, जिला जनसंपर्क एवं सूचना पदाधिकारी श्रीनिवास सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हुआ।

### हनुमान मंदिर से तीन चांदी के मुकुट चोरी

**मुंगेर।** मुंगेर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित शादीपुर के हनुमान मंदिर से तीन चांदी के मुकुट चोरी हो गए हैं। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है और श्रद्धालुओं में नाराजगी है। मंदिर के पुजारी तेजनारायण ठाकुर ने बताया कि शनिवार सुबह पूजा के समय तक भगवान के मुकुट अपनी जगह पर थे। शाम की आरती के लिए जब मंदिर का दरवाजा खोला गया, तो तीनों चांदी के मुकुट गायब मिले। मुकुट गायब होने की जानकारी मिलते ही मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। तत्काल इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि कोई सुराग मिल सके।

**अलग-अलग मंदिरों से मुकुट चोरी:** स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से मुंगेर के अलग-अलग मंदिरों से मुकुट चोरी होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। लगातार हो रही ऐसी वारदातों से श्रद्धालुओं में चिंता और नाराजगी बढ़ रही है। कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। चोरी का खुलासा करने के लिए आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जाएगी। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### राज्य स्तरीय बालक-बालिका वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन

**बेगूसराय।** बेगूसराय के मंझौल शताब्दी मैदान में आयोजित 21वीं राज्य स्तरीय यूथ बालक-बालिका वॉलीबॉल डे-नाइट चैंपियनशिप का रोमांचक मुकाबला जारी है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बिहार के अलग-अलग जिलों की टीमें भाग ले रही हैं। अब तक कुल 40 लीग मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें 30 मैच बालक वर्ग और 10 मैच बालिका वर्ग के शामिल हैं। लीग चरण के बाद बेहतर प्रदर्शन करते हुए आठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। बालक वर्ग में नालंदा, भागलपुर, सारण, पटना, समस्तीपुर, बांका, वैशाली और बेगूसराय की टीमें शामिल हैं।

**समस्तीपुर और नालंदा के बीच सेमीफाइनल:** वहीं, बालिका वर्ग में भागलपुर, मधुबनी, कैमूर, गोपालगंज, मोकामा क्लब, दरभंगा, बांका और बेगूसराय की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया। बालक वर्ग के सेमीफाइनल में चार टीमें पहुंची हैं। पहला सेमीफाइनल मुकाबला समस्तीपुर और नालंदा के बीच खेला जाएगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल पटना और भागलपुर के बीच होगा। बालिका वर्ग में पहला सेमीफाइनल मुकाबला भागलपुर और मोकामा क्लब के बीच खेला जाएगा। दूसरे सेमीफाइनल में बेगूसराय की टीम पहुंच चुकी है, जबकि उसकी प्रतिद्वंद्वी टीम का फैसला जारी मैच के बाद होगा।

### कार-बाइक की टक्कर, युवक की मौत

**बांका।** बांका-अमरपुर मुख्य मार्ग पर मकदुमा मोड़ के पास शनिवार शाम सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद कार चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान अमरपुर थाना क्षेत्र के काशपुर गांव निवासी गौरी तांती के 30 वर्षीय पुत्र श्रवण तांती के रूप में हुई है। हादसे में घायल उसका साथी रूपेश कुमार का इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए बांका सदर अस्पताल भेज दिया है।

**कार ने बाइक को मारी टक्कर:** श्रवण तांती अपने दोस्त रूपेश कुमार के साथ बाइक से दवा लेने समुखिया मोड़ गए थे। दवा लेकर दोनों बाइक से अपने घर काशपुर लौट रहे थे। मकदुमा मोड़ के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी और दोनों घायलों को बांका सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने श्रवण तांती को मृत घोषित कर दिया, जबकि रूपेश कुमार का इलाज चल रहा है।

**फरार कार चालक की पहचान कर रही पुलिस:** घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। युवक की मौत की खबर से परिवार में शोक का माहौल है। टाउन थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस फरार कार चालक की पहचान कर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### फारबिसगंज में खनन विभाग की टीम पर हमला एक गिरफ्तार, एक होमगार्ड के जवान घायल

**अररिया।** फारबिसगंज में खनन माफियाओं का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। नहर, कैनाल से लेकर नदी में अवैध रूप से लगातार मिट्टी का खनन किया जा रहा है और मामले में विभागीय कार्रवाई न के बराबर है। इसी कड़ी में रविवार को फारबिसगंज के रामपुर दक्षिण पंचायत के भजनपुर में अवैध रूप से किए जा रहे खनन में संलिप्त बालू लोड ट्रैक्टर को खनन विभाग की टीम के पकड़ने पर 20 से 25 की संख्या में खनन माफियाओं ने टीम के सदस्यों पर हमला कर दिया, जिसमें टीम में शामिल होमगार्ड के जवान मनोज कुमार विश्वास बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और अनुमंडलीय अस्पताल में होमगार्ड जवान का इलाज किया गया। सूचना के बाद मौके पर फारबिसगंज एसडीओ अभय कुमार तिवारी, एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, खनिज विकास पदाधिकारी, खान निरीक्षक केहकशा फिरदौस आदि मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। अधिकारियों ने मौके से दो ट्रैक्टर को जब्त कर फारबिसगंज थाना लाई, जहां एक ट्रैक्टर को कागजात प्रस्तुत करने के बाद थाना से छोड़ दिया गया। जबकि सफेद बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। मामले में एक को गिरफ्तार किया गया है। खनन विभाग की टीम पर हमला कर हमलावरों ने जब्त ट्रैक्टर के छुड़ाकर जबरन ले जाने की भी बात कही जा रही है। मामले को लेकर खनन निरीक्षक केहकशा फिरदौस ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन देकर जब्त ट्रैक्टर और गिरफ्तार शख्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# युवक के साथ वीडियो वायरल महिला ने किया सुसाइड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में एक विवाहिता ने सुसाइड कर लिया है। दरअसल, महिला ने एक लड़के के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। पति नितेश ने बताया कि पत्नी का अफेयर था और होली के दिन उसने अपने प्रेमी को घर पर मिलने बुलाया था। मैं उस समय महाराष्ट में था। आज ही घर पहुंचा हूं। आज पत्नी को समझाया कि उस उस लड़के के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लो, तो पत्नी ने कीटनाशक दवा पी लिया। इलाज के दौरान आज मायागंज अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना सजौर थाना क्षेत्र की है। मृतका की पहचान सजौर थाना क्षेत्र के रजनपुर गांव निवासी नितेश कुमार की 18 साल की पत्नी सरस्वती देवी के रूप में हुई है।

**पति बोले- पत्नी का था अफेयर:** मृतका के पति नितेश के अनुसार सरस्वती देवी का अपने ही गांव के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने दोनों का एक वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के





बाद महिला मानसिक तनाव में थी। मृतका के पति नितेश कुमार ने बताया कि उन्होंने करीब ढाई साल पहले सरस्वती देवी से प्रेम विवाह किया था। हम दोनों की पढ़ाई के दौरान मुलाकात हुई थी हमारी एक 13 महीने की बेटी भी है। नितेश महाराष्ट्र में मजदूरी करते थे, जबकि उनकी पत्नी गांव में रहती थी। इसी दौरान सरस्वती का गांव के ही एक युवक से संपर्क हुआ और वे चोरी-छिपे मिलने लगे। दोनों एक दूसरे से अक्सर बात किया करते थे।

**होली की रात पत्नी ने प्रेमी को घर पर बुलाया था:** होली की रात पत्नी ने अपने प्रेमी को घर पर बुलाया था। इसी दौरान दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया और किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह

♦ पति बोला- पत्नी का था अफेयर, होली पर प्रेमी को घर में छिप कर मिलने बुलाया था

वायरल वीडियो मुझ तक भी पहुंच गया, जिसके बाद मैं महाराष्ट्र से दूसरे दिन ही घट लौट कर आ गया। पति ने आगे बताया कि मैंने घर आने के बाद अपने पापा को भी वो वीडियो दिखा दिया। आज दोपहर मैंने अपनी पत्नी को समझाया और उस युवक से संबंध खत्म करने को कहा। इसके बाद मैं घर से बाहर चला गया। सरस्वती देवी ने घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। आज सुबह मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान सरस्वती देवी की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

# लापता युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला है। परिजनों ने हत्या कर शव ट्रैक पर फेंके जाने की आशंका जताई है। मृतक की पहचान औलापुर निवासी हुकूमचंद मंडल के पुत्र पिंकू मंडल(40) के तौर पर हुई है। घटना पीरपैंती-मिर्जाचौकी रेलखंड पर कटवा पहाड़ के पास की है। पिता ने बताया कि पिंकू शनिवार सुबह करीब 9 बजे घर से निकला था। देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। रविवार को रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना मिली। यह सामान्य मौत नहीं, बल्कि हत्या है।

**जांच में जुटी पुलिस:** मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। परिजनों के बायन और सभी संभावित पहलुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है।

## विधायक ने लाजपत पार्क का किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में नगर बीजेपी विधायक रोहित पांडेय ने रविवार को लाजपत पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्क में मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। कमियां मिलने पर नाराजगी जताई। जल्द से जल्द आम जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पता चला कि पार्क में महिलाओं के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। साथ ही, पीने के पानी की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष परेशानी हो रही है। बच्चों के खेलने के लिए झूले और अन्य उपकरण मेंटेनेंस के अभाव में जर्जर हो चुके हैं। एक्सरसाइज के लिए लगाए गए उपकरण भी कई स्थानों पर खराब पाए गए।

**शौचालय, पीने के लिए पानी की व्यवस्था की जाएगी:** विधायक रोहित पांडेय ने कहा कि



लाजपत पार्क शहर के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है, जहां बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन सुबह-शाम टहलने और व्यायाम करने आते हैं। इसके बावजूद यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव चिंताजनक है। पार्क में महिलाओं की सुरक्षा, शौचालय, पीने के पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**सीएसआर योजना के तहत होगा सौंदर्यीकरण:** निरीक्षण के दौरान पार्क में मौजूद महिलाओं और स्थानीय लोगों ने भी अपनी समस्याएं सामने रखीं। लोगों का कहना है कि जब से पार्क की जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपी गई है, तब से यहां की व्यवस्था लगातार खराब होती जा रही है। बीजेपी विधायक ने सीएसआर योजना के तहत पार्क के सौंदर्यीकरण की बात भी कही, ताकि लोगों को बेहतर वातावरण मिल सके। संबंधित विभाग से बात कर समस्याओं के समाधान की दिशा में शीघ्र कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## टाउन हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

♦ समाज में बढ़ती भूमिका पर हुई चर्चा, अधिकारी बोले- प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज भागलपुर के टाउन हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह और भागलपुर की महापौर डॉ. वसुंधरा लाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। बच्चों ने नृत्य और गीत प्रस्तुत किए, जिसकी दर्शकों ने सराहना की।



**समाज में बढ़ती भूमिका पर विस्तार से चर्चा:** इस अवसर पर वक्ताओं ने महिलाओं की उपलब्धियों और समाज में उनकी बढ़ती भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, खेल, विज्ञान और सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। इन क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसपी प्रेरणा सिंह ने महिलाओं की मजबूत होती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश और बिहार की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज के विकास में योगदान दे रही हैं। डीएसपी सिंह ने यह भी बताया कि पुलिस विभाग में भी बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी सेवाएं दे रही हैं और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके कार्यों और उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज में बराबरी का अधिकार दिलाने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर कई प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# राहुल गांधी का ब्रेन मैपिंग हो-गिरिराज सिंह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आज एक बार फिर राहुल गांधी और ममता बनर्जी पर जोरदार निशान साधा है। उन्होंने राहुल गांधी को झूठ का ठेकेदार बताते हुए ब्रेन मैपिंग कराने की मांग की है। ममता बनर्जी को लेकर कहा है कि वह रात में नहीं दिन में ही सपना देख रही है कि बंगाल की प्रधानमंत्री बन गई है। वह हिंदुओं का कत्लेआम करवाना चाहती है। गिरिराज सिंह ने आज बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी का ब्रेन मैपिंग होनी चाहिए। वह झूठ का ठेकेदार बन गया है। पहले किसानों को भड़काने का काम किया, उसमें सफल नहीं हुआ। तब देश को भड़काने का काम किया, उसमें सफल नहीं हुआ। अब डाटा पर कह रहे हैं, यह झूठा नंबर एक है। गिरिराज सिंह ने कहा कि सबूत इसके पास कुछ नहीं होता है। केरल में कह रहा है कि यूडीएफ हम लागू करेंगे। आज कांग्रेस पार्टी मुस्लिम लीग पार्टी बन गई है, केरल में ही नहीं पूरे देश में यह मुस्लिम लीग मुस्लिम पार्टी बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवाल उठाने से पहले अपने नाना को याद करे, बाबा का तो कुछ याद नहीं है। बाबा का तो कभी नाम भी नहीं लेता है। गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के नाना जवाहरलाल नेहरू



ने 40000 स्क्वायर किलोमीटर जमीन चीन को दे दिया। अगर हिम्मत है तो कल से सदन हो रहा है इस पर बहस के लिए राहुल गांधी नोटिस दे, कहे की जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में कितना स्क्वायर किलोमीटर गया और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कितना गया, यह पूरा सबूत के साथ दे।

**ममता बनर्जी कभी अपने कुकृत्यों पर सोचे:** ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए गिरिराज सिंह ने कहा है कि ममता बनर्जी रात में कौन कहे दिन में सपना देख रही है कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री नहीं अपने को प्रधानमंत्री सोचती है। बंगाल के जो हालत बना दिए गए हैं, राष्ट्रपति पर टिप्पणी करने के बदले कभी अपने कुकृत्यों पर सोचे। बांग्लादेशी मुसलमान को अवैध तरीके से नागरिकता देना, वोट का अधिकार देने के लिए धरना देना, इस पर कभी रात को विचार करे। क्या जैसे सोहराब वर्दी पीएम था, वही दूसरी ममता बनर्जी आ गई है, जो वहां के हिंदुओं का कत्लेआम करवाना चाहती है। राष्ट्रपति पर टिप्पणी करती है, उसे शर्म आनी चाहिए। इस बार बंगाल की जनता एक-एक पैसा का हिसाब लेगी। ममता बनर्जी क्लियर करे कि महिलाओं को उड़ीसा की तरह 3000 रुपया महीना देगी या नहीं देगी, अगर वह नहीं देगी तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो हम देंगे। 26000 शिक्षकों की बहाली फिर से ट्रांसपेरेंट तरीके से करेगी या नहीं, अगर नहीं करेगी तो इसका जवाब दे और भारतीय जनता पार्टी सरकार बनते ही करेगी।

**बांग्लादेशी मुसलमान के लिए ज्यादा चिंता:** बंगाल में कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग की सिफारिश लागू करेगी या नहीं, अगर वह नहीं करेगी तो भारतीय जनता पार्टी लागू करेगी। बेरोजगारों को वह रोजगार देगी या नहीं, इस पर चर्चा नहीं करेगी। इनको रोहिंग्या मुसलमानों के लिए और बांग्लादेशी मुसलमान के लिए ज्यादा चिंता है। इस बार चुनाव में पता चल जाएगा। गिरिराज सिंह ने कहा है कि वहां की जनता ने कमर कर लिया है कि इस बार नहीं तो कभी नहीं। इस बार ममता बनर्जी की सरकार के खत्मा का दिन आ गया है। इस दौरान गिरिराज सिंह ने बड़ी संख्या लोगों की समस्याएं भी सुनी। अपनी समस्या को लेकर बेगूसराय नहीं आसपास के जिलों से भी लोग आए हुए थे।

# शहीद पिता को निहारती रही 11 साल की बेटी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय के रहने वाले IRB (इंडियन रिजर्व बटालियन) जवान मुरारी कुमार (38) झारखंड में शहीद हो गए। मुरारी नक्सल ऑपरेशन में शामिल थे। शनिवार देर रात पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा। उनके अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। जवान की पार्थिव देर जब घर पहुंची तो शहीद मुरारी अमर रहे के नारे लगे। जवान की 11 साल की बेटी और 5 साल का बेटा तिरंगे में लिपटे पिता को एकटक निहारते रहे। अंतिम संस्कार सिमरिया गंगा तट पर हुआ। इकलौते बेटे विवेक(5) ने मुखाग्नि दी।

**2012 में नौकरी जॉइन की थी नौकरी:** शहीद जवान चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के श्रीपुर पंचायत के रहने वाले थे। उनके दो बच्चे हैं। एक बेटी आरोही (11) और बेटा विवेक (5) है। शहादत की खबर सुनने के बाद पत्नी बेसुध हैं। बार-बार बेहोश हो जा रही हैं। पिता प्रदुमन चौधरी उर्फ बरेलाल वर्तमान में उप मुखिया हैं। फिलहाल कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। मुरारी कुमार IRB के जवान थे। 2012 में नौकरी जॉइन की थी। अभी उनकी पोस्टिंग झारखंड के गुमला में थी। तीन दिन से परिजनों से फोन पर बात नहीं हुई थी।

**पत्नी बोली- अधिकारियों ने हमें कुछ नहीं बताया:** जवान की पत्नी नंदिनी देवी ने बताया कि, घटना कैसे हुआ मुझे इसके बारे में कुछ पता नहीं है। हर दिन फोन पर बातचीत होती थी, लास्ट 2 मार्च को बात हुई थी। 3 मार्च से उनकी तबीयत खराब होनी लगी। उसी दिन फोन पर सिर्फ बच्चों से बात हुई थी। उन्होंने कहा था कि मेरी तबीयत खराब है। इसके बाद फोन कट कर दिए। दूसरे दिन काफी ट्राय किया, लेकिन फोन बंद था। इसके बाद मैंने अपने पापा को बोला। उन्होंने गुमला फोन किया। वहां से बताया गया कि उनकी तबीयत खराब है। दूसरे अस्पताल में दिखाने ले जा रहे हैं। इसी बीच रास्ते में उनको हार्ट



अटैक आ गया। अधिकारियों ने कुछ नहीं बताया। उनको कभी किसी से विवाद नहीं हुआ। हमेश सब के साथ प्रेम से रहते थे।

**पिता बोले- उसके दोस्त ने कहा था रांची में इलाज चल रहा है:** मुरारी के पिता प्रदुम्न चौधरी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मुरारी की तबीयत ठीक नहीं चल रही थी, जिससे परिवार चिंतित था। अंतिम बार फोन पर बातचीत होने के बाद उनका मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई। इसके बाद मुरारी के दोस्त रोहित कुमार से संपर्क किया गया। रोहित ने बताया कि मुरारी को इलाज के लिए रांची ले जाया जा रहा है। रांची में इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। बाद में अधिकारियों से संपर्क करने और दबाव बनाने के बाद परिजनों को उनके शहीद होने की जानकारी दी गई। मुरारी चौधरी अपने पीछे पत्नी नंदिनी देवी के साथ एक बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं। ममेरे भाई सत्यम चंद्र ने बताया कि हम लोगों को 6 तारीख को पता चला कि इनका तबीयत खराब है। छोटे भाई गुमला जाने की तैयारी में थे। दो-तीन घंटे बाद पता चला कि निधन हो गया। यूनिट से बताया कि लगातार दस्त हुआ, पानी की कमी से मौत हुई है।

**नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में शामिल थे:** जानकारी के मुताबिक मुरारी कुमार नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में शामिल थे। केंद्र सरकार की ओर से नक्सलियों के खात्मे को लेकर 31 मार्च तक दिए गए अल्टीमेटम को लेकर झारखंड के सारंडा और कोलबोंगा सारंडा में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई चल रही है। बचे हुए नक्सलियों के खात्मे को लेकर ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

# होली पर डीजे विवाद, पुलिस पर पथराव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित नया टोला दरियापुर गांव में होली के दिन डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस पर पथराव की घटना हुई थी। इस घटना के बाद से गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पुलिस की कार्रवाई के चलते ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस पर बेवजह मारपीट करने और घरों में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। गांव की महिलाओं का कहना है कि पुलिस ने कार्रवाई के दौरान कई निर्दोष लोगों के साथ मारपीट की और घरों में घुसकर सामान भी तोड़ा।

**पुलिस ने 11 लोगों को किया गिरफ्तार:** दैनिक भास्कर की पड़ताल में सामने आया है कि पुलिस ने इस मामले में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना में शामिल अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार गांव में छापेमारी कर रही है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के कारण गांव में भय का माहौल है। कई ग्रामीणों ने पुलिस के डर से अपने घरों में ताला लगाकर गांव छोड़ दिया है। पड़ताल के दौरान लगभग 14 घरों में ताला लगा हुआ पाया गया। ग्रामीण बाहरी व्यक्तियों से



बात करने से भी बच रहे हैं। उनमें यह डर भी है कि कहीं बाहर से आने वाला कोई व्यक्ति पुलिस का मुखबिर न हो।

**पुलिस कार्रवाई से मवेशियों पर भी असर:** यह भी सामने आया कि जिन परिवारों के लोग घर छोड़कर चले गए हैं, उनके मवेशी भी परेशानी में हैं। कई घरों के बाहर और अंदर गाय-भैंस बंधी हुई मिलीं, लेकिन उन्हें चारा-पानी देने वाला कोई नहीं था। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो दिनों से कई मवेशी भूखे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लोग पुलिस के डर से घर लौटने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। कुछ लोग गंगा किनारे, तो कुछ बगीचे और दियारा क्षेत्र में शरण लेकर रह रहे हैं।

**रातभर छत पर बैठकर गुजारनी पड़ रही रात:** गांव की महिलाओं से बातचीत के दौरान शुरुआत में वे कुछ भी बताने से हिचक रही थीं। लेकिन भरोसा दिलाने के बाद शोभा देवी, नेहा कुमारी, रूबी देवी, सबिता कुमारी और नवल किशोर पासवान सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि होली के दिन गांव के कुछ युवक डीजे बजा रहे थे। इसी दौरान पुलिस पहुंची और अचानक लाठीचार्ज शुरू कर दिया। इसके बाद कुछ लोगों द्वारा पुलिस पर पत्थरबाजी की गई। महिलाओं का आरोप है कि इसके बाद लगभग 50 की संख्या में पुलिसकर्मी गांव में पहुंचे और घरों की छत पर चढ़कर दरवाजे-खिड़कियां तोड़ते हुए घरों में घुस गए। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों तक को नहीं छोड़ा। कई घरों के दरवाजे, खिड़कियां और वेंटिलेटर तोड़ दिए गए और जो भी पुरुष घर में मिला, उसे पकड़कर साथ ले जाया गया।

**कैंसर पीड़ित बुजुर्ग ने सुनाई आपबीती:** गांव में जांच के दौरान 60 वर्षीय कैंसर पीड़ित नरेश कुमार पासवान ने बताया कि घटना के दिन वे घर में सो रहे थे। उसी दौरान पुलिस छत के रास्ते घर में घुस आई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके दरवाजे और खिड़कियां तोड़ दीं और उनके साथ भी मारपीट की।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान, के तहत तीन प्रखंडों में हुई बैठक

**आरा**। जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से संगठन सृजन अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से बैठकें एवं संवाद कार्यक्रम किए गए। इन कार्यक्रमों में अंबा प्रसाद कुमार आशीष एवं रंजीत वाल्मीकि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के तहत पीरो, चरपोखरी और उदवंतनगर प्रखंडों में बैठकें की गईं। पीरो में बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल सलाम कुरैशी, चरपोखरी में बबन पांडे और उदवंतनगर में नंद जी राम ने किया। तीनों बैठकों की अध्यक्षता भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने की। अंबा प्रसाद ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ताओं और मजबूत बूथ संगठन में होती है। यदि बूथ स्तर तक संगठन सक्रिय और संगठित रहेगा, तो कांग्रेस की विचारधारा गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पारदर्शिता, समर्पण और सामूहिक नेतृत्व की भावना के साथ संगठन सृजन अभियान को सफल बनाने की अपील की। प्रदेश ऑब्जर्वर कुमार आशीष ने कहा कि यह अभियान पार्टी के लिए ऐतिहासिक अवसर है, जिसके माध्यम से जमीनी कार्यकर्ताओं को नेतृत्व में आगे लाने और संगठन में नई ऊर्जा का संचार करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और अनुशासन के साथ संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस की ओर से नियुक्त ऑब्जर्वर रंजीत वाल्मीकि ने भी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार द्विवेदी, डॉ. श्रीघर तिवारी, उपेंद्र सिंह मुखिया, दिलीप कुमार पांडेय, पंकज सिंह मुखिया, राकेश कुमार त्रिपाठी, टप्पू तिवारी, रवि राम, शाहिद खान और सुनील यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन सृजन अभियान पार्टी को पंचायत व बूथ स्तर तक मजबूत करने की पहल है। इसके तहत नए पदाधिकारियों का चयन, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण, युवाओं को मौका और गुटबाजी कम कर संगठन को सक्रिय व सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

### होली से पहले वेतन भुगतान नहीं होने से शिक्षक व कर्मियों में नाराजगी

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के आदेश के बावजूद रामनारायण साह सर्वोदय महाविद्यालय, गंज भड़सरा के सभी शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों को होली के पहले वेतन का भुगतान नहीं हो सका। वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों और कर्मचारियों में नाराजगी देखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार महाविद्यालय के 53 शिक्षक और 66 शिक्षकेतर कर्मियों को एक वर्ष का बकाया वेतन होली के शुभ अवसर पर भुगतान किया जाना था। इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से भी निर्देश जारी किया गया था, लेकिन आदेश के बावजूद अब तक भुगतान नहीं हो पाया है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से वेतन भुगतान को लेकर आदेश प्राप्त हुआ था, लेकिन बैंक की लापरवाही से अभी तक शिक्षकों और कर्मचारियों के खाते में वेतन नहीं भेजा जा सका है। विश्वविद्यालय ने वेतन भुगतान के लिए प्रभारी प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि को संयुक्त रूप से महाविद्यालय के खाता संचालन करने के लिए अधिकृत किया था ताकि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता होने पर रोक लगाई जा सके। इसके बावजूद भुगतान नहीं हो सका। हालांकि महाविद्यालय प्रशासन इस दिशा में प्रयासरत है और जल्द ही सभी कर्मियों और शिक्षकों को वेतन भुगतान करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इधर, वेतन भुगतान में देरी को लेकर शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। उनका कहना है कि होली जैसे बड़े पर्व के अवसर पर वेतन नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय और महाविद्यालय प्रशासन से शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

### करंट से महिला व युवती झुलसी, भर्ती

**आरा**| नवादा थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग मोहल्लोंमे शनिवार को एक महिला और एक युवती बिजली के प्रवाहित तार और रॉड की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी आशा देवी घर में इलेक्ट्रिक रॉड से पानी गर्म कर रही थी। इसी दौरान असावधानीवश उनका हाथ बिजली के चालू रॉड से स्पर्श कर गया। रॉड में करंट प्रवाहित होने के कारण वह घायल हो गई और मौके पर ही गिर पड़ी।

### बिहार के फैसले बिहार के नेता नहीं गुजरात के दो नेता कर रहेः सांसद

**बक्सर**। नीतीश कुमार के राज्य सभा जाने से नाराज जदयू के कार्यकर्ता तो होंगे हीं, बिहार के सभी लोगों को इस बात का दुख है। राजनीतिक असहमति और सहमति एक अलग विषय है लेकिन शान के साथ सम्मान के साथ नीतीश कुमार जी ने बिहार के लिए राजनीतिक फैसले लिए हैं वह दिल्ली के इशारे पर नहीं अपने वजूद के आधार पर। उक्त बातें बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने कही। उन्होने कहा कि बिहार में लंबे समय के बाद केन्द्र की राजनीति से हटकर लालू प्रसाद ने समाजवादी विचार धारा को शुरू किया था जो दिल्ली की इशारे पर नहीं बिहार के इशारे पर फैसले होते थे, उसके बाद जब नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री हुए तो लगभग आप देखेंगे की 90 से लेकर 2025 तक लगभग 35 साल बिहार में राजनीतिक रूप से स्वतंत्र फैसला लिया। लालू प्रसाद, रामविलास पासवान, नीतीश कुमार, यहां तक की बीजेपी में भी एक प्रभावशाली नेता सुशील कुमार मोदी जो 74 आंदोलन से निकले थे, उन लोगों ने केंद्र की राजनीति में हस्तक्षेप रखा, लेकिन दिल्ली का हस्तक्षेप बिहार में नहीं था। लेकिन आज बिहार कहां खड़ा है, आप देखेंगे कि दिल्ली से बिहार का फैसला हो रहा है।

### दत्तक ग्रहण संस्थान का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**बक्सर**। डीएम साहिला ने बक्सर स्थित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में कुल 5 बच्चे आवासित पाए गए। डीएम ने बच्चों की देखभाल, खान-पान, चिकित्सा व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बच्चों के भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। कहा कि बच्चों की उम्र और जरूरत के अनुसार भोजन के मेन्यू में आवश्यक सुधार किया जाए। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सप्ताह नियमित चिकित्सा जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा डॉक्टर की सलाह पत्र को सुरक्षित संधारित करने का निर्देश दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम ने एसपी से चौकीदार की प्रतिनियुक्ति करने का अपिल किया। इसके अलावा बच्चों के कमरों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने तथा बच्चों के अनुकूल पेंटिंग और सजावट लगाने की बात कही। डीएम ने सहायक निदेशक को निर्देशित किया कि जिन दंपतियों को नियमानुसार बच्चे दत्तक दिए जाते हैं, उनका समय-समय पर फॉलोअप करना सुनिश्चित किया जाए।

### छठ को ले घाटों का प्रशासन ने किया निरीक्षण

**बक्सर**। चैती छठ पर्व को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को एसडीएम अविनाश कुमार ने विभिन्न गंगा घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संभावित खतरनाक घाटों को चिन्हित कर उन्हें प्रतिबंधित करने तथा प्रमुख घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेटिंग और प्रकाश की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश नगर परिषद के अधिकारियों को दिया। निरीक्षण के क्रम में एसडीएम ने शहर के प्रमुख गंगा घाटों का भ्रमण किया और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान रामरेखा घाट, गायत्री घाट, सतीघाट, गोलाघाट, सिद्धनाथ घाट, पुलिया घाट तथा अहिरौली घाट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चैती छठ पर्व में बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं, इसलिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। एसडीएम ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी घाटों की साफ-सफाई अभियान चलाकर कराई जाए।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी जागरण अभियान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। आरा में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गायत्री प्रज्ञापीठ की ओर से नारी जागरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार से जुड़ी महिला पुरोहितों ने शंखनाद के साथ शहर में भव्य प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी की शुरुआत गायत्री प्रज्ञापीठ रमना मैदान से हुई। जो रमना, महावीर टोला, हरि जी का हाता और पुलिस लाइन सहित शहर के अलग-अलग इलाकों से गुजरते हुए प्रज्ञापीठ परिसर में आकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान महिलाओं ने नारी जागरण और सामाजिक चेतना से जुड़े संदेश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुष्पा सिंह ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने 21वीं सदी को नारी सदी घोषित किया है। आने वाला समय महिलाओं के स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का है और समाज में नेतृत्व की भूमिका अब महिलाएं मजबूती से निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

**समाज सेवा के कार्यों में महिलाओं की भागीदारीः** इस अवसर पर निशांत भारद्वाज ने कहा कि गायत्री परिवार से जुड़ी महिलाएं अपने घर-परिवार के दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के साथ ही समाज सेवा के कार्यों में भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रही हैं। महिलाएं बाल संस्कार शाला का संचालन, स्वावलंबन को बढ़ावा देने, वृक्षारोपण, रक्तदान और पुरोहित कार्य जैसे अनेक सामाजिक कार्यों में योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के अंत में मौजूद लोगों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और नारी सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललिता दीदी, मीरा देवी, रीता देवी और रूबी बहन सहित कई महिला कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के चकिया गांव में शनिवार को फंदे से लटका हुआ एक युवक का शव मिला है। मृतक के गले पर निशान है। परिजनों के मुताबिक युवक ने खुदकुशी की है। मृतक की पहचान ओम प्रकाश(22) के तौर पर हुई है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र की है। पिता पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि हर दिन की तरह शनिवार को सुबह 11 बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। शाम में चाय पीने के लिए उसे जगाने गया। कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई जबाव नहीं मिला खिड़की से झांक कर देखा तो कमरे के काराकाट के छत में लगे बांस से अपने गले में बेल्ट बांधकर लटका हुआ था।

**पुलिस ने फंदे से नीचे उताराः** सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतार गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

**घर में मचा कोहरामः** पिता पुरुषोत्तम सिंह ने किसी भी व्यक्ति पर किसी भी प्रकार का कोई आरोप या आशंका नहीं जताया है। साथ ही उन्होंने खुद से आत्महत्या करने की बात कही है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मृतक तीन भाई और एक बहन में छोटा था। परिवार में मां रामावती देवी, भाई चेता, ओमकार है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मछली में गिरी छिपकली, खाने से 9 लोग बीमार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के भगवतीपुर गांव में शनिवार देर शाम छिपकली गिरी मछली खाने से एक ही परिवार के नौ लोगों की तबीयत बिगड़ गई। सभी लोगों को पेट में दर्द एवं उल्टी होने लगा। आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र की है। डॉक्टरों की देखरेख में वीरेंद्र कुमार यादव(35), उनकी पत्नी शीशामुनी देवी(28), बेटी रौशनी कुमारी(14), रितु कुमारी(12), नंदनी कुमारी(6), रागिनी कुमारी(7), बेटा गुलशन कुमार(10), गुंजन कुमार(5) और मजेदार यादव(65) का इलाज चल रहा है।

**खाना खाने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गईः** वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि घर में मछली बना था। जिसमें छिपकली गिरकर मर गई थी। हालांकि किसी ने देखा नहीं और उसी मछली को सभी लोगों ने खा लिया। लास्ट में मरी छिपकली पर नजर पड़ी। कुछ ही देर बाद सभी लोगो की तबीयत बिगड़ने लगी। ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि चार बच्चों को पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत है, जबकि दो से तीन लोगों को उल्टी हो चुकी है। प्राथमिक उपचार कर दिया गया है।

## अमेरिका के दबाव में काम कर रही है भारत सरकार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ पूर्व केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह ने केंद्र सरकार को घेरा, रूस से तेल खरीद पर उठाए सवाल

**आरा**। आरा से पूर्व बीजेपी सांसद राजकुमार सिंह ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्ट साझा करते हुए केंद्र सरकार की विदेश नीति और अमेरिका के साथ संबंधों को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखाः** दुनिया में भारत के स्तर को नरेंद्र मोदी की सरकार ने इतना नीचे गिरा दिया है जितना मैंने अपने 50 साल की सेवा में कभी नहीं देखा। हम रूस से तेल खरीदते रहे हैं क्योंकि रूसी तेल सस्ता है और रूस हमारा मित्र है। रूस-यूक्रेन लड़ाई का बहाना बनाकर अमेरिका ने भारत पर दबाव डाला कि रूस से तेल खरीदना बंद करे और अमेरिका से तेल खरीदे। यूरोप लगातार रूस से तेल और गैस खरीदता रहा है और अमेरिका ने कभी उस पर दबाव नहीं डाला कि वह इसे बंद करे या कम करे। खुद अमेरिका भी रूस से कई तरह का सामान खरीदता रहा है और उसे रोकने की बात नहीं करता है। भारत ने इस पर कोई सवाल नहीं उठाया। यह कमजोरी क्यों? अमेरिका ने भारत पर 50% का टैरिफ लगा दिया। अंतरराष्ट्रीय प्रथा के अनुसार भारत को भी अमेरिकी सामग्री, जिसमें डिजिटल सामग्री भी शामिल है, पर उतना ही टैरिफ लगाना चाहिए था। लेकिन भारत ने अमेरिका के नाजायज कदम के खिलाफ न कुछ कहा और न ही कोई जवाबी टैरिफ लगाया। इस कमजोरी का क्या कारण है? भारत 140 करोड़ आबादी का एक महान देश है। उसे किससे सामग्री खरीदनी है, इसके लिए किसी से इजाजत लेने की आवश्यकता नहीं है। परंतु खाड़ी युद्ध के बाद भारत को रूस से खरीदे जा रहे तेल की मात्रा बढ़ाने की जरूरत पड़ी तो वह अमेरिका के पास अनुमति मांगने गया।

**पीएम को इस्तीफा दे देना चाहिएः** राजकुमार सिंह ने यह भी कहा कि भारत 140 करोड़ आबादी वाला एक महान देश है। उसे किस देश से सामान खरीदना है, इसके लिए किसी की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। लेकिन खाड़ी युद्ध के बाद जब भारत ने रूस से तेल खरीदने की मात्रा बढ़ाने की बात की, तो उसे अमेरिका से अनुमति मांगनी पड़ी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री से जुड़े आरोपों का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि क्या भारत अमेरिका के दबाव में काम कर रहा है। अगर इन आरोपों में जरा भी सच्चाई है तो देश की गरिमा को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में नई बहस छिड़ गई है।

## मनरेगा के तहत 59 यूनिट घेराबंदी, पेड़ मात्र 18 यूनिट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गड़हनी**। प्रखंड गड़हनी में वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के तहत 59 किसानों के खेतों में लोहे के तार व पोल से घेराबंदी कर 59 यूनिट तैयार किए गए। लेकिन योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही सामने आई है। जानकारी के अनुसार 59 यूनिट में से मात्र 18 यूनिट में ही पेड़ लगाए गए हैं, जबकि अधिकांश यूनिटों में अभी तक पौधारोपण ही नहीं किया गया। वहीं चापाकल की व्यवस्था भी सिर्फ दो-चार यूनिटों में ही की गई है। बताया जाता है कि कई यूनिटों में अगस्त-सितंबर 2025 में पौधे लगाए गए थे, लेकिन वहां चापाकल नहीं लगाए जाने के कारण पानी के अभाव में अधिकांश पौधे सूख गए। इससे योजना का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है और सरकारी राशि की उपयोगिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इचरी पंचायत में 7 किसानों के खेत में 7 यूनिट घेराबंदी की गई है कुरकुरी पंचायत में मात्र 5 यूनिट ही खेतों में घेराबंदी हुआ लेकिन पेड़ व चापाकल कही नहीं लगाया गया है। इचरी पंचायत में 7 किसानों के खेत में 7 यूनिट घेराबंदी की गई है लेकिन पेड़ व चापाकल कही नहीं लगाया गया है। बड़ौरा पंचायत में 14 किसानों के खेत में 14 यूनिट घेराबंदी की गई है लेकिन 10 यूनिट में ही पेड़ लगाया गया है और जल्द ही चापाकल भी लगा दिया जाएगा। काउप पंचायत में दो किसानों के खेत में 2 यूनिट घेराबंदी किया गया है लेकिन पेड़ व चापाकल कही नहीं लगा है। वहीं हरपुर पंचायत में भी तीन किसानों के खेत में 3 यूनिट ही घेराबंदी हुआ है लेकिन पेड़ व चापाकल कही नहीं लगाया गया है। हरपुर पंचायत के पीआरएस दिनेश कुमार व बराप पंचायत के पीआरएस रंजय कुमार ने बताया कि घेराबंदी करने के लिय जितने यूनिट का स्वीकृति मुखिया से मिली थी उतने यूनिट में घेराबंदी कर दिया गया है।जल्द ही सभी जगहों पर चापाकल व जहां पेड़ लगाना है लगा दिया जाएगा। मार्च अंत तक आ ही जगहों पर लग जाएगा पेड़ व चापाकल : पीओ कार्यक्रम पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि फरवरी में सभी यूनिटों में पेड़ लगाना था लेकिन पेड़ कम आया था इसलिए कुछ यूनिट में लगा दिया गया है। लेकिन मार्च अंत तक सभी यूनिट में पेड़ व चापाकल लग जाएगा। रही बात पेड़ सीखने की तो जहां जहां पेड़ सुखा हुआ है फिर से आ ही जगहों पर ठेकेदार के द्वारा लगाया जाएगा तभी उनका बिल पास होगा। किस पंचायत में कितने हुआ घेराबंदी, कितने में लगे पेड़ प्रखंड के 8 पंचायत में मात्र 59 यूनिट किसान के खेतों में घेराबंदी तो कर दिया गया लेकिन मात्र अभी तक 18 यूनिट में ही पेड़ लगाया गया है। बगवां पंचायत में 10 यूनिट घेराबंदी हुआ लेकिन पेड़ व चापाकल एक भी यूनिट में नहीं लगाया गया है।बलिगांव पंचायत में भी 10 किसानों ने अपने खेतों में 10 यूनिट में घेराबंदी हुआ है और पेड़ व चापाकल भी सभी यूनिट में लगा दिया गया है लेकिन कुछ पेड़ देख रेख के अभाव में सुख गया है। बराप पंचायत में 8 किसानों के खेत में 8 यूनिट खेत में लोहा के तार व पोल से घेराबंदी किया गया है लेकिन पेड़ मात्र 3 यूनिट में ही लगाया गया है लेकिन चापाकल अभी नहीं लगा है।

## हिन्दी के अकादमिक और रचनात्मक उत्थान के लिए अधिकार-सह-सम्मान मंच की बैठक



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में शनिवार को "हिन्दी अधिकार-सह-सम्मान मंच" की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों के हिन्दी विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य हिन्दी के अकादमिक एवं रचनात्मक विकास के साथ-साथ राजभाषा हिन्दी को उसका उचित सम्मान दिलाने की दिशा में पहल करना था। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. बजरंग प्रताप केसरी ने की। उन्होंने ने कहा कि हिन्दी के समग्र विकास और उसकी गरिमा को बनाए रखने के लिए शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने हिन्दी को राजभाषा के रूप में उसके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए व्यापक अभियान चलाने की घोषणा की और सभी शिक्षकों से इस पहल से जुड़कर इसे सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में प्रो. रणविजय कुमार, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. नवनीत कुमार राय, नीलाम्बुज सिंह, डॉ. मुकेश कुमार राम, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. राजेश विश्वकर्मा, डॉ. अमरेश कुमार, डॉ. अंजू कुमारी, डॉ. चुन्नन कुमारी, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. शुचि स्नेहा तथा डॉ. ज्योति सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों से आए कई शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## कन्या मध्य विद्यालय के छात्रों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण


सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**ब्रह्मपुर**। मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत कन्या मध्य विद्यालय के छात्रों को रोहतास जिले के प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक परिभ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्राओं ने तुतला भवानी, तारा चंडी मंदिर और माझर कुंड जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया।विद्यालय के प्राचार्य सीमा ओझा के नेतृत्व में 30 छात्रों को बस से इन स्थलों पर ले जाया गया जहां उन्हें इन स्थानों के इतिहास, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य की जानकारी दी गई। तुतला भवानी के प्राकृतिक झरने और पहाड़ियों के बीच स्थित मंदिर को देखकर छात्राएं काफी उत्साहित नजर आईं। वहीं तारा चंडी मंदिर के पौराणिक महत्व के बारे में भी उन्हें बताया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना का उद्देश्य छात्रों को पाठ्यपुस्तक के साथ-साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों की जानकारी देना है, ताकि उनका बौद्धिक और सामाजिक विकास हो सके।अब तक ब्रह्मपुर प्रखंड के 20 से अधिक विद्यालय के छात्रों को परिभ्रमण पर ले जाया गया है और प्रतिदिन किसी न किसी विद्यालय के छात्रों को परिभ्रमण कराया जा रहा है। छात्राओं ने माझर कुंड के मनोरम प्राकृतिक दृश्य का भी आनंद लिया और वहां के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सीमा ओझा,ज्ञानसुधा,गुलशन परवीन प्रीत यादव उपस्थित रहे।

# सांसद पर अवैध वसूली का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर में भाजपा ने सांसद सुधाकर सिंह पर शिक्षा विभाग में लाखों रुपये की अवैध वसूली कराने का गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा बक्सर के मुख्य प्रवक्ता दीपक सिंह ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। दीपक सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि सांसद सुधाकर सिंह ने शिक्षा विभाग में अपने एक प्रतिनिधि को नियुक्त कर रखा है, जिसके माध्यम से शिक्षकों और कर्मचारियों से अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि सूचना के अधिकार (RTI) के तहत प्राप्त संसदीय मंत्रालय के पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि किसी भी लोकसभा सांसद को अपने संसदीय क्षेत्र में किसी विभाग के लिए किसी व्यक्ति को अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त करने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद, आरोप है कि सांसद सुधाकर सिंह ने पत्रांक BXR/138 दिनांक 28 दिसंबर 2024 के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर अरविंद कुमार सिंह को अपना प्राधिकृत सहयोगी नामित किया। भाजपा प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि जब ऐसा कोई कानूनी प्रावधान ही नहीं है, तो यह नियुक्ति किस आधार पर की गई।

**7000 रुपए तक की अवैध वसूलीः** दीपक सिंह के अनुसार, सांसद के संरक्षण में अरविंद कुमार सिंह और उनके सहयोगी अजय सिंह शिक्षा विभाग में नियोजित शिक्षकों और अन्य कर्मियों से हर महीने 3000 से 7000 रुपये तक की अवैध वसूली करते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इन दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में प्राथमिकी दर्ज है। भाजपा नेता ने बताया कि अधिकारियों व शिक्षकों पर दबाव बनाने तथा मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिनके सीसीटीवी फुटेज होने का भी दावा किया गया है। जिला शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों ने भी इनकी गतिविधियों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र पांडेय को जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत भी जिलाधिकारी समेत प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई थी। इसके अतिरिक्त, आरोप है कि अरविंद सिंह ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए शिक्षा विभाग में बेंच-डेस्क, मिड-डे मील सामग्री, बर्तन वितरण और टूल किट आपूर्ति जैसे कार्यों में करोड़ों रुपये के सरकारी ठेके हासिल किए हैं।

**टेंडर में भी कथित अनियमितता सामने आईः** दीपक सिंह ने यह भी कहा कि फर्स्ट आइडिया डिजिटल एपलिकेशन नामक कंपनी से जुड़े एक टेंडर में भी कथित अनियमितता सामने आई है। आरोप है कि मिलते-जुलते नाम वाली दूसरी कंपनी फर्स्ट आइडिया डिजिटल एपलिकेशन के साथ समझौता कर करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय सांसद को इसकी जानकारी थी और इसके बावजूद उन्होंने इसका समर्थन किया, तो यह बेहद गंभीर सवाल खड़ा करता है। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि उक्त कंपनी के खाते से अरविंद सिंह, अजय सिंह और उनके रिश्तेदारों के खातों में धनराशि के लेन-देन की बात भी सामने आई है, जिससे पूरे मामले में गहन जांच की आवश्यकता और मजबूत हो जाती है।

**स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच की मांगः** भाजपा ने इस मामले में कई प्रमुख मांगें रखी हैं। पार्टी का कहना है कि पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए, कथित वसूली और वित्तीय लेन-देन की विस्तृत जांच हो तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहटा में अवैध बालू दुलाई पर कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर जब्त; दो चालक वाहन लेकर फरार



**बिहटा**। पटना जिले के बिहटा में अवैध बालू खनन और बिना चालान परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने रविवार सुबह विशेष अभियान चलाया। सुबह करीब नौ बजे आईआईटी अमहारा थाना क्षेत्र के कुंजवा मोड़ से बिहटा-लई मार्ग पर स्थानीय पुलिस और जिला खनन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर कई ट्रैक्टरों की जांच की। जांच के दौरान बालू लदे पांच ट्रैक्टर बिना वैध चालान के परिवहन करते पाए गए। कार्रवाई की भनक लगते ही ट्रैक्टर चालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान दो चालक अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गए, जबकि टीम ने तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। जब्त वाहनों को आईआईटी अमहारा थाना लाकर रखा गया है। खनन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जब्त किए गए तीनों ट्रैक्टर सोन नदी के तटीय क्षेत्रों से बालू लाकर बिना वैध चालान के परिवहन कर रहे थे। नियमों का उल्लंघन करने के कारण इन ट्रैक्टरों पर कुल 3 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिला खनन पदाधिकारी गोविंद कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि सोन नदी के किनारे स्थित क्षेत्रों में अवैध बालू खनन और परिवहन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी के मद्देनजर खनन विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना वैध चालान के बालू परिवहन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी और भारी जुर्माना लगाया जाएगा। अभियान में आईआईटी अमहारा थाना पुलिस ने भी सक्रिय सहयोग किया। प्रशासन ने कहा कि अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं जब्त किए गए ट्रैक्टरों के खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### महिला दिवस पर लिए गए 5 संकल्पः एम्पावरमेंट और जेंडर इक्वलिटी को बढ़ावा देने का टारगेट

**हाजीपुर**। वैशाली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए पांच प्रमुख संकल्प लिए गए। इन संकल्पों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आजीविका से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनके विरुद्ध होने वाली हिंसा व भेदभाव को समाप्त करना है। पहले संकल्प में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना (MMRY) के माध्यम से अधिक महिलाओं को आजीविका से जोड़ने पर जोर दिया गया। इसका लक्ष्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और श्रमबल में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। दूसरे संकल्प के अनुसार, महिलाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की हिंसा, भेदभाव और उत्पीड़न का विरोध किया जाएगा। साथ ही, 'सुरक्षित रास्ता विकास का रास्ता' संदेश को गांव, पंचायत और समाज में प्रसारित करने का आह्वान किया गया। तीसरे संकल्प में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए सजग रहने और कानून की जानकारी देने का प्रावधान है। इसमें अपने क्षेत्र में बाल विवाह न होने देने की प्रतिबद्धता भी शामिल है। चौथे संकल्प के तहत, समाज में लैंगिक समानता, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य किया जाएगा।

### हाजीपुर सदर अस्पताल से बाइक चोरी

**हाजीपुर**। हाजीपुर सदर अस्पताल परिसर से शनिवार दोपहर करीब 3 बजे एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। गोरौल थाना क्षेत्र के चांदपुरा कला गांव निवासी लालजी शाह ने इस संबंध में नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। लालजी शाह अपनी BR06Aw 3987 नंबर की मोटरसाइकिल से निजी काम के लिए अस्पताल आए थे। उन्होंने अस्पताल के मुख्य गेट पर पार्किंग का टोकन लेकर अपनी बाइक पार्किंग एरिया में खड़ी की थी। काम समाप्त होने के बाद जब वे वापस लौटे, तो मोटरसाइकिल गायब मिली। इस घटना के बाद मोटरसाइकिल मालिक लालजी शाह ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्किंग टोकन होने और गेट पर चार सुरक्षा गार्डों की तैनाती के बावजूद बाइक कैसे चोरी हो गई। लालजी शाह ने सुरक्षा गार्डों पर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल उठाया कि गार्डों ने कूपन की जांच क्यों नहीं की। यह घटना अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। सदर अस्पताल में पहले भी लगातार बाइक चोरी की घटनाएं होती रही थीं। इन पर अंकुश लगाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने पार्किंग टोकन सिस्टम शुरू किया था। इस सिस्टम के लागू होने के बाद दो महीने तक कोई बाइक चोरी नहीं हुई थी, लेकिन अब दो महीने बाद यह पहली चोरी की घटना सामने आई है। नगर थाना अध्यक्ष सिकंदर कुमार ने इस संबंध में जानकारी दी।

### चरित्र प्रमाण-पत्र में देरी को लेकर 3 थानाध्यक्षों पर कार्रवाई

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस अधीक्षक ने चरित्र प्रमाण पत्र बनाने में देरी के मामले में तीन थानाध्यक्षों पर आर्थिक दंड लगाया है। यह कार्रवाई बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक वैशाली ने 7 मार्च 2026 को ऑनलाइन चरित्र प्रमाण पत्र आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा की थी। इस दौरान पाया गया कि कुछ मामलों में निर्धारित समय-सीमा के बाद भी आवेदनों के निपटारे में देरी हुई थी। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, लालगंज, गोरौल और जुड़ावनपुर के थानाध्यक्षों पर पांच-पांच हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया गया है। यह राशि उनके वेतन से वसूल कर सरकारी खजाने में जमा की जाएगी। वैशाली पुलिस बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन 14 दिनों के भीतर करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय-सीमा का पालन न करने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में प्रतिबंधित दवाओं का बड़ा जखीरा बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। राजधानी पटना में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अगमकुआं थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रतिबंधित इंजेक्शन और टैबलेट के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की गई हैं, जिनकी कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बाईपास स्थित एनआरएल पेट्रोल पंप के पास कुछ लोग झोले में प्रतिबंधित दवाएं रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर तीनों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से नशे में इस्तेमाल होने वाली कई प्रकार की प्रतिबंधित दवाएं और इंजेक्शन बरामद किए गए।

**गोदाम से भी मिला भारी मात्रा में स्टॉकः** पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जकरियापुर इलाके में एक जगह पर और भी बड़ी मात्रा में दवाएं छिपाकर रखी गई हैं। इसके बाद पुलिस ने उनकी निशानदेही पर वहां छापेमारी की, जहां से लगभग 20 लाख रुपये मूल्य की प्रतिबंधित दवाएं बरामद की गईं।

**नशीली दवाओं और इंजेक्शनों की बड़ी खेप बरामदः** पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाएं बरामद की हैं। इनमें अल्प्राजोलम की 10,800 गोलियां, लेगेसिक इंजेक्शन 60 पीस, साइलेंट इंजेक्शन 52 पीस, टेलजेसिक इंजेक्शन 59 पीस, रेनकाउट इंजेक्शन 10 पीस, जेपाइन इंजेक्शन 130 पीस, बिना लेबल वाले 90 इंजेक्शन, एविल इंजेक्शन 10,600 पीस और फेनरगन इंजेक्शन 330 पीस शामिल हैं। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

**दूसरे राज्यों से मंगाई जा रही थी दवाः** प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि प्रतिबंधित दवाएं पार्सल के माध्यम से दूसरे राज्यों से मंगाई जाती थीं और फिर यहां बेचने के लिए स्टोर की जाती थीं। हालांकि अभी तक उन्होंने मुख्य सरगना या सप्लाई करने वाले राज्यों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। पूर्वी पटना के पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन दवाओं की सप्लाई कहां से हो रही थी और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।

## नशे की हालत में घूम रहा नामजद आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**मसौढ़ी**। मसौढ़ी थाना पुलिस ने एक मामले में नामजद अभियुक्त को नशे की हालत में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सगुनी गांव निवासी रंजीत राम के पुत्र अनूप कुमार के रूप में हुई है। वह थाना कांड संख्या 161/26 में नामजद अभियुक्त बताया गया है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा नशा और अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि उक्त अभियुक्त नशे की हालत में इधर-उधर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाने लाने के बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और मेडिकल जांच कराई, जिसमें उसके नशे की हालत में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद संबंधित कांड में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। मसौढ़ी थाना प्रभारी विवेक भारती ने बताया कि थाना कांड संख्या 161/26 के नामजद अभियुक्त अनूप कुमार को नशे की हालत में पकड़ा गया है। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और नशा व अपराध पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## पटना सिटी में लूट का विरोध करने पर युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। आलमगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़ गए हैं कि अब लूटपाट का विरोध करने पर लोगों पर हमला किया जा रहा है। शनिवार को निर्माणाधीन पुल के पास कावेरी स्वीट्स के समीप चार अपराधियों ने एक युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसका मोबाइल फोन व नकदी लूटकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक कावेरी स्वीट्स के पास से गुजर रहा था, तभी पहले से घात लगाए चार अपराधियों ने उसे घेर लिया। अपराधियों ने युवक के साथ धक्का-मुक्की कर उसका सामान छीनने की कोशिश की। जब युवक ने लूटपाट का विरोध किया तो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिसके बाद अपराधी उसका मोबाइल और नकद रुपये लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान कुणाल के रूप में हुई है, जो मूल रूप से सुपौल जिले का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि वह किसी काम से पटना आया हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। थाना प्रभारी राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना में शामिल आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आलमगंज थाना क्षेत्र में पिछले दो दिनों के भीतर चाकूबाजी की यह दूसरी घटना है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## महिला दिवस विशेष : साहस और समर्पण की मिसाल बनीं लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन महिलाओं की कहानियां विशेष रूप से सामने आती हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों और सामाजिक बाधाओं को पार करते हुए अपने लिए नई पहचान बनाई है। ऐसी ही एक प्रेरणादायी शख्सियत हैं मसौढ़ी अनुमंडल के लहसुना थाना की थानाध्यक्ष खुशबू खातून, जिन्होंने अपने साहस, मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर पुलिसिंग जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में उल्लेखनीय मुकाम हासिल किया है। खुशबू खातून न केवल कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, बल्कि समाज में महिलाओं के लिए एक प्रेरणा भी बन चुकी हैं। उनका मानना है कि पुलिस की वर्दी सिर्फ जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि समाज की सेवा का एक बड़ा माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी में हर कदम पर जोखिम होता है, लेकिन जब किसी पीड़ित बच्चे को उसकी मां से मिलाने में सफलता मिलती है, तो उस पल की खुशी सभी जोखिमों को भुला देती है।

खुशबू खातून ने बताया कि उनके माता-पिता खुले विचारों वाले रहे हैं और उन्होंने कभी भी भाई-बहनों के बीच भेदभाव नहीं किया। परिवार के सहयोग और विश्वास ने ही उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने में परिवार की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। अभिभावकों को बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार करना चाहिए, उनकी भावनाओं को समझना चाहिए और उन्हें अपने फैसले लेने की स्वतंत्रता देनी चाहिए। उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए बताया कि पुलिस सेवा में आने के लिए उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ी। समाज के कुछ लोगों ने उनकी राह में ताने भी दिए, लेकिन उनकी माताजी ने कभी हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपनी बेटी की पढ़ाई और तैयारी में पूरा सहयोग दिया और हमेशा हौसला बढ़ाया। खुशबू खातून का कहना है कि उनकी सफलता के पीछे उनकी मां का सबसे बड़ा योगदान है।

खुशबू खातून ने यह भी बताया कि आज भी कई समाजों में महिलाओं को घर से बाहर स्वतंत्र रूप से निकलने और अपनी बात रखने के पर्याप्त अवसर नहीं मिलते। ऐसे में जरूरी है कि परिवार और समाज मिलकर महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। आज खुशबू खातून अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कर रही हैं। खास बात यह भी है कि उनके पति भी पुलिस विभाग में कार्यरत हैं, जिससे दोनों मिलकर समाज की सुरक्षा और सेवा में योगदान दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खुशबू खातून जैसी साहसी महिला पुलिस अधिकारी यह साबित करती हैं कि अगर हौसला मजबूत हो और परिवार का साथ मिले, तो महिलाएं किसी भी क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं। उनकी कहानी न केवल महिलाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि बेटियों को अवसर दिया जाए तो वे हर चुनौती को पार कर सफलता हासिल कर सकती हैं। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे सराहनीय कार्य किए हैं, जिनकी वजह से समाज में उनकी एक अलग और मजबूत पहचान बनी है। उन्होंने हमेशा महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है। खुशबू खातून लगातार महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और हर परिस्थिति में हिम्मत के साथ खड़े रहने का संदेश देती रही हैं।

# बिहटा नगर परिषद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह, महिला सफाई मित्रों और खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**बिहटा**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिहटा नगर परिषद के सभाकक्ष में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर परिषद बिहटा और मेरा युवा भारत, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से नगर क्षेत्र में स्वच्छता कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला सफाई मित्रों तथा खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद बिहटा की सभापति प्रियंका कुमारी, उपसभापति दीपिका सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी साक्षी पाठक, समाजसेवी रिंकू सिंह, अविनाश कुमार सिंह, बबलू कुमार और सर्वेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर अपने विचार भी व्यक्त किए।

**महिला दिवस पर आयोजित हुई दौड़ प्रतियोगिताः** इस अवसर पर आशा स्पोर्ट्स अकादमी, बिहटा की ओर से "अस्मिता महिला खेल महोत्सव/लीग" के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग की बालिकाओं ने 100 मीटर दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, बैडमिंटन और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।

**महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया गया जोरः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति प्रियंका कुमारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, उनके योगदान और समाज में उनकी भूमिका को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद बिहटा महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही एक विशेष समिति का गठन करने जा रहा है, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान प्रभावी तरीके से किया जा सके।

उपसभापति दीपिका सिंह ने कहा कि यह दिन महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज में न्याय की भावना मजबूत नहीं होगी, तब तक अधिकारों का वास्तविक महत्व नहीं समझा जा सकता। स्वच्छता पदाधिकारी साक्षी पाठक ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की 115वीं वर्षगांठ इस बात का प्रतीक है कि यदि महिलाओं को उचित अवसर और समर्थन मिले तो वे हर क्षेत्र में सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

**युवा मंडल के सदस्य भी रहे मौजूदः** कार्यक्रम में युवा मंडल के अध्यक्ष मनीष कुमार, हिमांशु सिंह सहित कई अन्य सदस्य और नगर परिषद के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, समानता और उनके योगदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है।

## महिला दिवस पर लहसुना थाना में जागरूकता कार्यक्रम, महिलाओं को सुरक्षा योजनाओं व हेल्पलाइन की दी गई जानकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को लहसुना थाना परिसर में महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने महिलाओं को सुरक्षा, अधिकार और सरकारी योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम में महिलाओं को बिहार सरकार द्वारा संचालित महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल युग में साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में सतर्कता और जागरूकता बेहद जरूरी है। इस मौके पर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई और बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या आपात स्थिति में इन नंबरों पर संपर्क कर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना पुलिस और सरकार की प्राथमिकता है। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। जब महिलाएं अपने अधिकारों और सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक होंगी, तभी वे किसी भी तरह की समस्या का मजबूती से सामना कर सकेंगी। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम समाज के लिए बेहद उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, रोजगार, प्रशासन और समाज के हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# पटना में शुरू होगा वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट, 908 करोड़ की योजना से बदलेगा नदी परिवहन का स्वरूप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। बिहार की राजधानी पटना में जल्द ही जल परिवहन के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। शहर को वाटर मेट्रो की सौगात मिलने जा रही है, जिस पर करीब 908 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य पटना की सड़कों पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करना, साथ ही गंगा नदी के जरिए पर्यटन और यातायात को नई दिशा देना है। परियोजना के तहत गांधी घाट पर चार्जिंग प्वाइंट के निर्माण का कार्य शुरू होने के साथ ही योजना ने गति पकड़ ली है।

**पहला चरणः गांधी घाट से गायघाट तक 10.5 किमी का रूटः** वाटर मेट्रो के पहले चरण में लगभग 10.5 किलोमीटर लंबे मार्ग पर परिचालन की योजना बनाई गई है। इसके प्रमुख पड़ाव गांधी घाट और गायघाट होंगे। शुरुआत में यह सेवा दीघा घाट और कंगन घाट के बीच संचालित होगी। इस मार्ग के शुरू होने से यात्रियों को गंगा नदी के रास्ते तेज और सुगम यात्रा का विकल्प मिलेगा। साथ ही यह सफर गंगा की लहरों के बीच एक अलग अनुभव भी देगा। आगे चलकर इस परियोजना का विस्तार करते हुए इसमें कुल 10 टर्मिनल और चार अलग-अलग रूट विकसित करने की योजना तैयार की गई है, जिससे पटना के कई घाट आपस में जलमार्ग के जरिए जुड़ सकेंगे।

**दूसरे चरण में हाजीपुर और सोनपुर तक कनेक्टिविटीः** परियोजना के दूसरे चरण में वाटर मेट्रो को पटना से आगे बढ़ाकर हाजीपुर और सोनपुर तक विस्तारित करने की योजना है। प्रस्तावित रूट कंगन घाट से शुरू होकर गायघाट, गांधी घाट और दीघा घाट से गुजरते हुए पानापुर, काली घाट (सोनपुर) और छेछर घाट तक जाएगा। इस विस्तार से गंगा के दोनों किनारों पर बसे शहरों के बीच आवागमन आसान हो जाएगा और उत्तर व दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी नावेंः** वाटर मेट्रो में इस्तेमाल होने वाली नावें पूरी तरह वातानुकूलित होंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए 'एमवी गोमधर कुंवर' नामक आधुनिक बोट का उपयोग किया जाएगा, जिसकी एक इकाई की लागत लगभग 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से इन नावों में सीसीटीवी कैमरे, स्वचालित बोट लोकेशन प्रणाली और अन्य आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तीन से चार बचाव नौकाएं भी तैनात रहेंगी। खास बात यह है कि ये नावें हाइब्रिड तकनीक पर आधारित होंगी, जिससे ईंधन की खपत कम होगी और पर्यावरण पर भी न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा।

**केंद्र और राज्य सरकार का संयुक्त प्रयासः** यह परियोजना भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और बिहार सरकार के संयुक्त सहयोग से विकसित की जा रही है। तकनीकी सहायता के लिए कोच्चि शिपयार्ड के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। इंजीनियरों द्वारा नावों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि तेज गति से चलने पर भी वे नदी में कम लहरें पैदा करें, जिससे गंगा के प्राकृतिक पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र पर कोई नकारात्मक असर न पड़े। वाटर मेट्रो परियोजना के शुरू होने से पटना में जल परिवहन को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### भूत सवार होने के शक में युवती को रस्सी से बांधकर झाड़-फूंक कराने ले गए परिजन



**पश्चिमी सिंहभूम।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी क्षेत्र से अंधविश्वास से जुड़ी एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवती को भूत सवार होने की आशंका जताकर उसके ही परिजनों ने रस्सी से बांध दिया और कथित तौर पर झाड़-फूंक कराने के लिए ओझा के पास ले गए। वे किस ओझा के पास गये,इसकी जानकारी परिजनों ने नहीं दी।घटना शनिवार रात नोवामुंडी क्षेत्र के तोड़े टोपा गांव है। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी राजू दास की बेटी के व्यवहार में अचानक बदलाव आने की बात परिवार के लोग कह रहे हैं। युवती के भाई और भाभी का दावा है कि वह पिछले कुछ दिनों से असामान्य हरकतें कर रही थी। उनके अनुसार युवती अचानक घर से इधर-उधर भागने लगती थी और अजीब तरह से व्यवहार करती थी। इसी कारण उसे काबू में रखने के लिए कपड़े की रस्सी से उसकी कमर बांध दी गई थी। परिजनों का यह भी कहना है कि कुछ दिन पहले झिकपानी इलाके में एक युवक की मौत हुई थी। उन्हें शक है कि उसी मृत युवक की आत्मा युवती पर सवार हो गई है। इसी डर और अंधविश्वास के चलते परिवार के लोग उसे झाड़-फूंक कराने के लिए ओझा के पास ले जाने की बात कह रहे थे। जब युवती के भाई से इस संबंध में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि बहन के अचानक भागने और अनियंत्रित व्यवहार के कारण उसे रस्सी से बांधना पड़ा। इस घटना के सामने आने के बाद गांव और आसपास के इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कई स्थानीय लोगों का कहना है कि आज के आधुनिक समय में भी ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास की जड़ें गहरी हैं। उनका मानना है कि ऐसी स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय डॉक्टर से इलाज कराना और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सलाह लेना ज्यादा जरूरी होता है।

### आदिवासी अस्मिता संस्कृति की बात करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत राष्ट्रपति के अपमान पर मौन क्यों : आदित्य साहू



**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी( भाजपा )के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने पश्चिम बंगाल में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से संवैधानिक प्रोटोकॉल का अनुपालन नहीं किए जाने,राष्ट्रपति को अपमानित किए जाने की कड़ी निंदा की है। साहू ने शनिवार देर रात प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह अपमान पूरे राष्ट्र का अपमान है,जनजाति समाज के गौरव और प्रतिष्ठा का अपमान है। जनजाति संस्कृति और परंपरा का अपमान है। उन्होंने कहा कि आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने राजनीतिक मर्यादाओं को छिन्न भिन्न कर दिया। आजाद भारत के इतिहास में ऐसा व्यवहार कभी नहीं हुआ। ऐसा लगता है जैसे ममता बनर्जी ने मानसिक संतुलन खो दिया है। साहू ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह भी है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो खुद को आदिवासी समाज का अगुवा मानते हैं एक संथाल समाज की बेटी के अपमान पर मौन साधे बैठे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड का जनजाति समाज इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

### महिला दिवस पर बिष्टुपुर चेंबर में महिला सम्मान समारोह आयोजित



**पूर्वी सिंहभूम।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मानवाधिकार अपराध रोधी संगठन की ओर से रविवार को बिष्टुपुर स्थित चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अर्चना सिंह ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता विनीता मिश्रा और पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद संगठन की ओर से सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, पौधा, शॉल और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान महिलाओं के योगदान और उनके अधिकारों को लेकर विशेष चर्चा भी की गई। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश साह, आदित्यपुर नगर निगम की उप आयुक्त पारुल सिंह, न्यायिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि, एमएस प्रतियोगिता में लगातार जीत दर्ज करने वाली श्रेया अधर, सदर अस्पताल की ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. प्रीति पांडे, दंत चिकित्सक जसवीर कौर, अधिवक्ता और प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़ी महिला पत्रकारों ने महिला दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस मौके पर समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए फातिमा शाहीन, गीता सिंह, मनजीत कौर, बी. लक्ष्मी, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, रवि, पुष्पराज और सामाजिक संस्था समर्पण की टीम को प्रशस्ति पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अर्चना सिंह ने संगठन की ओर से किए जा रहे सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी और कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन लगातार प्रयासरत है। वहीं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश साह ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूनम देवी, बबली, रितु कौर, ममता भूमिज, महावीर साहू सहित संगठन के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जल महोत्सव पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ



**खूंटी।** उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर भवन में जिला जल एवं स्वच्छता समिति, जिला समाज कल्याण विभाग एवं जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान जल महोत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से खूंटी जिले की महिलाओं की ओर से खेल, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे। उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। साथ ही समाज कल्याण विभाग एवं जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं का लाभ उठाने तथा इन योजनाओं से जुड़कर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने जल महोत्सव पखवाड़ा के उद्देश्यों की जानकारी दी और बताया कि जल महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन आठ मार्च से 22 मार्च तक किया जाएगा। भारत सरकार की ओर से इस संबंध में तिथिवार कार्यक्रमों के आयोजन का निर्देश प्राप्त हुआ हैं। सभी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का तिथिवार सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जल संरक्षण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया, जल सहिया, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, प्रखंड वॉश समन्वयक सहित अन्य को सम्मानित किया गया। साथ ही जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा इस पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# यूनिवर्सल पीस पैलेस में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



सोनारी स्थित मरीन ड्राइव के यूनिवर्सल पीस पैलेस में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह, सम्मान और गरिमामय वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही और पूरे कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रमुखता से दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक (आरसीसीएफ) श्रीमती स्मिता पंकज उपस्थित रहीं, जबकि ब्रह्माकुमारीज की कोल्हान प्रमुख और यूनिवर्सल पीस पैलेस की निदेशिका ब्रह्माकुमारी अंजू दीदी भी विशेष रूप से मौजूद थीं। मौके पर अंजू दीदी ने कहा कि समाज की सफलता और प्रगति के पीछे महिलाओं का त्याग, धैर्य और समर्पण सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि महिला वास्तव में शक्ति का स्वरूप है, जिसके भीतर धैर्य, सहनशीलता और हर परिस्थिति को संभालकर आगे बढ़ने की अद्भुत क्षमता होती है। उन्होंने बताया कि घर-परिवार से लेकर समाज और पूरे विश्व के निर्माण और विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहां समृद्धि और सुख अपने आप आ जाते हैं। महिला केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति की सच्ची संरक्षक भी होती है। मुख्य अतिथि स्मिता पंकज ने अपने जीवन के प्रेरणादायक अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक महिला के रूप में पुरुष प्रधान क्षेत्र में काम करना कई बार चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे समय में आध्यात्मिक मार्गदर्शन व्यक्ति को आंतरिक शक्ति देता है और सही दिशा दिखाता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी जैसे आध्यात्मिक संस्थान लोगों को मानसिक मजबूती और सकारात्मक सोच प्रदान करते हैं। उन्होंने अपने अनुभव से यह भी बताया कि जीवन का सबसे बड़ा पाठ उन्होंने यह सीखा है कि जब इंसान अपने अहंकार पर विजय पा लेता है, तब वह जीवन की हर चुनौती का सामना आसानी से कर सकता है। कार्यक्रम में करीब सौ से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया और सभी ने नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक संकल्प के साथ कार्यक्रम से विदाई ली।

## राष्ट्रपति के साथ ममता बनर्जी और बंगाल सरकार का व्यवहार अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक : बाबूलाल



**एजेंसी। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बंगाल सरकार की ओर से राष्ट्रपति के साथ किए गए व्यवहार की कड़ी निंदा की है। मरांडी ने शनिवार रात सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में आयोजित 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन के दौरान संथाल आदिवासी समाज की बेटी एवं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ पश्चिम बंगाल सरकार का व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के प्रति इस प्रकार का रवैया न केवल प्रोटोकॉल का उल्लंघन है,बल्कि यह आदिवासी समाज की भावनाओं को भी आहत करता है। राष्ट्रपति के शब्दों में जो पीड़ा और असहजता झलक रही थी,वह पूरे देश ने महसूस की। उन्होंने कहा कि ममता दीदी,राजनीति अपनी जगह है,लेकिन राष्ट्र के सर्वोच्च पद और उससे जुड़े प्रोटोकॉल का सम्मान हर राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। आपसे अपेक्षा थी कि आप लोकतांत्रिक मर्यादाओं,संवैधानिक पदों के सम्मान और शिष्टाचार का पालन सुनिश्चित करेंगी,लेकिन आपने सत्ता के अहंकार में राष्ट्रपति पद की गरिमा और संथाल आदिवासी समाज को अपमानित करने का काम किया है।

## पूर्वी सिंहभूम : दस सेकेंड में 48 एशियाई देशों के नाम गिनाकर 10 साल के शौर्य ने किया कमाल

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



शहर के एक 10 वर्षीय छात्र ने अपनी असाधारण स्मरण शक्ति और प्रतिभा से सभी को चौंका दिया है। इस नन्हे प्रतिभाशाली बच्चे ने मात्र 10 सेकेंड में एशिया के 48 देशों के नाम गिनाकर एक अनोखा रिकॉर्ड बना दिया है। बच्चे की इस अद्भुत क्षमता को देखकर उसके स्कूल के शिक्षक, प्रबंधन और परिवार के लोग बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। अब बच्चे का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। यह होनहार छात्र शौर्या चंदेल जमशेदपुर स्थित जूनियर कार्मल स्कूल का आठवीं क्लास का विद्यार्थी है, और दस वर्ष उम्र है। इतनी कम उम्र में उसकी याददाश्त और आत्मविश्वास को देखकर स्कूल के शिक्षक भी हैरान हैं। बताया जा रहा है कि बच्चे को शुरू से ही सामान्य ज्ञान और देशों के नाम याद करने में विशेष रुचि रही है। नियमित अभ्यास और परिवार के प्रोत्साहन की बदौलत उसने यह अनोखी उपलब्धि हासिल की है। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर सैरल ने बच्चे की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में बच्चे अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाना चाहते हैं। ऐसे में शौर्य ने जो कर दिखाया है, वह पूरे कमाल परिवार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन की भी इच्छा है कि इस उपलब्धि को आधिकारिक रूप से मान्यता मिले और शौर्य का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो। उन्होंने बताया कि बच्चे का नाम पहले ही "इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स" में दर्ज हो चुका है, जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। अब अगला लक्ष्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराना है, जिसके लिए आवश्यक प्रक्रिया और दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। शौर्य की इस उपलब्धि से न सिर्फ उसके परिवार बल्कि स्कूल और शहर के लोगों में भी खुशी का माहौल है। लोगों का मानना है कि अगर बच्चों को सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिले तो वे कम उम्र में भी बड़े-बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं।

## राखामाइंस स्टेशन पर उत्कल एक्सप्रेस के नए ठहराव का शुभारंभ, सांसद ने दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के राखामाइंस रेलवे स्टेशन पर शनिवार को ट्रेन संख्या 18477/18478 पुरी–योगनगरी ऋषिकेश–पुरी उत्कल एक्सप्रेस के नए ठहराव की सुविधा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन परिसर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और रेल यात्री मौजूद रहे तथा ट्रेन के नए स्टॉपेज का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। राखामाइंस और आसपास के क्षेत्रों के लोगों की ओर से लंबे समय से इस ट्रेन के ठहराव की मांग की जा रही थी। अब इस मांग के पूरी होने से स्थानीय लोगों में काफी खुशी देखी गई। लोगों ने सांसद विद्युत वरण महतो और रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सुविधा से क्षेत्र के यात्रियों को दूर-दराज के शहरों तक यात्रा करने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर खड़गपुर मंडल की अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) मनीषा गोयल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक निशांत कुमार, मंडल के अन्य रेलवे अधिकारी, डीआरयूसीसी के सदस्य तथा कई स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि उत्कल एक्सप्रेस के इस ठहराव से राखामाइंस और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को अब सीधे पुरी और योगनगरी ऋषिकेश जैसे प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक यात्रा करने में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे से लगातार संवाद किया जा रहा है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। रेलवे अधिकारियों ने भी भरोसा दिलाया कि यात्रियों की सुविधा और बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए रेलवे प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उत्कल एक्सप्रेस के नए ठहराव से अब स्थानीय यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

## युवती से छिनतई की कोशिश



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के मोदी पार्क के पास शनिवार रात एक युवती से छिनतई की कोशिश की गई। घटना उस समय हुई जब युवती ऑटो से साकची से धतकीडीह की ओर जा रही थी। मिली जानकारी के अनुसार रास्ते में बाइक पर सवार तीन युवक युवती के पास पहुंचे और उसका बैग छीनने का प्रयास करने लगे। युवती ने बैग को मजबूती से पकड़े रखा, जिस कारण बदमाश उसे ऑटो से घसीटते हुए नीचे गिराने लगे। घटना के बारे में जानकारी देते हुए रीना नामक महिला ने बताया कि जैसे ही उन्होंने और आसपास मौजूद अन्य लोगों ने शोर मचाया और युवती की मदद के लिए दौड़े, वैसे ही तीनों युवक मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर पेट्रोलिंग पार्टी वहां पहुंची और पीड़ित महिला से जानकारी ली। पुलिस पार्टी के अनुसार छिनतई करने वाले को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत का आधार है नारी : प्रधान जिला जज

**एजेंसी। खूंटी**




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), खूंटी के तत्वावधान में रविवार को प्रखंड सभागार तोरपा में जिला प्रशासन के सहयोग से विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के तहत लगभग एक करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डीएलएसए रसिकेश कुमार अलावा अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा, एसडीजेएम विद्यावती कुमारी, बीडीओ तोरपा नवीन कुमार झा, सीओ तोरपा पूजा बिंहा तथा डीएलएसए खूंटी के सचिव कमलेश बेहरा सहित जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ तोरपा नवीन कुमार झा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं के हित में इस प्रकार के विधिक जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने डीएलएसए का आभार जताते हुए कहा कि प्रखंड प्रशासन ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में हमेशा सहयोग करता रहेगा। सभा को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेश कुमार ने कहा कि नारी इस पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत का आधार है। एक महिला मां के रूप में जीवन को जन्म देती है और उसे संस्कार, प्रेम और मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बिना समाज, परिवार और मानव सभ्यता की कल्पना संभव नहीं है। इसलिए महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित महिलाओं के साथ केक काटकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। एसी परमेश्वर मुंडा ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया। डीएलएसए के सचिव कमलेश बेहरा ने प्राधिकरण की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं और बच्चों सहित पात्र लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम तथा पात्र व्यक्तियों के लिए न्यायालय शुल्क में छूट की जानकारी दी। साथ ही पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत एसिड अटैक, हत्या, बलात्कार और यौन उत्पीड़न जैसे मामलों के पीड़ितों को सहायता प्रदान किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। एसडीजेएम विद्यावती कुमारी ने महिलाओं के अधिकारों और उनके संरक्षण से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 39 (क) के महत्व को बताते हुए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनने और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

## अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें महिलाएं : सीएस

**एजेंसी। खूंटी**




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को सदर अस्पताल खूंटी स्थित मातृ एवं शिशु अस्पताल परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. शोभा किस्पोट्टा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर सिविल सर्जन (सीएस) डॉ. शोभा किस्पोट्टा ने कहा कि आज की महिलाएं देश के सर्वांगीण विकास में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं न केवल घर और परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कार्यक्रम प्रबंधक कानन बाला तिर्की के स्वागत भाषण से हुई। वहीं, उपाधीक्षक डॉ. आनंद किशोर उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं माउंट एवरेस्ट की चोटी तक भी पहुंचकर अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं। लेबर रूम की इंचार्ज गीता कुमारी ने महिलाओं को मिले अधिकारों का सही उपयोग करने और शिक्षा के माध्यम से समाज व देश को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने टीनएज प्रेग्नेंसी रोकने तथा कम उम्र में शादी जैसी सामाजिक समस्याओं के प्रति भी महिलाओं को जागरूक किया। जिला डाटा प्रबंधक श्वेता सिंह ने कहा कि महिला परिवार की महत्वपूर्ण आधार होती है। वह घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ कार्यालय का कार्य भी संभालती है और परिवार को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान प्लान इंडिया, सिनी संस्था, फिया, फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन, पिरामल ग्रुप और आईसीएमआर समेत विभिन्न संस्थाओं द्वारा टीकाकरण, परिवार नियोजन, फाइलेरिया, माहवारी स्वच्छता और पोषण से संबंधित विषयों पर टेबल प्रदर्शनी लगाकर उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. उदयन शर्मा ने किया। इस दौरान पांच मरीजों को निश्चय किट का वितरण भी किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



शहर के बोदरा चौक के पास शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आकाश सामड़ के रूप में हुई है। वह तांतनगर थाना क्षेत्र के गितीलआदेर गांव का रहने वाला था और इन दिनों अपने चाचा अजबन सामड़ के साथ बोदरा चौक स्थित उनके गैरेज में रहकर काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार, आकाश सामड़ प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात सब्जी लेने के लिए तांबो चौक स्थित एक होटल की ओर जा रहा था। इसी दौरान तांबो चौक से लगभग 500 मीटर दूर बोदरा चौक के पास बायपास रोड से झींकपानी की ओर जा रही एक तेज रफ्तार छोटी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने पर मुफस्सिल थाना को भी सूचित किया गया। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल आकाश सामड़ को तुरंत सदर अस्पताल चाईबासा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की पहचान करने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल प्रदेश में ग्रामसभा की मंजूरी से निराश्रित महिलाओं को मिल सकेगी पेंशन

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में परित्यक्ता और निराश्रित महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए अब कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। ग्रामसभा की मंजूरी और वहां से जारी पत्र के आधार पर ऐसी महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ मिल सकेगा। इस संबंध में प्रदेश मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके साथ परित्यक्ता और निराश्रित महिला की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियम, 2010 में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी दे दी है। संशोधन के तहत निराश्रित शब्द को अधिक स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है तथा पेंशन प्राप्त करने के लिए प्रमाणन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। कई मामलों में महिलाओं को केवल इसलिए पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था क्योंकि निराश्रित शब्द की स्पष्ट परिभाषा नहीं थी। अब नए प्रविधानों के बाद ऐसी महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ देना आसान हो जाएगा। अभी तक केवल 52 महिलाओं को लाभ मिल रहा है। संशोधित नियमों के तहत वे महिलाएं जिन्हें उनके पति ने छोड़ दिया है, जो पति के साथ नहीं रह रही हैं और जिनकी आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं है, उन्हें निराश्रित महिला माना जाएगा। इस श्रेणी में आने वाली महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस फैसले से राज्य की बड़ी संख्या में जरूरतमंद महिलाओं को राहत मिलेगी।

### बंगाल को अशांत करना चाहती तृणमूल सरकार

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** केंद्रीय उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह घुसपैठियों को आश्रय देकर राज्य को अशांत करना चाहती है ताकि सत्ता में बनी रहे। वह शनिवार को दिल्ली से सिलीगुड़ी पहुंचे। यहां वह भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने आए हैं। बागडोगरा हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने ममता सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की और कहा कि बंगाल में बदलाव का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि टीएमसी का मुख्य उद्देश्य राज्य को अराजकता और अशांति में रखकर अपनी सत्ता को मजबूत करना है। टीएमसी एसआइआर का विरोध इसलिए कर रही है, क्योंकि वह घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहती है। एसआइआर पहले भी होता रहा है लेकिन अब सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में इसका बेहतर उपयोग हो रहा है। तृणमूल भयभीत है क्योंकि बंगाल में परिवर्तन की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को न तो चुनाव आयोग पर भरोसा है, न ही नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक पर। ममता भारत सरकार और लोकसभा पर भी भरोसा नहीं करती। यहां तक कि देश की सेना का भी तृणमूल समय-समय पर विरोध करती रहती है।

### बंगाल चुनाव का काउंटडाउन: कोलकाता पहुंचेगी चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में विधानसभा (विस) चुनाव की घोषणा से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आयोग की पूर्ण पीठ दो दिनी दौरे पर रविवार रात कोलकाता पहुंचेंगी। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि पूर्ण पीठ नौ मार्च से बैठकें करना शुरू करेगी। सबसे पहले ज्ञानेश कुमार सुबह कालीघाट मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करेंगे।

मालूम हो कि कालीघाट मंदिर बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के विधानसभा क्षेत्र में है। उसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी। आयोग बंगाल में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया व आगामी विस चुनाव की तैयारियों को लेकर उनकी शिकायतों व सुझावों पर गौर करेगा। उसी दिन दोपहर सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल पूर्ण पीठ के समक्ष बंगाल में जारी हुई अंतिम मतदाता सूची के विचाराधीन मामलों की वर्तमान स्थिति पर अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे।

# गुरुग्राम में 20 सेक्टरों के बाजारों की बदलेगी सूरत, नगर निगम ने शुरू किया काम

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम शहर के पुराने इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। गुरुग्राम नगर निगम ने उन 20 सेक्टरों के बाजारों को नया रूप देने की तैयारी पूरी कर ली है, जो पिछले साल अगस्त में निगम के अधीन हुए थे। इन्हें संवारा जा रहा है। इन बाजारों में टूटी सड़कें, गंदगी और अव्यवस्था को दूर करने के लिए बड़े स्तर पर काम किया जाएगा। इसको लेकर निगम ने योजना तैयार कर ली है।



बता दें कि 20 सेक्टरों के बाजार पहले एचएसवीपी के पास थे, जबकि सेक्टर का रिहायशी एरिया निगम के पास था। अगस्त 2025 में इन सेक्टरों के बाजार नगर निगम के अधीन आ गए है। ऐसे में अब निगम ने इन सेक्टरों के बाजारों को संवारने का काम शुरू कर दिया है। नगर निगम की इस योजना में सबसे पहले सेक्टर-56 के बाजार में काम शुरू किया गया है। यहां 1.3 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों की मरम्मत, सीवर लाइन को ठीक करने और जन-सुविधाओं को बेहतर बनाने का जिम्मा ठेकेदार को दे दिया गया है। वहीं, सबसे बड़ा बदलाव सेक्टर-46 के बाजार में देखने को मिलेगा। यहां 8.3 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट खर्च होगा। इस योजना के तहत गाड़ियों और स्कूटरों के खड़े होने के लिए बहुत बड़ी और व्यवस्थित जगह बनाई जाएगी। पार्किंग की मार्किंग की जाएगी। बाजार में सुंदर पौधे, फव्वारे और नई लाइटें लगाई जाएंगी। इसके अलावा पानी की निकासी और सीवर की पुरानी लाइनों को पूरी तरह बदला जाएगा, पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित और साफ रास्ते बनाए जाएंगे। सेक्टर-46 के लोगों का कहना है कि वर्तमान में बाजार की हालत बहुत खराब है। पार्किंग न होने से जाम लगता है और दुकानों के बाहर अतिक्रमण के कारण पैदल चलना मुश्किल है। बाजार में सिर्फ एक ही शौचालय है, वह भी अक्सर बंद रहता है। लोगों की मांग है कि नगर निगम केवल कागजों पर योजना न बनाए, बल्कि जल्द से जल्द सड़कों पर काम शुरू करे। नगर निगम ने कई अन्य इलाकों के लिए भी खर्च का ब्योरा तैयार कर लिया है। नगर निगम ने कुछ सेक्टरों के बाजारों को संवारने का अनुमान तैयार कर लिया है। इसमें सेक्टर-38, 31, 40, 22, 5 और 45 के बाजारों में सुधार के लिए बजट तैयार है।

# 40 डिग्री के पास पहुंचेगा तापमान

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में फागुन के महीने में ही जेठ जैसी तपिश का अहसास होने लगा है। मार्च का पहला हफ्ता खत्म होने को है और सूरज के तेवर इस कदर तल्ख हो गए हैं। गर्मी ने लोगों को अभी से टार्चर करना शुरू कर दिया है। यूपी में लखनऊ, कानपुर, इटावा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़ सहित अन्य जिलों में पारा सामान्य से कुछ डिग्री सेल्सियस ऊपर तक जा पहुंचा है।



शनिवार को प्रदेश का मौसम पूरी तरह शुष्क रहा और फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। उतर पश्चिमी हवा की गति लगभग एक से पांच किमी प्रति घंटा के बीच हैं, जिसके कारण गर्मी बढ़ गई है। शनिवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। कानपुर में अधिकतम पारा 32.3 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 4.8 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम पारा 17.6 डिग्री पहुंच गया है जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। कानपुर में हवा की रफ्तार कम होने से एक सप्ताह में कड़ी धूप के साथ चिपचिपी गर्मी भी पड़नी शुरू हो जाएगी। पहाड़ों पर विक्षोभ का असर और बिहार तक आ चुके बादलों के कारण रात का तापमान में वृद्धि हो रही है। जब तक बादल नहीं छटते तब तक तापमान में वृद्धि बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अरब सागर से एंटी साइक्लोन यानि प्रति चक्रवात उठने की वजह से वहां से नम हवा बिहार, पूर्वी यूपी होते हुए मध्य क्षेत्र की ओर बढ़ रही हैं।

### बुलेट प्रूफ जैकेट में निकला काफिला

# जेल से बाहर आया नासिर-जुनैद हत्याकांड का आरोपी मोनू मानेसर

**भरतपुर , एजेंसी।** राजस्थान हाइकोर्ट से जमानत मिलने के बाद गुरुग्राम के मानेसर का रहने वाला मोनू मानेसर शनिवार देर शाम राजस्थान के भरतपुर की सेवर जेल से बाहर आया। जेल से बाहर निकलते समय उसकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मोनू मानेसर को बुलेटप्रूफ जैकेट पहनाकर जेल से बाहर लाया गया और पुलिस की गाड़ियों ने उसकी कार को एस्कॉर्ट करते हुए वहां से रवाना कराया। हरियाणा से कई गौसेवक उसे लेने पहुंचे थे। मोनू मानेसर गोरक्षक और बजरंग दल से जुड़ा रहा है। उस पर साल 2023 में गोतस्करी के शक में नासिर और जुनैद की हत्या कर शव जलाने का आरोप है। फरवरी 2023 में राजस्थान के डीग जिले के घाटमीका गांव निवासी नासिर और जुनैद के लापता होने का मामला सामने आया था। 15 फरवरी को दोनों के परिजनों ने उनके गायब होने की रिपोर्ट गोपालगढ़ थाने में दर्ज कराई गई थी। परिवार ने आरोप लगाया कि नासिर और जुनैद को 15 फरवरी को उनके गांव से किडनैप किया गया था। अगले दिन 16 फरवरी को हरियाणा के भिवानी में एक जली हुई कार बरामद हुई थी, जिसमें दो लोगों कंकाल मिले थे। जांच में पुष्टि हुई कि कंकाल नासिर और जुनैद के थे, जिनकी हत्या कर शवों को जला दिया गया था। हरियाणा के गोरक्षकों पर उनकी हत्या का आरोप लगा। इनमें सबसे चर्चित नाम मोनू मानेसर का था। राजस्थान पुलिस ने जिन 8 आरोपियों की फोटो जारी की, उनमें मोनू का नाम नहीं था। 6 जून को चार्जशीट में मोनू का नाम शामिल किया गया। इसके अलावा रिंकू सैनी, गोगी, मोनू राणा और अनिल मुलथाना भी आरोपी बनाए गए थे। हरियाणा पुलिस ने 12 सितंबर 2023 को मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर राजस्थान पुलिस को सौंप दिया था। नासिर-जुनैद हत्याकांड के अलावा भी मोनू मानेसर पर कई केस चल रहे हैं। पटौदी की बाबरशाह कॉलोनी में 6 फरवरी 2023 को दो समुदायों के बीच झगड़ा हुआ। इसमें 4 लोग घायल हुए, जिनमें से एक को गोली लगी थी। मोनू पर गोली चलाने का आरोप लगा। उस पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज है। उसे इस मामले में जमानत मिल चुकी है। नूंह में 31 जुलाई 2023 को ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इस यात्रा से पहले मोनू मानेसर ने वीडियो जारी कर कहा था कि 31 जुलाई को वो ब्रजमंडल यात्रा में शामिल होगा। उसने लोगों से भी यात्रा में शामिल होने की अपील की थी। मोनू का एक और वीडियो सामने आया था, जिस के बाद उस पर भड़काऊ भाषण देने का केस दर्ज हुआ था। इस केस में भी उसे जमानत मिल गई थी। हालांकि यह दोनों केस अब भी चल रहे हैं। मोहित उर्फ मोनू मानेसर खुद सच्चा गोरक्षक बताता है। उसकी गुरुग्राम, रेवाड़ी, नूंह क्षेत्र में लगभग 50 गोरक्षकों की एक टीम है, जो पुलिस की गो तस्करों को पकड़ने में सहायता करती है। मोनू मानेसर की पूरी टीम रात रात भर सड़कों पर पहरा देकर गौ तस्करों और गौ हत्यारों को पकड़ने के लिए पहरा देते थे। वह दावा करता है कि अब तक वह और उसकी टीम हजारों गौ वंशों की जिंदगियां बचा चुके हैं।

# राजस्थानियों का प्यार ही मेरे लिए सबसे बड़ा पद: वसुंधरा राजे

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि उनके लिए राजस्थान की जनता का प्यार ही सबसे बड़ा पद है। उन्होंने कहा कि राजनीति में कई लोग पद पाने की इच्छा रखते हैं, लेकिन अगर काम अच्छा और ईमानदारी से किया जाए तो पद अपने आप व्यक्ति के पास आ जाता है। राजे ने यह बात शनिवार को जयपुर में आयोजित 'सशक्त युवा-सशक्त राष्ट्र' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

राजे ने अपने संबोधन में कहा कि राजनीति में अक्सर पद को लेकर चर्चा होती है, लेकिन असल मायने में जनता की सेवा और विकास कार्य ही सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर नेता जनता के लिए समर्पण भाव से काम करे तो उसे सम्मान और पद दोनों मिलते हैं। उन्होंने युवाओं से भी कहा कि वे समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दौर तकनीक का है और युवाओं को इसके साथ कदम मिलाकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक तकनीकें आने वाले समय में दुनिया की दिशा तय करेंगी। जो देश इन क्षेत्रों में आगे होगा, वही वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करेगा। इसलिए युवाओं को तकनीकी ज्ञान हासिल कर इन क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए।

राजे ने युवाओं को नशे से दूर रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को कमजोर करता है और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। इसलिए युवाओं, समाज और सरकार को मिलकर इस समस्या के खिलाफ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर युवा अपनी ऊर्जा सही दिशा में



लगाएंगे तो वे देश की सबसे बड़ी ताकत बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल के लोग दुनिया के अलग-अलग देशों में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई का उदाहरण देते हुए राजे ने कहा कि वे मानव पूंजी के श्रेष्ठ उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि जब राजस्थान के युवा विदेशों में जाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं तो प्रदेश में रहकर भी वे बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं।

**मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरु बनाने का आह्वान:** राजे ने युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और इसमें युवाओं की भूमिका बेहद अहम है। इसलिए युवाओं को आधुनिक तकनीकों का सकारात्मक और रचनात्मक उपयोग करना चाहिए।

**युवाओं की भागीदारी से ही विकास संभव**


पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति में युवाओं की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने स्वीडन, जापान और जर्मनी जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि इन देशों ने युवाओं में निवेश करके ही प्रगति हासिल की है। भारत भी अब युवाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने और उन्हें आगे लाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है।

राजे ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया की अपार शक्ति भारत के युवाओं के भीतर है। उन्होंने कहा कि आज देश में इनोवेशन, इन्क्यूबेशन और स्टार्टअप की नई धारा का नेतृत्व भी युवा ही कर रहे हैं। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम आज दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल है, जो युवाओं की मेहनत और क्षमता का परिणाम है।

कार्यक्रम में महंत कैलाश, राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित धायल सहित कई शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। सम्मेलन में युवाओं को तकनीक, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

# असम में सीट शेयरिंग ने बढ़ाई भाजपा की चिंता, फ्रेंडली फाइट के मूड में एनडीए के साथी

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम में 2026 की चुनावी बिसात बिछ चुकी है, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही खेमों के भीतर सीटों के गणित को लेकर तनातनी कम होने का नाम नहीं ले रही है। गठबंधन की राजनीति के इस दौर में सहयोगी दलों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं ने रणनीतिकारों की नींद उड़ा दी है। हालात यह हैं कि कई निर्वाचन क्षेत्रों में गठबंधन के सहयोगियों के बीच ही 'मैत्रीपूर्ण मुकाबला' होने की संभावना प्रबल हो गई है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार एक तरफ विकास के दावों के साथ मैदान में है, वहीं दूसरी ओर उसे अपने सहयोगियों असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंटको संतुष्ट रखने की बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। असम गण परिषद 2014 से भाजपा की वफादार साथी रही है। इस बार अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए दबाव बना रही है। पिछले 2021 के चुनावों में एजीपी ने 29 सीटों पर दांव आजमाया था, जिनमें से 26 पर उसने अकेले चुनाव लड़ा और 3 सीटों पर भाजपा के साथ दोस्ताना मुकाबला किया था। अंततः पार्टी 9 सीटें जीतने में सफल रही थी। इस बार एजीपी के जमीनी कार्यकर्ताओं की मांग है कि पार्टी को अधिक सीटों पर मौका मिलना चाहिए, जिससे भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने संकेत दिया है कि एजीपी के साथ शुरुआती दौर की चर्चा शुरू हो चुकी है और 9 या 10 मार्च तक सीटों का



अंतिम खाका तैयार हो सकता है। हालांकि, जब उनसे सहयोगियों की बढ़ती मांगों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी औपचारिक मांग से अवगत नहीं हैं, लेकिन उन्होंने 'फ्रेंडली फाइट' की संभावना से इनकार भी नहीं किया। गठबंधन की सबसे पेचीदा स्थिति बोडोलैंड क्षेत्र में देखने को मिल रही है। यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल ने अपनी आक्रामक रणनीति का ऐलान करते हुए 21 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इनमें से 15 सीटें बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल क्षेत्र की हैं और 6 सीटें उससे बाहर की हैं। सबसे बड़ी बाधा यह है कि बीपीएफ ौर यूपीपीएल के बीच की कड़वाहट खत्म होने का नाम नहीं ले रही। दोनों दलों ने साफ कर दिया है कि वे न तो साथ चुनाव लड़ सकते हैं और न ही किसी सीट-शेयरिंग फॉर्मूले पर सहमत होंगे। यह स्थिति भाजपा के लिए सिरदर्द बन गई है, क्योंकि उसे इन दोनों क्षेत्रीय ताकतों के बीच संतुलन बनाना है। दूसरी ओर सत्ता से बाहर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन खुद को एक मजबूत विकल्प के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर चार प्रमुख विपक्षी दलों ने हाथ मिलाया है और संयुक्त अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने गठबंधन की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि सभी सहयोगी दल जल्द ही पूरे राज्य में समन्वयित अभियान बैठकें करेंगे।

### डीएमई पर तमंचा दिखाकर कार-मोबाइल लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, चोरी की कार और बाइक बरामद की

**गाजियाबाद, एजेंसी।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर चार मार्च को फरीदाबाद के स्टूडियो संचालक से तमंचे के बल पर कार-मोबाइल लूटने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से लूटी गई टाटा नेक्सान कार, चोरी की बाइक, पूर्व में एक महिला से लूटे गए कुंडल और तमंचा बरामद किया गया है। पुलिस का कहना कि यह गिरोह राह चलते लूट को अंजाम देता है। लूट के लिए निकलने पर यह कोई योजना नहीं बनाते। डीएमई पर हुई लूट भी ऐसे ही घटनाक्रम का नतीजा है। जब बदमाशों ने डीएमई पर कार खड़ी देखी जिसके शीशे खुले हुए थे तभी बदमाशों ने कार लूट ली। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के मुताबिक पकड़े गए आरोपित गिरधरपुर रोड निवासी राज राजपूत, दर्शन और बिसरख निवासी अजय है। आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने चार मार्च को तड़के फरीदाबाद निवासी स्टूडियो संचालक किसलय कुमार और उसके मित्र को डीएमई पर हाईटेक कालेज के पास कार में सोता पाए जाने पर तमंचा दिखाकर लूट लिया था। बदमाश उनकी टाटा नेक्सान कार और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। मोबाइल फोन बाद में नाले में फेंक दिया गया। इस घटना के अलावा गिरोह ने क्षेत्र में अन्य वारदातें भी की थीं। पुलिस जांच में सामने आया कि 18 फरवरी को गुर्जरगढ़ी गांव में उपले पाथ रही महिला के कानों से कुंडल छीने गए थे। वहीं 26 फरवरी को लालकुआं क्षेत्र से एक बाइक चोरी की गई थी।

# बुजुर्ग महिलाओं के लिए हर महीने 2,500 रुपये, साल में छह एलपीजी सिलेंडर मुफ्त देंगे

### तमिलनाडु चुनाव के लिए टीवीके चीफ विजय के बड़े वादे

**चेन्नई, एजेंसी।** अभिनेता-नेता तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के संस्थापक विजय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार शाम को विधानसभा चुनावों से पहले महिलाओं, बच्चों और परिवारों के लिए कई वादों की घोषणा की जिनमें 60 वर्ष से अधिक उम्र की बुजुर्ग महिलाओं के लिए हर महीने 2,500 रुपये, साल में छह एलपीजी सिलेंडर मुफ्त, मैरिज सीर स्कीम के तहत आठ ग्राम सोना और एक सिल्क साड़ी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करना, शिक्षा सहायता, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में तेज न्याय के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतों का गठन करना शामिल हैं। व्यापक कल्याण दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में विजय ने कहा कि राज्य में जन्मे हर बच्चे को सरकार की ओर से एक सोने की अंगूठी दी जाएगी, जो परिवारों और बच्चों की भलाई के प्रतीक के रूप में होगी।

विजय ने मामल्लापुरम में टीवीके के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में दिए गए अपने भाषण में महिलाओं को सशक्त बनाने, परिवार कल्याण में सुधार तथा सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से महिलाओं पर केंद्रित प्रमुख वादों की झड़ी लगा दी और वादा किया कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो इन्हें लागू किया जाएगा। उनकी एक प्रमुख घोषणा यह थी कि 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिला परिवार प्रमुखों को हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि टीवीके के सत्ता में आने के तुरंत बाद यह स्कीम लागू की जाएगी, जिससे घरों में केंद्रीय भूमिका निभाने वाली बुजुर्ग महिलाओं



को आर्थिक सहायता और सम्मान मिलेगा। उन्होंने 'अन्नापूर्णी सुपर 6' स्कीम की भी घोषणा की, जिसके तहत हर परिवार को साल में छह एलपीजी सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। इस स्कीम का उद्देश्य परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करना और खाना पकाने तथा घरेलू जिम्मेदारियों को संभालने वाली महिलाओं को सहायता प्रदान करना है।

शादी के दौरान महिलाओं को सहायता देने के लिए विजय ने 'अन्नन सीर '(पारंपरिक उपहार या दहेज सामग्री जो नई दुल्हन को उसके माता-पिता देते हैं) स्कीम की घोषणा की। इस पहल के तहत सरकार हर योग्य महिला की शादी के लिए सोना और एक सिल्क साड़ी प्रदान करेगी। इस स्कीम का उद्देश्य शादियों के दौरान परिवारों पर आर्थिक दबाव कम करना है। विजय ने आगे महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण पर विशेष ध्यान देने वाला एक समर्पित सरकारी विभाग बनाने का वादा किया। यह विभाग कल्याण कार्यक्रमों को मजबूत करने, सुरक्षा उपाय लागू करने और इन समूहों से जुड़े मुद्दों को हल करने के लिए काम करेगा।

शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने 'कामराज शिक्षा आश्वासन स्कीम' का वादा किया। इस पहल का उद्देश्य कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों को बिना ड्रॉपआउट के शिक्षा पूरी करने की गारंटी देना है। उन्होंने कहा कि परिवारों को बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सरकार हर ऐसे छात्र के माता-पिता या अभिभावक को सालाना 15,000 रुपये देगी, जिसकी पढ़ाई बिना रुकावट पूरी हो। एक अन्य पहल 'वेत्री पयानम' (विजय यात्रा) स्कीम के तहत उन्होंने प्रदेश भर में सभी सरकारी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा का वादा किया। इस उपाय से महिलाओं की गतिशीलता में सुधार, रोजगार के अवसर बढ़ना और यात्रा व्यय कम होना अपेक्षित है। वर्तमान में द्रमुक सरकार की 'विदियाल पयानम' योजना केवल लोकल बसों तक सीमित है, लेकिन इंट्रा-स्टेट या इंटर-स्टेट एक्सप्रेस बसों में नहीं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होते ही बढ़ा वैश्विक खतरा

होर्मुज को एक सबसे महत्त्वपूर्ण समुद्री जलमार्ग माना जाता है, जहां से दुनिया भर में तेल और गैस आपूर्ति का करीब बीस से पच्चीस फीसद हिस्सा गुजरता है।इस बात की आशंका पहले से ही थी कि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का दायरा दूसरे क्षेत्रों में भी फैलेगा और इससे वैसे देश भी प्रभावित होंगे, जो इस जंग में भागीदार नहीं हैं। दोनों पक्षों के बीच घातक हथियारों के जरिए जारी हमले युद्ध के प्रत्यक्ष स्वरूप हैं, तो इसके समांतर अब ऐसे फैसले भी सामने आने लगे हैं, जो अगर लंबे समय तक टिके, तो इससे दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी।गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी मिसाइलों के जरिए सैन्य हमलों का मोर्चा खोला हुआ है। मगर एक बड़े रणनीतिक फैसले के तहत उसने अपने प्रभाव क्षेत्र में आने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को जिस तरह बंद कर दिया है, अगर जल्द ही उसे खोलने के लिए ठोस प्रयास नहीं हुए, तो कई देशों के सामने ऊर्जा का संकट गहरा सकता है। होर्मुज को एक सबसे महत्त्वपूर्ण समुद्री जलमार्ग माना जाता है, जहां से दुनिया भर में तेल और गैस आपूर्ति का करीब बीस से पच्चीस फीसद हिस्सा गुजरता है।स्वाभाविक ही इस बात की आशंका अभी से जताई जाने लगी है कि अगर संकट गहराया, तो कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं और इसके बाद हवाई किराए, माल ढुलाई और खाद्य पदार्थों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही केंद्रीय बैंकों के सामने मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में बदलाव करना एक मजबूरी की नीति बन सकती है। यानी होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग के बाधित होने का व्यापक और बहुस्तरीय असर पड़ सकता है। फिलहाल ईरान ने इस रास्ते से सिर्फ चीन को आवाजाही की अनुमति दी है और कहा है कि अन्य देशों के जहाजों, खासतौर पर इजराइल और अमेरिका के समर्थक देशों के टैंकरों को रास्ता नहीं दिया जाएगा।अंदाजा लगाया जा सकता है कि तेल और ऊर्जा के लिए जिन देशों की होमुर्ज जलडमरूमध्य के रास्ते पर निर्भरता है, वहां ईरान के इस फैसले का क्या प्रभाव पड़ सकता है। निश्चित तौर पर भारत पर भी इसका गंभीर असर पड़ेगा और अभी से इसका हल खोजने की कोशिश शुरू हो गई है।

## पंचकूला में 14,230 डॉग बाइट केस

अक्सर ऐसा देखा जाता है कि कुछ सरकारी कल्याण कार्यक्रम आम लोगों के लिए बेहद उपयोगी होते हैं, मुश्किल और विपरीत स्थितियों में उनसे काफी राहत मिल सकती है, लेकिन जानकारी या जागरूकता के अभाव में लोग उसका लाभ नहीं उठा पाते। हरियाणा के पंचकूला में पिछले वर्ष आवारा कुत्तों के काटने के 14,230 मामले दर्ज किए गए। जाहिर है, इसके बाद पीड़ितों ने अपना इलाज कराया होगा और उससे जुड़ी मुश्किलों का सामना किया होगा।विडंबना यह है कि इस संबंध में सरकार की ओर से मुआवजा देने का जो प्रावधान किया गया है, उसकी जानकारी बहुत कम लोगों के पास है। इसके मुताबिक कुत्ते के एक दांत के निशान पर दस हजार रुपए और 0.2 सेमी से अधिक गहरे घाव पर बीस हजार रुपए मुआवजा देने की व्यवस्था है। मगर इस नीति के तहत पंचकूला में जिला स्तरीय समिति की पहली बैठक में सिर्फ नौ आवेदक पहुंचे। यह जनता के हित में लागू सरकारी कल्याण कार्यक्रमों या योजनाओं की लोगों तक पहुंच की हकीकत है, जिसमें जागरूकता के अभाव में पीड़ित अपने हक से भी वंचित रह जाते हैं।विडंबना यह है कि सरकारी कल्याण योजनाओं के बारे में कई बार लोगों के भीतर जानकारी की कमी पाई जाती है और क्षति की स्थिति में नियमों के मुताबिक सही पात्र होने के बावजूद ज्यादातर लोग राहत या मुआवजा हासिल करने के लिए दावा नहीं करते। नतीजतन, एक ओर पीड़ित व्यक्ति अपने नुकसान की भरपाई कई स्तर पर खुद ही करता है, तो दूसरी ओर इस मद में सरकार के कोष में जो राशि होती है, वह बिना उपयोग के पड़ी रहती है या उसका किसी अन्य काम में उपयोग हो जाता है।सरकार जनता के कल्याण के लिए समय-समय पर योजनाएं या कल्याण कार्यक्रम बनाती या उन्हें अद्यतन करती रहती है। मगर क्या उन योजनाओं के बारे में जनता के बीच उचित स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है, ताकि आम लोगों को अपने हक के बारे में जानकारी मिले और वे जरूरत या समय पड़ने पर उसका लाभ उठा सकें? अगर जनहित के उद्देश्य से कोई योजना लागू की जाती है।

*सेवा और संयम के मूल्य विकसित होंगे, तो वही मूल्य समाज में भी प्रसारित होंगे। इस प्रकार पुत्र का निर्माण केवल निजी विषय नहीं, सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। आज जब वैश्वीकरण और भौतिकता का प्रभाव बढ़ रहा है, तब परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन आवश्यक है। पुत्र को आधुनिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और वैश्विक दृष्टि मिलनी चाहिए, परंतु उसके भीतर भारतीयता की जड़ें भी गहरी हों।*

# आधुनिक संदर्भों पिता-पुत्र संस्कृति को नया आयाम दे

**(ललित गर्ग)**

हमारे इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जिन्होंने पुत्र धर्म को सर्वोच्च आदर्श के रूप में स्थापित किया। भगवान श्रीराम का जीवन इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। जब राजा दशरथ ने परिस्थितिवश उन्हें चौदह वर्ष का वनवास दिया, तब श्रीराम ने बिना किसी विरोध, बिना किसी आक्रोश के पिता की आज्ञा को धर्म मानकर स्वीकार किया। राष्टीय पुत्र दिवस, जो प्रतिवर्ष 4 मार्च को मनाया जाता है, केवल एक पिता-पुत्र संस्कृति को जीवंतता देने का ही उत्सव नहीं है, बल्कि भारतीय परिवार व्यवस्था की आत्मा को स्पर्श करने वाला अवसर है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि पुत्र केवल परिवार की वंश परंपरा का वाहक नहीं, बल्कि संस्कारों, उत्तरदायित्वों और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतिनिधि है। आधुनिक समय में जब संयुक्त परिवार बिखर रहे हैं, पीढ़ियों के बीच संवाद कम हो रहा है और विशेष रूप से पिता और पुत्र के बीच मानसिक दूरी बढ़ती जा रही है, तब यह दिवस एक गहन आत्ममंथन का अवसर बन जाता है। भारतीय चिंतन में पुत्र का अर्थ केवल जन्म से जुड़ा नहीं है। शास्त्रों में कहा गया है-पुंनाम्नो नरकाद् यः त्रायते सः पुत्रः अर्थात जो कुल और संस्कृति को पतन से बचाए वही सच्चा पुत्र है। इस परिभाषा में पुत्र को एक उत्तरदायी व्यक्तित्व के रूप में देखा गया है, जो अपने आचरण से परिवार की मर्यादा और मूल्यों की रक्षा करता है। हमारे इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जिन्होंने पुत्र धर्म को सर्वोच्च आदर्श के रूप में स्थापित किया। भगवान श्रीराम का जीवन इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। जब राजा दशरथ ने परिस्थितिवश उन्हें चौदह वर्ष का वनवास दिया, तब श्रीराम ने बिना किसी विरोध, बिना किसी आक्रोश के पिता की आज्ञा को धर्म मानकर स्वीकार किया। यह केवल आज्ञापालन नहीं था, बल्कि परिवार और वचन की मर्यादा को सर्वोपरि रखने का संदेश था। श्रीराम ने यह सिद्ध किया कि अधिकारों से पहले कर्तव्य आते हैं और व्यक्तिगत सुख से ऊपर परिवार की प्रतिष्ठा होती है। आज का युग अधिकारों की चर्चा करता है, परंतु कर्तव्यों का स्मरण कम होता है। यही कारण है कि पिता-पुत्र संबंधों में संवाद का अभाव दिखाई देता है। पिता अक्सर अपने उत्तरदायित्वों की दौड़ में व्यस्त है और पुत्र प्रतिस्पर्धा और अपेक्षाओं के दबाव में उलझा हुआ है। दोनों के बीच भावनाओं का पुल कमजोर होता जा रहा है। ऐसे में राष्टीय पुत्र दिवस हमें यह अवसर देता है कि हम इस दूरी को कम करें। पुत्र को केवल आर्थिक साधन या भौतिक सुविधाएँ नहीं चाहिए, उसे चाहिए समय, स्नेह और समझ। जब पिता अपने पुत्र के साथ बैठकर उसके सपनों, उसके डर, उसकी असफलताओं और उसकी आकांक्षाओं पर खुलकर बात करता है, तब संबंधों में विश्वास का संचार होता है। यही विश्वास भविष्य की मजबूत नींव बनता है। आधुनिक संदर्भ में पुत्र के सामने चुनौतियाँ भी नई हैं। करियर की अनिश्चितता, सोशल मीडिया का प्रभाव, मानसिक तनाव और मूल्य भ्रम उसे अक्सर द्वंद्व में डाल देते हैं। समाज ने लड़कों से अपेक्षा की है कि वे कठोर बनें, अपनी भावनाएँ न प्रकट करें, हर परिस्थिति में मजबूत दिखें। परिणामस्वरूप कई बार वे भीतर से अकेले और दबावग्रस्त हो जाते हैं। राष्टीय पुत्र दिवस इस मानसिक स्वास्थ्य के विषय को भी छूता है। यह माता-पिता को प्रेरित करता है कि वे अपने पुत्र से पूछें-तुम सच में कैसा महसूस कर रहे हो? यह एक साधारण प्रश्न नहीं, बल्कि संवेदनशीलता की शुरुआत है। जब पुत्र को यह अनुभव होता है कि वह सुना जा रहा है, समझा जा रहा है, तब उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। भारतीय संस्कृति में पिता केवल अनुशासन का प्रतीक नहीं, बल्कि आदर्श का आधार रहा है। पुत्र वही सीखता है जो वह अपने पिता के आचरण में देखता है। यदि पिता सत्यनिष्ठ है, तो पुत्र में भी सत्य के प्रति सम्मान विकसित होगा। यदि पिता संयमी और धैर्यवान है, तो पुत्र भी वही गुण आत्मसात करेगा। इसलिए पिता की भूमिका केवल निर्देश देने की नहीं, बल्कि उदाहरण प्रस्तुत करने की है। श्रीराम ने केवल दशरथ की आज्ञा का पालन नहीं किया, बल्कि रघुकुल की उस परंपरा को जीवित रखा जिसमें वचन और मर्यादा सर्वोपरि मानी जाती थी। यह परंपरा केवल अतीत की कहानी नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता है। भारतीय लोक-स्मृति में श्रवण कुमार पुत्र धर्म के सर्वोच्च प्रतीक माने जाते हैं। उन्होंने अपने नेत्रहीन माता-पिता को कंधों पर बिठाकर तीर्थयात्रा कराते हुए यह सिद्ध किया कि सेवा केवल कर्तव्य नहीं, प्रेम का उत्कर्ष है। आधुनिक युग में यद्यपि परिस्थितियाँ बदल गई हैं, जीवन की गति तेज हो गई है और करियर की चुनौतियाँ अधिक जटिल हो गई हैं, फिर भी श्रवण का आदर्श अप्रासंगिक नहीं हुआ; बल्कि वह और अधिक आवश्यक हो गया है। आज के पुत्र का दायित्व है कि वह माता-पिता के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा रहे, उनसे संवाद बनाए रखे और उनकी आवश्यकताओं को समझे। सेवा का अर्थ अब केवल शारीरिक श्रम नहीं, बल्कि समय देना, उनकी बात सुनना, उनके एकाकीपन को समझना और उनके आत्मसम्मान की रक्षा करना है। भौतिक आकांक्षाओं की अंधी दौड़ में यदि माता-पिता उपेक्षित हो जाएँ, तो सफलता खोखली हो जाती है। त्याग का अर्थ यह नहीं कि करियर छोड़ दिया जाए, बल्कि यह है कि प्राथमिकताओं में परिवार को स्थान दिया जाए-व्यस्त दिनचर्या में भी नियमित संवाद, स्वास्थ्य का ध्यान, आवश्यक सहयोग और निर्णयों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। आधुनिक पुत्र अपने पेशेवर जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए भी पारिवारिक जिम्मेदारियों का संतुलित निर्वाह कर सकता है, यदि वह अपने भीतर यह भाव जागृत रखे कि माता-पिता उसके अस्तित्व की जड़ हैं। जब करियर और कर्तव्य के बीच संतुलन स्थापित होता है, तब श्रवण की सेवा-भावना आधुनिक जीवन में जीवंत हो उठती है और पुत्र धर्म केवल कथा नहीं, व्यवहार बन जाता है। पुत्र की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। आधुनिक स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि वह परिवार से विमुख हो जाए। सच्ची स्वतंत्रता वही है जिसमें व्यक्ति अपनी जड़ों से जुड़ा रहे और अपने मूल्यों का सम्मान करे। पुत्र यदि अपने करियर में सफल होता है परंतु परिवार से दूर हो जाता है, तो वह सफलता अधूरी रह जाती है। परिवार की शक्ति केवल आर्थिक समृद्धि में नहीं, बल्कि भावनात्मक एकता में है। जब पुत्र अपने माता-पिता के त्याग और संघर्ष को समझता है, उनका सम्मान करता है और वृद्धावस्था में उनका सहारा बनता है, तब वह पुत्र धर्म का वास्तविक निर्वाह करता है। पुत्र केवल परिवार की आशा नहीं, राष्ट्र की संभावना भी है। इतिहास गवाह है कि जब-जब युवाओं ने अपने कर्तव्यों को पहचाना, तब-तब समाज में परिवर्तन आया। आज आवश्यकता है कि पुत्र संस्कृति को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा जाए। एक संस्कारवान पुत्र ही आदर्श नागरिक बन सकता है।

## संजू सैमसन होना आसान नहीं, सेमीफाइनल में पहुंचाकर दिया होली का तोहफा

**(प्रियम सिन्हा)**

भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। संजू सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जो जुझारू पारी खेली, वो दशकों तक याद रखी जाएगी। उन्होंने अकेले दम पर ओपनिंग से अंत तक नाबाद रहते हुए 50 गेंद पर 97 रन बनाए। संजू सैमसन एक ऐसा नाम जो इंटरनेशनल क्रिकेट में कभी-कभी सुनाई देता था। कभी-कभी इसलिए क्योंकि इस खिलाड़ी की जगह कभी भी भारतीय टीम में स्थाई नहीं रहती। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए बेहतरीन कप्तानी, टी20 फॉर्मेट में 8 हजार से ज्यादा रन, फिर भी भारतीय टीम के लिए मैदान से ज्यादा यह खिलाड़ी बेंच पर रहता है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले भी कुछ ऐसा ही था। संजू सैमसन का फॉर्म भी लगातार उनका साथ नहीं देता है। उनके क्लास, उनके बैटिंग स्टाइल और उनके टैलेंट पर किसी को कभी शक नहीं रहा, लेकिन उसको साबित करने में कई बार संजू की किस्मत ने धोखा दिया। ऐसा ही टी20 वर्ल्ड कप से पहले देखने को मिल रहा था। 2024 में पूरे टूर्नामेंट में यह खिलाड़ी बेंच पर ही था। इस बार भी हालात ऐसे ही बनते दिख रहे थे। वर्ल्ड कप से ठीक पहले उनकी ओपनिंग पोजीशन और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी इशान किशन को दे दी गई। खत्म होती कहानी में आया नया मोड़ हर किसी का मानना था कि यह संजू की कहानी का अंत है। पर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। भगवान ने संजू के लिए जिंदगी का एक ऐसा खूबसूरत लम्हा संजो कर रखा था जिसकी भनक किसी को नहीं थी। बीच वर्ल्ड कप सुपर 8 के पहले मैच में टीम इंडिया साउथ अफ्रीका से हारती है। फिर सवाल उठते हैं, आलोचना होती है। इसके बाद कोच और कप्तान कॉम्बिनेशन को खंगालते हैं और फिर संजू को आजमाते हैं। इस तरह एक बार फिर संजू की बतौर ओपनर वापसी होती है। पहले मैच में वह अच्छा स्टार्ट देते हैं और टीम को लंबे अरसे बाद अच्छी ओपनिंग पार्टनरशिप देखने को मिलती है। उसके बाद आता है वो मैच जो शायद संजू की खत्म होती कहानी का अब सबसे खूबसूरत चैप्टर बनकर याद किया जाएगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ ओपनिंग से अंत तक 50 गेंद पर 97 रन की पारी और अकेले दम पर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने वाले चेष्टा ने साबित कर दिया कि क्यों उनकी इतनी फैन फॉलोइंग है। संजू सैमसन की बात करें तो यह खिलाड़ी सबसे दुर्भाग्यशाली खिलाड़ी है। संजू ने 2015 में अपना टी20 करियर शुरू किया था। उसके बाद से अभी तक 11 साल में वह सिर्फ 60 इंटरनेशनल मुकाबले ही टीम इंडिया के लिए खेले हैं। 52 पारियों में 1221 रन, 150 से ऊपर का स्ट्राइक रेट और तकरीबन 26 का औसत, यह बताता है कि इस खिलाड़ी में कितना दम है, लेकिन दबाव, प्लेइंग कॉम्बिनेशन इन सबके कारण कभी इस खिलाड़ी की टीम में जगह पक्की नहीं हो पाई। संजू सैमसन ने हर बड़े मौके पर भारत के लिए उपयोगी पारियां खेलीं। एशिया कप फाइनल में टॉप ऑर्डर के फेल होने पर संजू ने ही तिलक के साथ पारी को संभाला था। साउथ अफ्रीका दौरे पर वनडे मैच में जब टीम डगमगाई थी तो संजू ने ही शतक लगाकर टीम को जिताया था। अब टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जब भारत फंसा था तो संजू आए, संजू चमके और संजू ने टीम इंडिया को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। इस पारी और पिछली कुछ पारियों में अंतर बस इतना था कि वहां संजू साइड हीरो थे लेकिन अब संजू लीड हीरो बनकर सामने आए हैं। इतने दबाव, इतने प्रेशर, इतनी अस्थिरता के बीच सबसे अहम मैच में संजू सैमसन का जो मैच विनिंग परफॉर्मेंस आया है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6025

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6024

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 6025

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | ■ |
| ■ | | | ■ | 24 | | 25 | 26 |
| 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 11 जुलाई 2003 में यहां दोस्ती बस और दिल्ली से सदा-ए-सरहद का परिचालन हुआ, पाकिस्तान का यह शहर रावी नदी के किनारे बसा है (3)
4. यह हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है (4)
7. कोई विलक्षण चीज देखने के लिए एकत्रित जमघट या जनसमूह (3)
8. हम शब्द का संबंध कारक रूप (3)
9. नाम का, नाम धारण करने वाला (3)
11. जूते सुधारने व बनाने वालों का एक औजार (2)
13. दयनीय दशा वाला, गरीब (2)
15. जिसका स्वामी हो, स्वामी सहित (3)
17. भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म, रनिवास, अंतपुर (3)
18. किसी कार्य का अपनी ओर से किया प्रारंभ (3)
19. अवसर की प्रतीक्षा, घात, आला (2)
20. अपवित्र, अशुद्ध (3)
22. स्वप्न, सपना (2)
24. लंबाई के बल ताने और चौड़ाई के बुने जाने वाले तागे (4)
27. माता सरस्वती का एक नाम, दुर्गा (3)
28. समूह, गुट (2)

**ऊपर से नीचे**
1. युद्ध के लिए सेना की तैयारी (4)
2. पानी का कुंड जो प्रायः बाग-बगीचे में होता है (2)
3. रमण करवाना, अनुरक्त बनाना (3)
4. पथभ्रष्ट होना, भुलावे में आना (4)
5. पार्वती या लक्ष्मी के नामों में से एक (2)
6. गर-गर शब्द करते हुए कुल्ला करना (3)
10. रगड़ते हुए इधर-उधर मलना, उमेठना (3)
12. यह वृक्ष सबसे अधिक ऑक्सीजन देता है (3)
14. जिसने नमक खाया हो, मुलाजिम (5)
16. हाथ से धीरे-धीरे ठोकना (4)
21. पुराणानुसार पृथ्वी के नीचे सात लोकों में से यह लोक सातवां है (3)
23. जो भाग्य में लिखा हो, नियत (2)
25. उपरांत, पीछे, अनंततर (2)
26. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)

### वर्ग पहेली 6024 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चे | त | न | श | र्मा | ■ | य | ■ |
| ता | न | ■ | मी | ■ | क | या | स |
| व | ■ | क | म | ला | प | ति | ■ |
| नी | म | न | ■ | ल | ट | ■ | मौ |
| ■ | ता | क | ना | ■ | वे | य | न |
| गा | धि | ■ | ■ | रो | श | न | ■ |
| य | का | र | ■ | जा | ■ | प | र |
| क | र | ब | द्ध | ■ | ना | ति | न |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपका आत्मविश्वास वापस दिख रहा है। आपको रचनात्मकता, और नेतृत्व का अद्भुत मेल देती है। आपकी सहज गर्मजोशी लोगों को आपकी ओर खींचती है। आज का दिन अपनी प्रतिभा दिखाने, पहल करने और मंच पर चमकने का है। बस अपने आप में रहें, सभी की निगाहें स्वतः ही आप पर होंगी। आज परिवार की तरफ से खुशियां मिलेंगी।

### वृष
आज मन खिन्न रह सकता क्योंकि थोड़ी खींचतान या प्रतिस्पर्धा महसूस हो सकती है। घबराएँ नहीं, ये चुनौतियाँ केवल आपके कौशल को और निखारने का अवसर हैं। लचीले रहें, साफ़ संवाद करें और छोटी-छोटी बातों को तूल न दें। सहयोग और समझदारी से किसी भी तनाव का हल आसानी से निकल आएगा। आत्मविश्वास से आगे बढ़ें और अपनी प्रेरणाओं पर भरोसा रखें।

### कर्क
आज कुछ विचार या डर आपको भीतरपनप रहे इससे आप कुठिंत रहेंगे। ये सीमाएँ आपके मन की उपज हैं। अपनी सोच में बदलाव करना ही मुक्ति की शुरुआत है। जैसे ही आप खुले मन से सोचेंगे, परिस्थितियाँ सरल और स्पष्ट दिखेंगी। परिवार की सलाह लेंगे तो समस्याएँ अपनेआप सुलझी दिखेंगी। आत्मविश्वास से आगे बढ़ें और अपनी प्रेरणाओं पर भरोसा रखें।

### सिंह
आज आपको धैर्य और संतुलित व्यवहार रखना होगा। आपको अपने प्रयासों और प्रगति को शांत दृष्टि से देखने का संकेत देता है। परिणाम तुरंत न दिखें तो निराश न हों, विकास भीतर ही जारी है। समय के साथ आपकी मेहनत रंग लाएगी। आज काम ज्यादा रह सकता है आंखो में परेशानी हो सकती है। आत्मविश्वास से आगे बढ़ें और अपनी प्रेरणाओं पर भरोसा रखें।

### मिथुन
आज आपका जोश और उत्साह आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। आपको साहसिक कदम उठाने या नई शुरुआत करने की दिशा दिखाती है। चाहे काम हो, रचनात्मक प्रयास हो या निजी जीवन, रोमांच हर जगह आपके साथ है।

### कन्या
आज आपके चारों ओर स्नेह और सकारात्मक ऊर्जा रहेगी। आपको खुद की देखभाल करने और अपनी इच्छाओं को पोषित करने का संदेश देती है। रिश्तों में कोमलता बढ़ेगी, रचनात्मक कार्यों में प्रवाह आएगा और दिल में शांति महसूस होगी।

### तुला
आज आप ऊर्जावान बने रहेंगे। चौकस रहें, किसी वार्तालाप या अवलोकन से महत्वपूर्ण समझ उभर सकती है। मानसिक ऊर्जा को सीखने और समझने में लगाएँ। आर्थिक रुप से दिन अच्छा रहेगा। किसी का दिल न दुखाए जो समस्याएँ आ रही हैं उनका धैर्य से सामना करे। परिवार में कार्यभार ज्यादा रहेगा।

### वृश्चिक
आज आपके कार्य में मन नहीं लगेगा। आपको दृष्टिकोण बदलने और नियंत्रण छोड़ने की सलाह देता है। जब आप पुराने विचारों को त्यागेंगे, नई समझ स्वतः सामने आएगी। कामकाज में आलस्य न बढ़ने दे। और कोई काम किसी के भरोसे न छोड़े। परिवार में कार्यभार ज्यादा रहेगा इसीलिए घबराए नहीं सभी काम आसानी पूरे होंगे पर थकान हो सकती है सावधान रहे अपने स्वास्थ्य को लेकर।

### मकर
आज मन बहुत उदास रहेगी। परिवार में बुर्जुर्गों की सेहत आपके लिए चिंतादायक हो सकती है। रिश्तों में गर्मजोशी बढ़ेगी और मन में संतोष महसूस होगा। परिवार में कार्यभार ज्यादा रहेगा इसीलिए घबराए नहीं सभी काम आसानी पूरे होंगे पर थकान हो सकती है सावधान रहे अपने स्वास्थ्य को लेकर।आज का दिन दौराहे पर खड़ा दिखेगा क्या करें क्या न करें इसी में उलझा रहेगा।

### कुंभ
आज आपके पास संसाधन, कौशल और नीयत सभी हैं। बस इन्हें एक दिशा में केंद्रित करने की देर है। आत्मविश्वास आपका सबसे बड़ा उपकरण है। परिवार में कार्यभार ज्यादा रहेगा इसीलिए घबराए नहीं सभी काम आसानी पूरे होंगे पर थकान हो सकती है सावधान रहे अपने स्वास्थ्य को लेकर।आज परिवार के किसी सदस्य को लेकर चिंतित रहेगे पर आप कुछ करेंगे नहीं इसके बाद भी आप चिंतित दिखाई देंगे।

### धनु
आज थकान हो सकती है, पर आपका संकल्प अडिग है। आप संघर्ष के अंतिम चरण में हैं। थोड़ा और धैर्य रखें, और जीत निश्चित है। आपने जो मेहनत की है उसे संभालें और पीछे मत हटें। आपकी दृढ़ता ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। आज परिवार के साथ आपका दिन बितेगा।

### मीन
आज एक नई भावनात्मक शुरुआत आपके सामने नया रिश्ता, पुरानी गलतफहमियों का अंत या भीतर की शांति–दिल खुलकर मुस्कुराएगा। इस प्रवाह को अपनाएँ और रोकें नहीं। परिवार में कार्यभार ज्यादा रहेगा इसीलिए घबराए नहीं सभी काम आसानी पूरे होंगे पर थकान हो सकती है सावधान रहे अपने स्वास्थ्य को लेकर।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# संजू सैमसन को कहा 'दुखी मत हो'

## रोहित शर्मा ने खोला वायरल बातचीत का राज




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के बीच हुई एक बातचीत का वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। अब रोहित शर्मा ने खुद बताया है कि उन्होंने सैमसन को 'दुखी मत हो' क्यों कहा था। रोहित का कहना है कि वह समझ सकते हैं कि जब किसी खिलाड़ी को लंबे समय तक मौका नहीं मिलता तो वह कैसा महसूस करता है।

### वायरल हुआ रोहित और सैमसन का वीडियो

दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान संजू सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एक अहम मुकाबले में नाबाद 97 रन की शानदार पारी खेली थी। इसके बाद रोहित शर्मा और सैमसन की बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।इस वीडियो में रोहित सैमसन को समझाते नजर आए थे कि वह निराश न हों क्योंकि टूर्नामेंट लंबा है और मौका कभी भी मिल सकता है। बाद में वही बात सच साबित हुई और सैमसन ने लगातार दो मैचों में मैच जिताने वाली पारियां खेलीं।

### 'मैं खिलाड़ी की भावना समझ सकता हूं'

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल से पहले आईसीसी से बातचीत में रोहित शर्मा ने बताया कि उन्होंने सैमसन को इसलिए समझाया क्योंकि वह खुद भी ऐसे हालात से गुजर चुके हैं।रोहित ने कहा, 'कभी-कभी मैं खिलाड़ी की भावनाओं को महसूस कर सकता हूं। मैं भी ऐसे दौर से गुजरा हूं जब किसी बड़े टूर्नामेंट में मौके नहीं मिले। ऐसे समय में फोकस बनाए रखना जरूरी होता है और निराश नहीं होना चाहिए। मुझे लगा कि संजू भी उसी स्थिति में है।'

### टीम से बाहर हो गए थे सैमसन

रोहित शर्मा ने आगे बताया कि सैमसन लगातार टीम इंडिया के लिए खेल रहे थे, लेकिन वर्ल्ड कप से ठीक पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था।रोहित ने कहा, 'मैं बस उसे यह बताना चाहता था कि टूर्नामेंट लंबा है और क्रिकेट में कभी भी कुछ भी हो सकता है। इसलिए मैंने उसे भरोसा दिलाया कि उसका मौका जरूर आएगा। और जब मौका मिला तो उसने शानदार पारी खेली।'

### रोहित की 'पेप टॉक' की कहानी

रोहित और सैमसन के बीच ऐसी बातचीत पहले भी हो चुकी है। पिछले टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल से पहले भी रोहित ने आखिरी समय में सैमसन को बताया था कि वह मैच नहीं खेल पाएंगे।बाद में सैमसन ने खुलासा किया था कि उन्होंने रोहित से कहा था कि उन्हें अफसोस है कि वह इतने महान कप्तान के साथ ज्यादा मैच नहीं खेल पाए।

## लक्ष्य सेन पहुंचे फाइनल में



**बर्मिंघम, एजेंसी।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। लक्ष्य दो बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में कनाडा के विक्टर लाई को हराते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया। 24 साल के लक्ष्य ने दाहिने पैर के अंगूठे में छालों के बावजूद एक घंटे 37 मिनट तक चले मुकाबले में विक्टर लाई को 21-16, 18-21, 21-15 से मात दी। सेन के मेंटोर प्रकाश पादुकोण 1980 और 1981 में ऑल इंग्लैंड फाइनल में पहुंचे थे, और उन्होंने पहली बार में ही खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की थी। शनिवार को सेन और लाई के बीच हुए सेमीफाइनल मैच में दोनों खिलाड़ियों के स्टैमिना का टेस्ट हुआ, क्योंकि उन्होंने कई रैलियां कीं जो 50 स्ट्रोक से ज्यादा चलीं। सेन की अतिरिक्त गेयर ढूंढने की काबिलियत ने ही भारतीय खिलाड़ी को पहला गेम जीतने में मदद की। लक्ष्य ने पहले गेम को 17-16 से अपने नाम किया। हालांकि, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाले पहले कैनेडियन खिलाड़ी लाई ने दूसरे गेम में वापसी की और मिड-गेम के ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। छालों से जूझ रहे सेन ने जबरदस्त वापसी की और स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। हालांकि, लाई ने एक बार फिर बढ़त बनाई और डिसाइडर में गेम को अपने नाम कर लिया। 24 वर्षीय लक्ष्य ने अपनी सूझबूझ के दम पर अगले गेम में 15-9 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन अंत तक लड़ने के लिए मशहूर लाई ने उन्हें कड़ी टक्कर दी और स्कोर को 17-15 तक पहुंचा दिया।

## गुकेश ने स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने कल चेक गणराज्य में आयोजित प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के मास्टर्स वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया। भारत के अरविंद चिदंबरम ने अंतिम दौर में चेक गणराज्य के डेविड नवारा को हराकर 5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे। चैलेंजर्स वर्ग में, भारत की दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की हर्बेक स्टेपन को हराकर 5 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रैंडमास्टर सूर्य शेखर गांगुली 4 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## तजिंदरपाल सिंह ने बढ़ाया मान, 20 मीटर से अधिक के थ्रो के साथ गोला फेंक में जीता स्वर्ण पदक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता।एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता। पंजाब के 31 वर्षीय एथलीट ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20.51 मीटर की दूरी के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता।पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान परिसर में दो दिवसीय प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद तूर ने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। तूर ने दो अन्य प्रयासों (20.02 मीटर और 20.07 मीटर) में भी 20 मीटर का आंकड़ा पार किया जिससे संकेत मिलता है कि उनका प्रशिक्षण सत्र अच्छा चल रहा था। उनके अन्य तीन प्रयास विफल रहे। तूर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 21.17 मीटर जून 2023 में बना था। इस सत्र में उनका मुख्य लक्ष्य जापान के आइची-नागोया एशियाई खेलों में अपने खिताब को बरकरार रखने के लिए साल के अंत तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। पटियाला में शनिवार को आयोजित हैमर थ्रो प्रतियोगिता में रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्ण पदक विजेता दमनीत सिंह पर भी सबकी निगाहें टिकी थीं। उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 70.64 मीटर था जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड 70.73 मीटर से कम रहा।

## अमीलिया ने 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा : वनडे में 7 विकेट लिए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड विमेंस की कप्तान अमीलिया कर ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल मैदान में इतिहास रच दिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में कर ने महज 34 रन देकर 7 विकेट झटके। यह न्यूजीलैंड विमेंस के लिए वनडे क्रिकेट में अब तक की बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस है।जैकी लॉर्ड का 1982 में बना रिकॉर्ड तोड़ा अमीलिया कर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 7 विकेट लेकर जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। जैकी ने 1982 के विमेंस वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ महज 10 रन देकर 6 विकेट लिए थे। तब से कोई भी कीवी गेंदबाज एक पारी में 7 विकेट नहीं ले पाई थीं।जिम्बाब्वे की पारी 102 रन पर सिमटी न्यूजीलैंड की घातक गेंदबाजी के सामने जिम्बाब्वे की टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। पूरी टीम 102 रन ही बना पाई। ओपनर केलिस एनध्लोवु ने 12 और विकेटकीपर मोडेस्टर मुपाचिक्वा ने 32 रन बनाकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। वहीं औड्रे माज्विशाया ने 13 और तेंदाई माकुशा ने 12 रन बनाकर जिम्बाब्वे को किसी तरह 100 रन के पार कराया। न्यूजीलैंड के लिए मौली पेनफोल्ड ने जिम्बाब्वे के टॉप ऑर्डर को तोड़ते हुए शुरुआती 3 विकेट लिए। इसके बाद कर ने मोर्चा संभाला और एक के बाद एक 7 विकेट लेकर जिम्बाब्वे की कमर तोड़ दी। ब्री इलिंग, रोजमेरी मेयर और नेन्सी पटेल कोई विकेट नहीं ले पाईं। दुनिया की 7वीं गेंदबाज बनीं अमीलिया अमीलिया कर दुनिया की 7वीं ही गेंदबाज बनीं, जिन्होंने एक विमेंस वनडे में 7 विकेट लिए।

# हीली की यादगार विदाई, टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 10 विकेट से जीत

*पर्थ (एजेंसी)। पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को करारी शिकस्त देते हुए 10 विकेट से जीत दर्ज की। कप्तान एलिसा हीली ने अपने विदाई मुकाबले को यादगार बनाते हुए टीम को शानदार जीत दिलाई, जबकि एनेबेल सदरलैंड ने गेंद और बल्ले दोनों से कमाल करते हुए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीता।पर्थ के ग्राउंड में खेले गए इस महिला पिंक-बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। भारत ने दूसरी पारी में संघर्ष करते हुए फॉलो-ऑन से बचने की कोशिश की, लेकिन लक्ष्य केवल 25 रन का रह गया जिसे ऑस्ट्रेलिया ने बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने मल्टी-फॉर्मेट सीरीज भी 12-4 से अपने नाम कर ली।*



### प्रतिका रावल और स्नेह राणा की संघर्षपूर्ण साझेदारी

तीसरे दिन भारत ने 105/6 के स्कोर से अपनी दूसरी पारी आगे बढ़ाई। प्रतिका रावल और स्नेह राणा ने शुरुआत में संभलकर बल्लेबाजी की। प्रतिका ने दिन की पहली बाउंड्री लगाई, 105 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, दोनों ने सातवें विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की; हालांकि एश्ले गार्डनर ने स्नेह राणा को 30 रन पर आउट कर यह साझेदारी तोड़ दी।

### निचला क्रम जल्दी सिमटा

इसके बाद भारतीय बल्लेबाजी ज्यादा देर टिक नहीं पाई। कश्वी गौतम अलाना किंग की गेंद पर स्लिप में कैच देकर शून्य पर आउट हुईं; सायली सटघरे भी ज्यादा देर नहीं टिक सकीं और 3 रन बनाकर आउट हो गईं, आखिरकार प्रतिका रावल आखिरी विकेट के रूप में आउट हुईं। उन्होंने 137 गेंदों में 63 रन की जुझारू पारी खेली जिसमें 8 चौके शामिल थे। भारत की पूरी टीम 149 रन पर सिमट गई।

### 25 रन का लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के लिए आसान

25 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के ओपनर्स ने तेजी से रन बनाए। पांचवें ओवर में जॉर्जिया वोल ने लगातार तीन चौके लगाकर मैच खत्म कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से आसान जीत दर्ज की और हीली का विदाई मैच जीत के साथ समाप्त हुआ।इस मैच की सबसे बड़ी स्टार एनेबेल सदरलैंड रहीं। पहली पारी में 4 विकेट, दूसरी पारी में 2 विकेट, बल्लेबाजी में 129 रन; उनकी 129 रन की पारी में 17 चौके शामिल थे और उन्होंने एलिस पेरी (76) के साथ चौथे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 323 रन बनाए थे। भारत की ओर से सायली सटघरे ने 4 विकेट लिए।

## डोमेस्टिक टूर्नामेंट में ब्रेट ने लिए पांच गेंदों में पांच विकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के घरेलू टूर्नामेंट प्लंकेट शील्ड में 8 मार्च को सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के ब्रेट रैंडेल नाम के तेज गेंदबाज ने इतिहस रच दिया। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न ड्रिस्ट्रिक्ट्स के बीच नेपियर के मैकलीन पार्क में खेले जा रहे मुकाबले में



रैंडेल ने पहली पारी में लगातार 5 गेंदों पर 5 विकेट झटक लिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में पहली बार किसी गेंदबाज ने लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके हैं। इससे पहले आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर ने 2021 में एक घरेलू टी-20 मैच में लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके थे। रैंडेल की गेंदबाजी से नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की टॉप ऑर्डर ढह गई। टीम 9 रन पर 5 विकेट गंवा बैठी, वह भी सिर्फ रैंडेल की पांच गेंदों में। रैंडेल ने अपनी दूसरी ओवर की आखिरी गेंद पर ओपनर हेनरी कूपर को बोल्ड किया।

# मिडिल-ईस्ट तनाव के कारण आईसीसी की दोहा मीटिंग टली

## अब अप्रैल में हो सकती है, नई तारीख अभी तय नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 25 से 27 मार्च के बीच दोहा (कतर) में होने वाली अपनी बोर्ड और कमेटी मीटिंग को फिलहाल टाल दिया है। अब यह बैठक अप्रैल में होने की संभावना है, हालांकि नई तारीख अभी तय नहीं की गई है। आईसीसी नए तारीख पर विचार कर रहा यह बैठक आईसीसी के गवर्नेंस कैलेंडर का हिस्सा थी, जिसमें बोर्ड डायरेक्टर्स, बोर्डस के चीफ एग्जीक्यूटिव, कमेटी सदस्य और सीनियर अधिकारी शामिल होने वाले थे। बैठक में ग्लोबल क्रिकेट से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होनी थी।

इससे पहले आईसीसी ने 22 फरवरी को घोषणा की थी कि बैठक दोहा में आयोजित होगी, क्योंकि कतर में क्रिकेट के विकास और वहां के खेल इकोसिस्टम के साथ द्विष्ट की साझेदारी तेजी से बढ़ रही है। फिलहाल, आईसीसी नए वेन्यू और तारीख पर विचार कर रहा है। माना जा रहा है कि हालात सामान्य होने पर अप्रैल में यह बैठक कराई जा सकती है।

आईसीसी चेयरमैन जय शाह आज अहमदाबाद में रहेंगे आज टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। इस मौके पर आईसीसी के चेयरमैन जय शाह समेत काउंसिल के कई अधिकारी शहर में मौजूद रह सकते हैं। अहमदाबाद जय शाह का होमटाउन भी है। फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगी। इस वजह से न्यूजीलैंड के चेयरमैन रोजर ट्वोस के भी आज रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद रहने की संभावना है। जंग का आज नौवां दिन अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज नौवां दिन है। इस जंग में अब तक 1483 मौत हुई है। अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं। ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है। इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।




## 10000 रुपए में बेच रहे थे भारत बनाम न्यूजीलैंड फाइनल के टिकट, दो लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**अहमदाबाद(एजेंसी)।** अहमदाबाद सिटी क्राइम ब्रांच ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 फाइनल के टिकट गैर-कानूनी तरीके से ज्यादा कीमत पर बेचे थे। मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। एक टिप पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने उस्मानपुरा गुजरात विद्यापीठ रु.ज्ञ. बस स्टैंड के पास जाल बिछाया, जहां दो लोगों को रोका गया और उनकी तलाशी ली गई। उनके पास से मैच के 8 टिकट मिले। आरोपियों ने टिकट पहले ही ऑनलाइन खरीद लिए थे और उन्हें असली कीमत से तीन गुना ज्यादा कीमत पर बेच रहे थे, फैंस से हर टिकट के लिए 10,000 रुपए ले रहे थे। सभी टिकट जब्त कर लिए गए हैं और दोनों लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस रैकेट में कोई बड़ा नेटवर्क शामिल है। यह गिरफ्तारी अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक चेतावनी देने के बाद हुई है कि ब्लैक मार्केट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बाइट्स

### रामनवमी पूजा की तैयारी को लेकर बैठक

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** ओबरा प्रखंड के ग्राम महुआ बिगहा में चैती रामनवमी पूजा की तैयारी को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई और आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी बांटी गईं। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 मार्च को 24 घंटे का अखंड कीर्तन आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। इसके बाद 28 मार्च को श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं 2 अप्रैल को पारंपरिक दुगोला कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता विनोद कुमार सिंह ने की। इस दौरान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने का संकल्प लिया तथा आयोजन की तैयारी को लेकर आपसी सहयोग से काम करने की बात कही। बैठक में संतोष कुमार, सुदामा यादव, दिनेश सिंह, कुणाल कुमार, सुडु पटेल, अनिल सिंह, अमर गुप्ता, बखोरा साव, कौशल यादव, राजकपूर पासवान, रवीश पटेल, गुड्डू पटेल, आलोक यादव, मंटू पटेल, मनोज यादव, मुखिया यादव और रामनरेश सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### पोषण सुरक्षा के लिए महिला किसानों की सशक्तीकरण जरूरी

**पटना (नि. सं.)।** आईसीएआर पटना के कार्यवाहक निदेशक डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि पोषण सुरक्षा के लिए महिला किसानों की सशक्तीकरण जरूरी है। खेती में वैज्ञानिक तकनीक अपनाने से महिला किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। रविवार को वे आईसीएआर पटना में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. उपाध्याय ने चार प्रकार के दान अन्नदान, विद्यादान, औषधिदान और अभयदान के बारे में बताया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शिवानी ने बताया कि कृषि सहित हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक धीरज कुमार सिंह ने महिला किसानों के उत्थान में संस्थान के योगदान की जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. कुमारी शुभा ने पोषण वाटिका के माध्यम से परिवार के पोषण स्तर में सुधार लाने के साथ ही खाद्य सुरक्षा की सुनिश्चित होगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रजनी कुमारी ने पशुपालन से महिलाओं की आय बढ़ेगी। महिला किसानों को ग्रीष्मकालीन सब्जियों के बीज किट, ओआरएस का पैकेट, सेनेटरी नैपकिन, साबुन, ओआरएस पैकेट आदि भी दिए गए। कार्यक्रम में डॉ. अनिर्बन मुखर्जी, पुष्पनायक, डॉ. कमल शर्मा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. सोनका घोष, डॉ. विकास सरकार और उमेश कुमार मिश्र आदि मौजूद थे। डॉ. रचना दूबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**पटना (नि. सं.)।** राष्ट्रीय आय एवं मेधा छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) परीक्षा 2026 के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। कक्षा 8 में पढ़ने वाले और इस छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अब आधिकारिक वेबसाइट https://nmmssbihar.co.in पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए विद्यार्थियों को अपना स्टूडेंट कोड और रोल नंबर अंकित करना होगा। प्रवेश पत्र 11 मार्च तक डाउनलोड कर सकते हैं।

# जिले में पैक्स चुनाव की सरगर्मी तेज, 18 मार्च को होगी मतदान

## दो पैक्स में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन, 10 और 11 मार्च को नामांकन पत्रों की होगी स्क्रूटनी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में पैक्स (प्राथमिक कृषि सहयोग साख समिति) चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। जिले के कुल 12 पैक्सों में अध्यक्ष और सदस्य पद के लिए 18 मार्च को मतदान कराया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब 10 और 11 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी, जबकि 11 मार्च को ही नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इसके बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च को सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्त होते ही संबंधित पैक्सों में मतगणना शुरू कर दी जाएगी और देर रात तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। प्रशासन की ओर से चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बार दो पैक्सों में अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। नवीनगर प्रखंड के तोल पैक्स से उमाकांत सिंह उर्फ टिंकू और मदनपुर प्रखंड के मदनपुर पैक्स से अनुज कुमार सिंह ने अकेले नामांकन दाखिल किया था, जिसके कारण उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। इनके साथ प्रबंधकारिणी समिति के कुछ सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

नवीनगर प्रखंड के कई पैक्सों में अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। महुआंव पैक्स में विवेक कुमार सिंह और अभिषेक कुमार सिंह के बीच टक्कर होने की संभावना है। नाउर पैक्स में अजय कुमार सिंह, अजय यादव और शिव शंकर सिंह ने नामांकन किया है। टंडवा पैक्स में अश्विनी कुमार सौरभ, खुशबू देवी और संजय कुमार पासवान मैदान में हैं। बसडीहा पैक्स में बृज बिहारी सिंह और दीपक तिवारी के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं खजूरी पांडू पैक्स में बसंत मेहता, उद्देश्य सिंह, अनुज कुमार सिंह उर्फ डिंपल और अमित कुमार सिंह ने नामांकन किया है, जबकि मुंगिया पैक्स में विकास सिंह, राजू कुमार मेहता, दिलीप यादव और डॉ. प्रसाद सिंह के बीच मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है।

मदनपुर प्रखंड के खिरियावां पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार यादव, रंजीत कुमार यादव, लखन यादव, रामजन्म सिंह और शांति देवी ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं एरकी कला पैक्स में शमशेर सिंह, संजय कुमार और सोनू कुमार के बीच मुकाबला होगा।

रफीगंज प्रखंड के सिहुली पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए सुनील यादव, सतेन्द्र यादव, नवरत्न शर्मा, सुधा देवी और बिंदा देवी मैदान में हैं। भेटनिया पैक्स में विनेश कुमार यादव, संतोष कुमार, सीमा देवी, दीप नारायण प्रजापत, मनमीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह और राज कुमार यादव के बीच मुकाबला होगा। गोह प्रखंड के फाग पैक्स में भी चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। यहां अध्यक्ष पद के लिए सात उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें बलिराम यादव, उनकी पत्नी व पूर्व पैक्स अध्यक्ष रीता देवी, श्रीनिवास शर्मा, मनोरंजन कुमार, रंजन वर्मा, सविता देवी और महेश कुमार यादव शामिल हैं। ओबरा प्रखंड के खुदवां पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए प्रियंका देवी, धीरज कुमार, विजेंद्र कुमार शर्मा और प्रिंस कुमार मैदान में हैं।

पैक्स चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी माहौल गरमा गया है। प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था और निर्वाचन कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

# प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने लगाई फांसी मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)


फाइल फोटो

जिले के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत माली थाना क्षेत्र के मोहर कर्मा गांव में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान मोहर कर्मा गांव निवासी आनंद कुमार की पत्नी श्वेता देवी (29) के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार विवाहिता के फंदा लगाने के बाद परिजन उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतका के मायके वाले भी अस्पताल पहुंच गए और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाने लगे। आरोप लगाए जाने के बाद ससुराल पक्ष के लोग मौके से फरार हो गए। मृतका के बड़े भाई प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि उनकी बहन श्वेता देवी की शादी वर्ष 2020 में मोहर कर्मा निवासी सूर्यवंश सिंह के पुत्र आनंद कुमार के साथ हुई थी। शादी के समय परिवार की क्षमता के अनुसार उपहार भी दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वाले उसे लगातार प्रताड़ित करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी है।

भाई का कहना है कि श्वेता के गले पर दबाव के निशान और नाक पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने पति, ससुर, सास और ननद पर मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका अपने पीछे चार साल की बेटी लक्ष्मी और डेढ़ साल की बेटी गौरी को छोड़ गई है। घटना की सूचना मिलने पर औरंगाबाद नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस संबंध में माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि पुलिस को विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली है। अभी तक मायके पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत या फर्दबयान प्राप्त नहीं हुआ है। शिकायत मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## इफ्तार पार्टी का आयोजन, बड़ी संख्या में शामिल हुए रोजेदार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर रविवार को रफीगंज में जदयू नेता जावेद अख्तर द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों, स्थानीय लोगों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। इफ्तार पार्टी के दौरान जावेद अख्तर ने कहा कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारा और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से मिलजुल कर रहने और क्षेत्र में शांति व भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर कई सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और देश-प्रदेश में अमन-चैन तथा खुशहाली की दुआ की।

# औरंगाबाद में सवर्ण एकता मंच का गठन, सतीश पाठक बने संयोजक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में सवर्ण समाज को संगठित करने और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर एकजुटता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सवर्ण एकता मंच का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सतीश पाठक को मंच का संयोजक चुना गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज को संगठित और जागरूक करने के लिए एक मंच की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी उद्देश्य से सवर्ण एकता मंच का गठन किया गया है, जो समाज के लोगों को एकजुट करने और उनके हितों से जुड़े मुद्दों पर आवाज उठाने का काम करेगा।

बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी से संबंधित कानून को लेकर समाज में चिंता है। फिलहाल यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है और समाज को उम्मीद है कि अदालत से जनहित में फैसला आएगा। इसके बावजूद समाज के लोगों को जागरूक और संगठित करना जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह के कानून की पुनरावृत्ति न हो सके। वक्ताओं ने कहा कि मंच गांव-गांव जाकर सवर्ण समाज के लोगों को जोड़ने का अभियान चलाएगा और समाज के हितों से जुड़े मुद्दों पर एकजुटता बनाएगा। साथ ही यदि किसी सवर्ण व्यक्ति के साथ अन्याय होता है या किसी को झूठे मुकदमे में फंसाया जाता है, तो मंच पीड़ित के पक्ष में खड़ा होकर न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन का विस्तार किया जाएगा और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाएगा। बैठक में भाजपा नेता प्रवीण सिंह, रामकेवल सिंह, राजकुमार सिंह, पत्रकार संजय कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिंह, नीरज शर्मा, राज पाठक, कपिल शर्मा, नगर पार्षद सुशील कुमार, ओम प्रकाश सिंह, सुनील कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, शिक्षक अविनाश कुमार, राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, रामरूप सिंह, अमित कुमार सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, राजकुमार पाठक तथा प्रमोद रंजन द्विवेदी उर्फ संतू कुमार सहित कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी परिजनों की सहमति से हुए एक



निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

जिले के गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में रविवार की दोपहर एक प्रेमी युगल ने परिवार की सहमति से शादी कर ली। करीब तीन साल से चल रहे प्रेम संबंध के बाद दोनों परिवारों की रजामंदी से यह विवाह संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार दाउदपुर गांव निवासी हरिहर साव के पुत्र जीतन कुमार और उसी गांव के तालकेश्वर साहु की पुत्री ज्योति कुमारी एक-दूसरे से प्रेम करते थे। दोनों के बीच पिछले तीन वर्षों से प्रेम संबंध था और वे शादी करना चाहते थे। शुरुआत में विवाह को लेकर दोनों परिवारों के बीच कुछ अड़चनें सामने आई थीं।

बाद में सामाजिक पहल और बातचीत के बाद दोनों परिवारों ने अपने मतभेद भुलाकर इस रिश्ते को स्वीकार कर लिया। इसके बाद रविवार को गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में पूरे रीति-रिवाज के साथ दोनों की शादी कराई गई। विवाह समारोह में दोनों पक्षों के परिजनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। शादी के बाद सभी ने नवदंपती को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक व स्वास्थ्य किट वितरित



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज प्रखंड के कासमा रोड स्थित वार्ड संख्या 16 में रविवार को अटमोस्ट पुनर्वास स्वास्थ्य एवं शिक्षा केंद्र के प्रांगण में दिव्यांग बच्चों के बीच शैक्षणिक और स्वास्थ्य किट का निःशुल्क वितरण किया गया। संस्था की ओर से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता, बहु दिव्यांगता, ऑटिज्म तथा अन्य मानसिक बीमारियों से पीड़ित बच्चों को किट उपलब्ध कराई गई। किट में बच्चों के उपयोग की शैक्षणिक सामग्री के साथ-साथ जरूरी स्वास्थ्य संबंधी वस्तुएं भी शामिल थीं, जिससे उन्हें पढ़ाई और दैनिक जीवन में सहूलियत मिल सके।

संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि बीपीएल श्रेणी के गरीब परिवारों के दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को ग्रामीण स्तर से शहरी स्तर तक विकसित करने के उद्देश्य से लाभार्थियों की सूची पहले से ही तैयार की गई थी। होली पर्व को ध्यान में रखते हुए बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया।

# एक महीने बाद भी नहीं खुला चोरी का राज, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

- ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी चोरी के बावजूद पुलिस की कार्रवाई बेहद धीमी है।
- गांव के लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है।

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



जिले के हसपुरा प्रखंड की डुमरा पंचायत स्थित जमाल बिगहा गांव में लगभग एक महीने पहले हुई करीब 15 लाख रुपये की चोरी की घटना का अब तक खुलासा नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज ग्रामीणों और पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने रविवार को प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जल्द कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि 13 फरवरी की रात गांव निवासी शिक्षक मिथलेश कुमार के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। अगले दिन 14 फरवरी को इस संबंध में हसपुरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में एक व्यक्ति को नामजद भी किया गया है, लेकिन घटना के तीन सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे गांव के लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी चोरी की घटना के बाद भी पुलिस की सुस्ती समझ से परे है। यदि पुलिस समय रहते सक्रियता दिखाती तो अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सकती थी। घटना के बाद से गांव के लोगों में असुरक्षा की भावना भी बढ़ गई है। बताया जाता है कि चोरों ने घर के सात कमरों का ताला तोड़कर तीन गोदरेज अलमारियों और करीब दस बक्सों को खंगाल डाला था। इनमें रखे सोने-चांदी के आभूषण, पीतल व स्टील के बर्तन समेत करीब 15 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली गई थी।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर पुलिस की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो सभी ग्रामीण एकजुट होकर प्रखंड मुख्यालय पहुंचेंगे और वहां धरना-प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक चोरी की घटना का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं घटना के बाद हसपुरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की थी, लेकिन अब तक मामले में कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आ पाया है। अब सभी की नजर पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को लेकर विधायक से मिले सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव

- वृद्धजन, विधवा और दिव्यांग पेंशन 1100 से बढ़ाकर 2000 रुपये करने की मांग।
- वृद्धा पेंशन के लिए गांवों में केवाईसी कैम्प लगाने का आग्रह।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय 'एलोन' ने रविवार को औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह से मुलाकात कर वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग की मांग की। इस दौरान उन्होंने विधायक को एक मांगपत्र भी सौंपा।

रामायण पांडेय एलोन ने राज्य में वृद्धजन, विधवा और दिव्यांग पेंशन की राशि 1100 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये करने की मांग उठाई। इसके साथ ही वृद्धा पेंशन के लिए केवाईसी की प्रक्रिया गांवों में शिविर लगाकर कराने तथा बुजुर्गों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए स्थानीय पुलिस थानों में सीनियर सिटीजन सेल का गठन कराने की मांग भी की। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि इन मुद्दों को विधानसभा में उठाया जाए, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। इस पर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से उठाने और हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. आर.के. राणा, पूर्व प्रमुख अंबिका पांडेय, प्रो. रविंद्र सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, स्वामी अखिलेशानंद, सूरज कुमार पांडेय, भाष्कर प्रकाश, कृष्ण राज सहित कई लोग उपस्थित थे।

# महिला दिवस पर 'शब्दवीणा सृजन त्रिविधा' का विशेषांक महादेवी वर्मा को समर्पित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद





राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'शब्दवीणा' द्वारा आयोजित साप्ताहिक साहित्यिक कार्यक्रम "शब्दवीणा सृजन त्रिविधा" का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेषांक प्रसिद्ध लेखिका और कवयित्री महादेवी वर्मा को समर्पित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं समन्वयन शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने किया, जबकि संचालन हरियाणा की कवयित्री और कार्यक्रम प्रभारी कीर्ति यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत कीर्ति यादव द्वारा प्रस्तुत स्वरचित सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद उन्होंने महादेवी वर्मा के जीवन और साहित्यिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने महादेवी वर्मा के आध्यात्मिक भावों से परिपूर्ण गीत "क्या पूजन क्या अर्चन रे" प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भावपूर्ण बना दिया। उन्होंने महादेवी वर्मा को छायावाद के चार प्रमुख स्तंभों में से एक और आधुनिक युग की 'मीरा' बताते हुए उन्हें महिलाओं, विशेषकर शिक्षिकाओं और महिला साहित्यकारों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

कार्यक्रम में आमंत्रित छात्राओं निधि कुमारी, शैली पाठक और हर्षिता मिश्रा ने अपना संक्षिप्त परिचय देते हुए महादेवी वर्मा के प्रसिद्ध रेखाचित्र-संग्रह 'मेरा परिवार' से क्रमशः 'गौरा' (गाय), 'सोना' (हिरण) और 'गिल्लू' (गिलहरी) का सस्वर पाठ किया। इन रेखाचित्रों के माध्यम से पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय करुणा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शब्दवीणा के केंद्रीय फेसबुक पेज से किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से साहित्य प्रेमियों ने जुड़कर कार्यक्रम का आनंद लिया। इस दौरान जैनेन्द्र कुमार मालवीय, पंकज मिश्रा, प्यारचंद कुमार मोहन, डॉ. विजय शंकर, निगम राज, ललित शंकर, मधु वशिष्ठ, प्रवीण गुलाटी, सोनल बादल, टुन्नू दांगी, सरिता कुमार और डॉ. रवि प्रकाश सहित कई लोगों ने अपनी टिप्पणियों के माध्यम से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रस्तुत रेखाचित्रों की मर्मस्पर्शी विषयवस्तु, जीवंत भाषा-शैली और महादेवी वर्मा की संस्कृतनिष्ठ लेखन शैली पर विस्तृत चर्चा की गई। 'गौरा' रेखाचित्र में गाय के साथ हुई क्रूर घटना के माध्यम से पशुओं के प्रति मानवीय संवेदनाओं पर विचार किया गया, वहीं 'सोना' में हिरण शावक की पीड़ा और 'गिल्लू' में गिलहरी के साथ महादेवी वर्मा के आत्मीय संबंध का भावपूर्ण चित्रण सामने आया। डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने चर्चा के दौरान महात्मा बुद्ध द्वारा घायल हंस की रक्षा करने की कथा और जॉर्ज ऑरवेल की प्रसिद्ध रचना 'एनिमल फार्म' का उल्लेख करते हुए जीव-जंतुओं पर होने वाले अत्याचार को गंभीर चिंता का विषय बताया।

# अभियंता संघ ने यूपीएससी में 16वां रैंक लाने वाली मोनिका श्रीवास्तव को किया सम्मानित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



अभियंता संघ, औरंगाबाद की ओर से रविवार को एक समारोह आयोजित कर यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में देशभर में 16वां रैंक हासिल करने वाली औरंगाबाद की बेटी मोनिका श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में संघ के जिलाध्यक्ष ई. सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि मोनिका श्रीवास्तव की यह सफलता पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि बेटियों की यह उपलब्धि समाज को नई दिशा देती है और अन्य युवतियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

संघ के सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि मोनिका की सफलता यह साबित करती है कि कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से इस उपलब्धि से प्रेरणा लेने की अपील की।

वहीं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि औरंगाबाद की बेटी की इस उपलब्धि पर पूरा जिला गौरवान्वित है और सभी लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर संघ के संयुक्त सचिव गौतम कुमार और उपाध्यक्ष कुंदन कुमार सहित अन्य सदस्यों ने भी मोनिका श्रीवास्तव को सम्मानित करते हुए उनकी सफलता पर खुशी व्यक्त की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# नशे की दवा और इंजेक्शन के साथ तीन गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** पटना में प्रतिबंधित इंजेक्शन और टैबलेट के साथ तीन तस्कर पकड़े गए हैं। अगम कुआं इलाके के बाईपास एनआरएल पैट्रोल पंप के पास बिक्री के लिए झोले में प्रतिबंधित दवा रखकर तीनों कस्टमर का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली। उस लोकेशन पर पहुंचकर पुलिस ने जब संदेह के आधार पर इन तीनों की तलाशी ली तो इनके पास से प्रतिबंधित दवा बरामद की गई। जो अमूमन नशे के लिए इस्तेमाल की जा रही है। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने बताया कि राम कृष्ण नगर के जकरियापुर में स्टोर कर के और भी बहुत सारी प्रतिबंधित दवा रखी गई है। इसके बाद इनकी निशानदेही पर छापेमारी करके गोदाम से तकरीबन 20 लाख की दवा बरामद की गई है।